3 | राजधानी
मेट्रो सेवा बाधित, कई स्टेशन रहे बंद

8 | अभिमत
ट्रंप की यात्रा पर जोश का माहौल

13 | विदेश
इटली में कोरोना वायरस से चौथी मौत

15 | स्पोर्ट्स
न्यूजीलैंड ने भारत को हराया

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 113
नई दिल्ली, मंगलवार, 25 फरवरी, 2020
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

मैं नवोदित कलाकार की तरह महसूस कर रही हूं : भाग्यश्री

विविध-16

झूमकर बोला भारत-नमस्ते ट्रंप

● अहमदाबाद पहुंचने पर अमेरिकी राष्ट्रपति का अभूतपूर्व स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सोमवार को भारत की पहली यात्रा में यहां आने पर शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अमेरिकी राष्ट्रपति एवं उनकी पत्नी की अगवानी की और नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम के लिए मोटेरा स्टेडियम के मार्ग पर बहुत बड़ी संख्या में लोग कतारबद्ध होकर उनका स्वागत कर रहे थे। मोटेरा स्टेडियम जाने वाले रास्ते पर दोनों ओर लोग खड़े थे तथा हाथों में तिरंगा और अमेरिकी ध्वज लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत कर रहे थे। यात्रा के पहले चरण में मोदी और ट्रंप के रिश्तों की गर्मजोशी साफ नजर आ रही थी। दोनों नेताओं ने कई बार एक दूसरे को गले लगाया और करीब एक लाख लोगों की उत्साही भीड़ से भरे मोटेरा स्टेडियम में एक दूसरे की तारीफों के पुल बांधे। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य में इतना भव्य पारंपरिक और रंगारंग स्वागत देखकर अमेरिकी राष्ट्रपति मंत्रमुग्ध हो गए।

ट्रंप ने कहा, पांच महीने पहले, अमेरिका ने आपके प्रधानमंत्री का एक विशाल फुटबाल स्टेडियम में स्वागत किया था और अब आपने हमारा स्वागत दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में किया। इस शानदार स्वागत के लिए आपका धन्यवाद। आपका यह भव्य आतिथ्य हम कभी नहीं भूल पाएंगे। ट्रंप का ट्विटर प्रेम इस यात्रा में भी दिखा और उन्होंने हिंदी में संदेश ट्वीट किए जिसमें से एक में उन्होंने अपनी भारत यात्रा को लेकर उत्साह जताया था जिसके जवाब में मोदी ने संस्कृत सूक्त वाक्य अतिथि देवो भव: (अतिथि भगवान होता है) ट्वीट किया। अपने भाषण में ट्रंप ने कहा, हमारे देशों के बहुत से मतभेद हैं लेकिन दोनों एक मूलभूत सत्य से परिभाषित और संचालित होते हैं और वह सत्य है- हम सभी को दिव्य रौशनी का आशीर्वाद मिला है और हर इंसान के भीतर एक पवित्र आत्मा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत करते हुए यह बात कही। अहमदाबाद में राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी साबरमती आश्रम भी गए। हवाई अड्डे और मोटेरा स्टेडियम के रास्ते पर लोक नर्तक, गायक रंगारंग प्रस्तुति दे रहे थे। कई स्थानों पर शंख एव ढोल बजाए जा रहे थे। इस दौरान ट्रंप की पुत्री इवांका और दामाद जेरेड कुश्नर भी मौजूद थे।

अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में सोमवार को गर्मजोशी से मिलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कट्टर इस्लामी आतंकवाद से लोगों की रक्षा का संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

● राष्ट्रपति ट्रंप की यह यात्रा प्रगति-समृद्धि का नया दस्तावेज बनेगी: मोदी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका कट्टरपंथी इस्लामिक आतंकवाद की धमकियों से अपने लोगों की रक्षा करने के लिए काम कर रहे हैं। ट्रंप ने इसी क्रम में एक शानदार कारोबारी समझौते की दिशा में बढ़ने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका देश भारत से प्यार करता है और हमेशा उसका वफादार दोस्त बना रहेगा। ट्रंप ने कहा, हमारी सीमाएं आतंकवादियों और आतंकवाद तथा किसी भी तरह के चरमपंथ के लिए हमेशा बंद रहेंगी। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं कि जो हमारे नागरिकों के लिए खतरा पैदा करते हैं, उन्हें प्रवेश नहीं मिले और उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह नगर में अपने करीब 30 मिनट के भाषण में ट्रंप ने कहा प्रत्येक देश को सुरक्षित और नियंत्रित सीमा का अधिकार है। अमेरिका और भारत आतंकवाद को रोकने और ऐसी विचारधारा से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

वहीं इक्कीसवीं सदी के विश्व की दिशा तय करने में भारत और अमेरिकी साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा को भारत और अमेरिका के संबंधों में नया अध्याय बताया। साथ ही कहा कि यह दोनों देशों के लोगों की प्रगति और समृद्धि का एक नया दस्तावेज बनेगी। दोनों देशों के मजबूत संबंधों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि आज जो देश भारत का सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी है, वह है अमेरिका। (शेष पेज 10)

'अद्भुत हैं मोदी दस साल में दूर हो जाएगी गरीबी'

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

अपने भाषण में ट्रंप ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि एक भारतीय अपनी कड़ी मेहनत से क्या कुछ हासिल कर सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के जीवन की उस सादगी का भी जिक्र किया जब वह चाय बेचा करते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम में मोदी के कामों का उल्लेख करते हुए कहा कि अगले 10 साल में आपके देश से अत्यधिक गरीबी दूर हो जाएगी। मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए ट्रंप ने कहा कि 32 करोड़ भारतीय अब इंटरनेट से जुड़े हैं, राजमार्गो के निर्माण की गति दोगुणी हो गई है, 7 करोड़ परिवारों रसोई गैस तक पहुंच हो गई है और 60 करोड़ लोग बुनियादी स्वच्छता सुविधा से जुड़ गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के लिए क्षमता अभूतपूर्व है। भारत के समृद्ध और आत्मनिर्भर देश के रूप में उठना दुनिया भर में सभी देशों के लिए उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत को बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है क्योंकि वह समस्याओं के समाधान एवं शांति के लिए बड़ी जिम्मेदारी लेता है। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में कहा, नमस्ते, यहां होना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। ट्रंप ने कहा कि फर्स्ट लेडी और मैं 8000 मील की यात्रा करके यहां आए हैं और यह संदेश देने आए हैं कि अमेरिका भारत को पसंद करता है, (शेष पेज 10)

जमकर चले पत्थर-गोलियां हेड कांस्टेबल समेत तीन मरे

सीएए पर दिल्ली में दंगा

● डीसीपी जख्मी, जाफराबाद, मौजपुर और भजनपुरा में घरों, दुकानों और वाहनों को लगाई आग, सरकारी और निजी स्कूल आज बंद

● उपद्रवियों ने खुलेआम पिस्तौल लहराई, शांति बहाली को सीआरपीएफ की आठ कंपनियां तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के मुद्दे पर सोमवार को लगातार दूसरे दिन उत्तर-पूर्व दिल्ली सुलगती रही। जाफराबाद और मौजपुर इलाकों में सीएए को लेकर हुई हिंसक झड़पों में दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पुलिस उपायुक्त और एसीपी सहित 50 लोग घायल हो गए। सीएए समर्थक और विरोधी गुट आमने-सामने आ गए तथा एकदूसरे पर पथराव किया। इसके बाद घरों, दुकानों और वाहनों को आग लगा दी गई। इसके अलावा चांदबाग और भजनपुरा इलाकों में भी सीएए विरोधियों और समर्थकों के बीच टकराव और हिंसा की खबरें मिली हैं। आज शाम ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नई दिल्ली पहुंचे हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी और लाठीचार्ज भी किया। उपद्रवियों ने कई जगहों पर गाड़ियों में आग लगा दी। भजनपुरा में पेट्रोल पंप भी फूंक दिया। जाफराबाद में उपद्रवियों ने खुलेआम पिस्तौल लहराई और फायरिंग की। इस बीच, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हिंसा प्रभावित उत्तर पूर्वी दिल्ली में मंगलवार को सारे सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। उन्होंने मानव संसाधन विकास मंत्री से दिल्ली के उत्तर पूर्वी जिले में कल आयोजित होने वाली बोर्ड की परीक्षा टालने का अनुरोध किया है। उधर, सीबीएसई की प्रवक्ता रमा शर्मा ने कहा कि मंगलवार को होने वाली परीक्षा के लिए उत्तर पूर्वी दिल्ली में कोई परीक्षा केंद्र नहीं है।

लगातार दो दिन हुई हिंसा के बाद सोमवार शाम को उत्तर-पूर्व दिल्ली में सीआरपीएफ की 8 कंपनियां तैनात कर दी गई हैं। डीएमआरसी ने एहतियातन 5 मेट्रो स्टेशन जाफराबाद, मौजपुर-बाबरपुर, गोकुलपुरी, जोहरी एन्क्लेव और शिव विहार मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया है। इस रूट की ट्रेनें वेलकम स्टेशन तक ही जाएंगी। हिंसा के बाद गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली के हालात का जायजा लेने के लिए आपात बैठक बुलानी पड़ी।

केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और मौके पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर कंट्रोल रूम से ही हालात पर नजर बनाए हुए हैं। दिल्ली में हुई हालिया हिंसा को लेकर गृह मंत्रालय के सूत्रों का दावा, अमेरिकी राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सुनियोजित तरीके से हिंसा की आशंका है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री किशन रेड्?डी ने कहा- ट्रम्प के दौरे के समय हिंसा होना बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है। गृह मंत्रालय लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कांग्रेस और सीएए विरोधियों पर भी निशाना साधा। (शेष पेज 10)

नई दिल्ली में सीएए विरोधियों और समर्थकों के बीच हुई भिड़ंत के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर पथराव किया तथा वाहनों को आग लगा दी। साथ में कुछ दंगाई पिस्टल से गोली चलाते नजर आए। हिंसा में मृत हेड कांस्टेबल रतनलाल का फाइल फोटो (इनसेट)

बदलेंगे रूट, कई सड़कें रहेंगी बंद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में, खासकर मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में मंगलवार को सुरक्षा कारणों के चलते रूट डायवर्जन किया गया है और कई सड़कें बंद रहेंगी। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि मंगलवार को पूर्वाह्न से लेकर शाम चार बजे तक मोती बाग, चाणक्यपुरी, इंडिया गेट, आईटीओ के इर्दगिर्द के इलाके, दिल्ली गेट तथा मध्य एवं नई दिल्ली के आसपास के इलाकों में भारी यातायात रहने की संभावना है। यातायात परिवर्तन के लिए लोगों से दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट एवं ट्विटर हैंडल देखने को कहा गया है। यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नंबर- 01125844444 पर भी संपर्क किया जा सकता है। अमेरिका के लिए निकलने से पहले ट्रंप मंगलवार रात तक दिल्ली में रहेंगे।

वाह ताज! खूबसूरती देख अभिभूत हुआ ट्रंप परिवार

पायनियर समाचार सेवा। आगरा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ऐतिहासिक ताजमहल को देखने सोमवार की शाम आगरा पहुंचे और प्रेम के प्रतीक के तौर पर बनाए गए 17वीं सदी के मुगल काल के मकबरे को देखकर आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में ताजमहल को भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति की धरोहर करार दिया। ट्रंप के साथ उनकी पत्नी, बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुशनर अहमदाबाद से यहां पहुंचे। ट्रंप परिवार के दौरे के लिए ताजमहल की सजावट की गई थी। ट्रंप और उनके परिवार के सदस्य आज शाम 4.45 बजे अहमदाबाद से आगरा पहुंचे। उन्होंने ताज परिसर में फोटो सेशन कराया। टूरिस्ट गाइड ने उन्हें ताजमहल से जुड़े किस्सों की जानकारी दी। इससे पहले आगरा पहुंचने पर खेरिया हवाईअड्डे पर उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रंप का स्वागत किया। इस दौरान लगभग सात-आठ मिनट तक ट्रंप परिवार अपने स्वागत में आए कलाकारों के नृत्य का लुत्फ उठाता रहा। ट्रंप ने अपनी पत्नी मुख्य मकबरे तक गए। लगभग डेढ़ किलोमीटर तक पैदल चलकर उन्होंने दुनिया के इस अजूबे को देखा। इस दौरान ट्रंप ने विजिटर बुक में अपनी टिप्पणी में लिखा, ताजमहल भारत की विविध संस्कृति की धरोहर।

आगरा में खेरिया हवाईअड्डे पर ट्रंप का जोरदार स्वागत किया गया। बच्चों ने दोनों देशों के झण्डे हाथों में लेकर उनका स्वागत किया। उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक देखने के बाद उनका काफिला ताजमहल की ओर रवाना हुआ। मार्ग में जगह-जगह कलाकार लोकनृत्य करते रहे। हवाईअड्डे से ताजमहल के रास्ते में 21 जगहों पर तीन हजार कलाकारों ने भारतीय कला और संस्कृति से उन्हें रूबरू कराया। ताज भ्रमण के दौरान गाइड नितिन सिंह उनके साथ रहे। (शेष पेज 10)

● मुख्यमंत्री योगी ने की अगवानी, पूरे रास्ते कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

मेलानिया के साथ पूरी दुनिया में प्रसिद्ध डायना बेंच पर बैठकर यादगार तस्वीर खिंचवाई। यह पहली बार है कि जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी के साथ तस्वीर खिंचवाई। ट्रंप की बेटी इवांका ने अपने पति जैरेड कुशनर के संग डायना बेंच के पास तस्वीर खिंचवाई। ट्रंप अपने परिवार के साथ लगभग एक घण्टे तक स्मारक में रहे।अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूर्वी गेट से ताजमहल में प्रवेश किया। फोरकोर्ट पर गोल्फ कोर्ट से उतरकर वे रॉयल गेट, गार्डन, सेण्ट्रल टैंक, चमेली फर्श,

ट्रंप दिल्ली पहुंचे, आईटीसी मौर्या कड़े सुरक्षा घेरे में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अहमदाबाद में लाखों के जनसमूह को संबोधित करने और आगरा में ताजमहल के दीदार के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार की शाम दिल्ली पहुंच गए। यह उनके भारत दौरे का मुख्य चरण है। राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि देने, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के भोज में शामिल होने के अलावा उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय महत्व के तमाम मुद्दों पर अकेले में फिर, प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत बातचीत का कार्यक्रम है।

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर अमेरिकी राष्ट्रपति की आगवानी की। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मंगलवार सुबह उनका परंपरागत रूप से स्वागत किया जाएगा।

ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया, बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुशनर तथा प्रशासन के शीर्ष अधिकारी भी यहां आए हैं। वह आज दोपहर वाशिंगटन से सीधे अहमदाबाद पहुंचे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति आईटीसी मौर्या होटल में ठहरेंगे। इसी के मद्देनजर होटल और उसके आस-पास सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजार किए गए हैं। होटल के प्रवेश और निकास द्वारों की सुरक्षा एजेंसियों कड़ी निगरानी कर रही हैं। ट्रंप के दिल्ली में होने तक होटल में कोई बुकिंग नहीं की गई है। (शेष पेज 10)

बाजार

सेंसेक्स	40,363	↓ 807	
निफ्टी	11,829	↓ 251	
सोना	44,472	↑ 953	/10g
चांदी	49,990	↑ 586	/kg

क्विक न्यूज

महाराष्ट्र के लातूर में जल संकट बेहद विकट हुआ

औरंगाबाद। पिछले वर्ष अच्छे मानसून के बावजूद महाराष्ट्र के लातूर शहर मे लोगो को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। घरो के नलो मे 15 दिन मे एक बार जल आपूर्ति की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली के बिलो का भुगतान नही हुआ है जिसके कारण नगर निकाय की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है और इस कारण से हालात और खराब हो गए है। महाराष्ट्र का यह 16वां सबसे बड़ा शहर आमतौर पर जल संकट के लिए खबरो मे रहता है और यहां के पांच लाख नागरिको को राहत पहुंचाने के लिए ट्रेन के जरिए पानी भेजना पड़ता है।

अयोध्या में जमीन लेगा सुन्नी वक्फ बोर्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा अयोध्या में दी गई पांच एकड़ जमीन को स्वीकार करते हुए उस पर मस्जिद के साथसाथ इंडोइस्लामिक सेंटर, अस्पताल और लाइब्रेरी के निर्माण का फैसला किया है। बोर्ड के अध्यक्ष जुफर फारूकी ने बोर्ड की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, बोर्ड की बैठक में राज्य सरकार द्वारा अयोध्या में दी जा रही पांच एकड़ जमीन को स्वीकार किए जाने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि बोर्ड ने यह भी फैसला किया है कि वह उस जमीन पर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट भी गठित करेगा। उस जमीन पर

● मस्जिद के साथ रिसर्च सेंटर, अस्पताल भी बनेगा

मस्जिद के निर्माण के साथसाथ एक ऐसा केन्द्र भी स्थापित करेगा जो पिछली कई सदियों की इंडोइस्लामिक सभ्यता को प्रदर्शित करेगा। फारूकी ने बताया कि इसके साथ ही भारतीय तथा इस्लामिक सभ्यता के अन्वेषण तथा अध्ययन के लिए एक केन्द्र तथा एक चैरिटेबल अस्पताल एवं पब्लिक लाइब्रेरी तथा समाज के हर वर्ग की उपयोगिता की अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाएगी। इंडोइस्लामिक केन्द्र में रिसर्च और स्टडी दोनों ही सेंटर होंगे।

फारूकी ने भाषा को बताया कि बहुत से लोगों ने मस्जिद के साथसाथ रिसर्च सेंटर, अस्पताल और लाइब्रेरी बनवाने का भी सुझाव दिया था। उन पर विचार के बाद यह निर्णय लिया गया है। इस सवाल पर कि बनने वाली मस्जिद का नाम बाबरी मस्जिद होगा या नहीं, उन्होंने कहा कि इस बारे में ट्रस्ट फैसला करेगा। इससे हमारा कोई लेनादेना नहीं है। मस्जिद कितनी बड़ी होगी, यह स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तय किया जाएगा। फारूकी ने कहा कि ट्रस्ट तथा उसके पदाधिकारियों से संबंधित सम्पूर्ण विवरण की घोषणा उसके गठन के बाद की जाएगी। ट्रस्ट बहुत जल्द गठित होगा। बैठक में बोर्ड के आठ में से छह सदस्य मौजूद थे। इमरान माबूद खां और अब्दुल रज्जाक खां बैठक में शामिल नहीं हुए। (शेष पेज 10)

देहरादून से ढाई घंटे में पहुंचेंगे दिल्ली, एक्सप्रेसवे को मंजूरी

● दोनों शहरों के बीच बनने वाले एलीवेटेड एक्सप्रेस वे से दूरी 180 किमी ही रह जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/देहरादून

दिल्ली और देहरादून की दूरी केवल ढाई घंटे में तय होगी। यह सुनकर आश्चर्य जरूर होगा लेकिन ऐसा होने जा रहा है। देहरादून से दिल्ली के बीच सहारनपुर और बागपत होते हुए एक एलिवेटिड एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा जिससे दोनों शहरों के बीच की दूरी 180 किलोमीटर रह जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष एसएस संधू ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को सोमवार को यहां एक मुलाकात के दौरान यह जानकारी दी कि देहरादून से दिल्ली के बीच इस एलिवेटेड एक्सप्रेस वे को केंद्र सरकार से सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है।

देहरादून में जारी एक सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री रावत ने एलिवेटेड एक्सप्रेस वे को सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग के बन जाने से राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह राज्य के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में एनएचएआई को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे के बन जाने से दिल्ली से देहरादून के बीच की दूरी लगभग 180 किलोमीटर रह जाएगी। संधू ने बताया कि शीघ्र ही इस नए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नए राष्ट्रीय राजमार्ग के बन जाने के बाद दिल्ली से देहरादून की दूरी मात्र ढाई घंटे में पूर्ण की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इस राजमार्ग में एलिवेटेड रोड और मोहंद के पास एक नई सुरंग प्रस्तावित है। संधू ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग का कुछ भाग उत्तर प्रदेश के वन और वन्यजीव क्षेत्र से होकर गुजरता है इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार से इस दिशा में जल्द मंजूरी देने का अनुरोध करने का भी आग्रह किया ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण का कार्य शुरू किया जा सके।

प्रतीकात्मक चित्र

सेक्टर-18 मार्केट में बनेगा टाइम्स स्क्वायर

न्यूयॉर्क की तर्ज पर सलाहकार कंपनी ने शुरू की कागजी प्रक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर के मिनी कनॉट प्लेस कहे जाने वाले सेक्टर-18 को और खूबसूरत बनाने के लिए न्यूयार्क की तर्ज पर टाइम्स स्क्वायर बनाने की तैयारी है। इसमें जगमगाती लाइटों के बीच बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर विज्ञापन व फिल्में चला करेंगी। इसके अलावा इसी सेक्टर में लोगों को आकर्षित करने के लिए ओपन एम्फीथियेटर बनाया जाएगा। यहां करीब एक हजार लोग एक साथ बैठ सकेंगे।

सेक्टर-18 शहर का सबसे खास स्थान है। यहां पर नामी कंपनियों के शोरूम, मॉल व खानपान के बड़े-बड़े होटल हैं। यहां पर रोजाना हजारों लोग खरीदारी करने तथा घूमने के लिए भी आते हैं। ऐसे में इस सेक्टर को और खूबसूरत बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने यहां बहुमंजिला वाहन पार्किंग के पास के कुछ हिस्से में न्यूयार्क की तर्ज पर टाइम्स स्क्वायर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्राधिकरण की सलाहकार कंपनी ईएंडवाई ने कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सेक्टर-18 मार्केट की फाइल फोटो

मैनहट्टन में है प्रमुख चौराहा

- न्यूयॉर्क शहर के मिडटाउन मैनहट्टन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चौराहा है
- यह सबसे प्रसिद्ध वाणिज्यिक, मनोरंजन एवं पर्यटन केंद्र भी है।
- ये स्थान एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्र के रूप में बनकर उभरा है
- इसे न्यूयॉर्क एवं संयुक्त राज्य के सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है
- प्रचार बोर्डों से दिन-रात चमकते रहने तथा निरंतर गतिविधियों का केंद्र
- अमेरिका में इसे दुनिया का चौराहा, विश्व का हृदय, सेंटर ऑफ द यूनिवर्स जैसे नामों से जाता है

अधिकारियों ने बताया कि टाइम्स स्क्वायर में टावरों पर कोई विज्ञापन, लाइव शो, लाइव मैच, फिल्म समेत कई तरह के कार्यक्रम स्क्रीन पर चलते रहते हैं। वहां से गुजरने वाले लोगों को एक अलग तरह का नजारा देखने को मिलता है। टाइम्स स्क्वायर के पास ही ओपन एम्फीथियेटर बनाया जाएगा। यहां करीब एक हजार लोग बैठ सकेंगे। इसमें साउंड सिस्टम लगा होगा। इसमें नाटक, वाद.विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक सहित कई तरह के कार्यक्रम हो सकेंगे। घंटे के हिसाब से एम्फीथियेटर की बुकिंग के लिए एक निश्चित शुल्क तय किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि दोनों योजनाओं के संबंधित अगले 15-20 दिन में रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दी जाएगी। इसमें कंपनियों से आवेदन मांगे जाएंगे।

वाहन रहित क्षेत्र बनाएंगे

पहले चरण में सेक्टर-18 के एक या दो हिस्से को वाहन रहित बनाया जाएगा। इन स्थानों का चयन जल्द कर लिया जाएगा। सेक्टर-18 के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। यहां फुटपाथ, टाइल व अन्य काम कराए जा रहे हैं। काफी हिस्से में यह काम पूरा हो चुका है।

लगाई जा रहीं फसाड लाइट

सेक्टर-18 स्थित बहुमंजिला वाहन पार्किंग में फसाड़ लाइटें लगाई जा रही हैं। इस सेक्टर में कुछ और स्थानों पर यह लाइट लगाई जा रहीं हैं। फसाड लाइट का नजारा अलग रोमांचित करने वाला होता है।

दुनिया के 100 महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में शामिल हुआ जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

नोएडा। जेवर में बन रहे नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण को वर्ष 2020 के लिए दुनिया के 100 रणनीतिक ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल किया गया है।

सीजी एलए इन्फ्र स्ट्रक्चर की सूची में इसे मान्यता दी गई है। अब सरकार अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में 25-27 मार्च को 13वें ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर लीडरशिप फोरम में प्रस्तुतिकरण देगी। जिसके लिए फोरम ने उत्तर प्रदेश सरकार को निमंत्रण भेजा है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एसपी गोयल ने ट्वीट करके खुशी जाहिर की है। एसपी गोयल की ट्वीट में लिखा है, जेवर में बन रहे नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को वर्ष 2020 के लिए दुनिया के 100 रणनीतिक ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल किया गया है। सीजी एलए इन्फ्रास्ट्रक्चर की सूची में इसे मान्यता दी गई है। अब सरकार न्यूयॉर्क में 25-27 मार्च को 13वें ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर लीडरशिप फोरम में प्रस्तुतिकरण देगी।

कुख्यात भाटी गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार

डकैती की बना रहे थे योजना, तमंचा-कारतूस व सोने की चेन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जारचा कोतवाली पुलिस ने कुख्यात सुंदर भाटी गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से अवैध हथियार, चाकू, स्कॉर्पियो व अन्य सामान बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त रविवार रात क्षेत्र में डकैती व लूट करने की योजना बना रहे थे। पुलिस गैंग के अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है।

सुंदर भाटी के नाम पर व्यापारियों व कंपनी के अधिकारियों को डरा धमकाकर वसूली करने वाले बदमाशों के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। डीसीपी ग्रेटर नोएडा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार रात गश्त पर निकली जारचा कोतवाली पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि स्कॉर्पियो कार में सवार पांच बदमाश समाना नहर की तरफ गए हैं। बदमाश डकैती व लूट की वारदात को अंजाम देने के फिराक में हैं। इस पर पुलिस टीम अलर्ट हो गई और मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान एनटीपीसी रोड पर पहुंची। पुलिस ने समाना नहर के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी देखी।

सुंदर भाटी गिरोह के बदमाश पुलिस गिरफ्त में। फोटो : दीपक यादव

पुलिस ने गाड़ी के पास जाकर देखा तो उसमें कोई नहीं था। वहां स्थित एक कमरे के अंदर से कुछ लोगों की आवाज सुनाई पड़ी। पुलिसकर्मी नजदीक पहुंचे तो बदमाशों को लूट की योजना बनाते सुना गया।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने कमरे की घेराबंदी कर पांच अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया और तलाशी ली तो उनके पास से अवैध पिस्टल, तमंचा, कारतूस, दो मोबाइल व सोने की चेन बरामद हुई। अभियुक्तों की पहचान प्रवीन उर्फ प्रवेंद्र निवासी ग्राम नवादा, गौरव निवासी ग्राम रोशनपुर, सुमित उर्फ तेजवीर, संगीत निवासी ग्राम पचायतन व धम्रेंद्र उर्फ विक्की निवासी ग्राम जुनैदपुर की मढैया ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई है।

डीसीपी ने बताया कि जांच में पता चला कि पांच अभियुक्त जेल में बंद कुख्यात सुंदर भाटी गैंग के बदमाश हैं। लूट व डकैती की घटनाओं के अंजाम देने के साथ लोगों को सुंदर भाटी के नाम पर आतंकित भी करते थे।

अवैध वसूली में फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- 42 सौ रुपए बरामद

एक मौके से हुआ फरार

थाना कौशांबी पुलिस ने दो फर्जी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है। यूपी गेट पर दो युवक फर्जी पुलिसकर्मी बनकर वाहनों को अपना निशाना बनाते थे और व्यावसायिक तथा अन्य वाहनों से अवैध वसूली किया करते थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी तरीके से यूपी गेट के पास वाहनों से अवैध वसूल करते हैं। आए दिन मिलने वाली शिकायत को देखते हुए थाना कौशांबी पुलिस ने कार्रवाई की। सीओ इंदिरापुरम अंशु जैन ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि इनका एक साथी भागने में कामयाब रहा। सीओ ने बताया कि यह एक गिरोह है जो यूपी गेट के पास ट्रक, बस और अन्य वाहनों से अवैध वसूली करता है।

पुलिस ने मौके से मोहम्मद ताहिर और प्रवीन को पकड़ा है। इनके कब्जे से पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस के फर्जी आईकार्ड बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस का स्टीकर लगी एक बाइक बरामद भी की गई है। पुलिस के मुताबिक, दोनों युवक फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर वाहन चालकों से ठगी किया करते थे। पुलिस ने इनके पास से 4200 रुपये भी बरामद किए हैं।

यूपी गेट चौकी प्रभारी को किया निलंबित

लापरवाही व भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप लगने पर एसएसपी कलानिधि नैथानी ने न केवल यूपी गेट चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया बल्कि उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी। इस संदर्भ में एसएसपी ने बताया कि किसी ने उन्हें सूचना दी थी कि यूपी गेट में फर्जी पुलिसवाला बनकर एक गैंग लोगों से आए दिन अवैध उगाही व लूटपाट कर रहा है। सूचना के मिलते ही उन्होंने इस मामले की जांच सीओ इंदिरापुरम को सौंपी। जिसके बाद उन्होंने यूपी गेट चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार फर्जी पुलिस वालों के विषय मे जानकारी देंती सीओ अंशु जैन।

दस दिन बाद भी डकैती का खुलासा नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- किराना कारोबारी के घर घटी थी वारदात

सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर डेल्टा-टू में किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात का दस दिन बाद भी खुलासा नहीं हुआ। इसको लेकर पीड़ित परिवार में पुलिस के प्रति रोष है। वहीं मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने वारदात के दौरान सेक्टर डेल्टा-टू के पास से गुजरीं 17 सफेद वैगनआर कार को चिन्हित कर लिया है। साथ ही 26 लोगों से पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

ज्ञात हो कि बीते 14 फरवरी की देर शाम बदमाशों ने शहर के सेक्टर डेल्टा-टू में रहने वाले किराना कारोबारी भूमेश कुमार अग्रवाल के परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के समय कारोबारी भूमेश अपनी दुकान पर थे। घर पर मौजूद उनका बड़ा बेटा शोभित कुत्ते को दूध डालने के लिए घर से बाहर निकला था। तभी हथियार बंद बदमाश उसे आतंकित कर घर के अंदर ले गए और परिवार के अन्य सदस्यों को भी बंधक बना लिया।

बदमाश लाखों रूपये के आभूषण व नगदी लूटकर फरार हो गए थे। बदमाशों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लग हुई हैं, लेकिन वारदात के 10 दिन बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा सकी। हालांकि पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस वारदात में प्रयोग की गई कार का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा हरीश चंदर ने बताया कि कारोबारी के घर डकैती के मामले में 17 वैगनआर कार को चिंहित कर लिया गया है। इन कारों की जांच की जा रही है। पूरी आशंका है कि इन कारों में से एक कार वारदात के दौरान बदमाशों ने प्रयोग की थी। साथ ही 26 लोगों से गहनता से पूछताछ की गई है, जो सुराग मिले हैं, उनकी पड़ताल की जा रही है। जल्द वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

नोवरा सम्मान प्राप्त करते विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग। फोटो : दीपक

सामाजिक संगठनों को मिला नोवरा सम्मान

नोएडा। शहर की समाजसेवी संस्था नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन द्वारा कई सम्मानित संस्थाओं को प्रतिष्ठित नोवरा सम्मान प्रदान किया गया। सर्वप्रथम नोएडा के ग्राम प्रधान संगठन को यह सम्मान प्रदान दिया गया। इस दौरान संस्था की अध्यक्षा एवं निठारी की पूर्व प्रधान विमलेश शर्मा, सुल्तानपुर गांव के पूर्व प्रधान नरेश उपाध्याय, गेझा से करतार प्रधान, हरौला से वेद प्रधान, मूलचंद प्रधान एवं विनोद खारी प्रधान उपस्थित रहे। इसके बाद काफी देर शहर में नगर निगम की लड़ाई और उसकी आवश्यकता पर आम सहमति बनी जिसमें मौजूद सभी लोगों ने इसकी आवश्यकता पर जोर दिया।

प्लास्टिक मुक्त अभियान में संकल्प लेते युवा।

प्लास्टिक मुक्त अभियान से किया जागरूक

नोएडा। नव ऊर्जा युवा संस्था एवं एचसीएल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नोएडा के सबसे चर्चित सेक्टर-18 एवं सेक्टर 27 को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए प्लॉगिंग ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तकरीबन 100 किलो प्लास्टिक इकठा किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉ अतुल चौधरी ने अभियान की शुरुआत की। सभी युवाओं ने मार्किट दुकानदारों व यात्रियों से पॉलिथीन प्रयोग ना करने की अपील की। हाथों में पॉलिथीन विरोधी नारे लगाते हुए सभी अट्टा चौक पहुंचे और रास्ते में मौजूद सभी ठेली और पटरी वालों को प्लास्टिक के सामान से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में बताया।

सड़क हादसे में युवक की मौत

नोएडा। थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के हाजीपुर कट के पास सोमवार की सुबह हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को यहां बताया कि थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के हाजीपुर कट के पास सुबह एक अज्ञात चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बुलंदशहर जनपद के रहने वाले गौरव कुमार (25 वर्ष) को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गौरव कुमार को गंभीर हालत में नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है।

आधा किलो चरस के साथ बदमाश गिरफ्तार

हापुड़। थाना पिलखुवा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को आधा किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि गांव आलमपुर दहपा, पिलखुवा निवासी शाहआलम पुत्र जानू उर्फ जान मोहम्मद को गस्त के दौरान आधा किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि पकड़ा गया बदमाश थाना पिलखुवा में टॉप 10 की सूची में है। यह गोकशी, चरस, गांजा बेचने का काम करता है पुलिस को कई दिनों से इसकी तलाश थी।

अफसरों की सद्बुद्धी के लिए किसानों का हवन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- प्राधिकरण नीतियों के खिलाफ दे रहे हैं धरना

मांगों व प्राधिकरण नीतियों से त्रस्त किसानों का प्रदर्शन प्राधिकरण दफ्तार पर जारी है। सोमवार को किसानों ने प्राधिकरण अधिकारियों की सद्बुद्धी के लिए धरना स्थल पर हवन किया। इसके बाद प्राधिकरण विरोधी नारेबाजी की।

बता दें हाल ही में प्राधिकरण व किसानों के प्रतिनिधि मंडल के बीच वार्ता हुई थी लेकिन, वार्ता विफल रही जिसके बाद से लगातार धरना जारी है। सोमवार को धरना स्थल पर 81 गांवों के प्रतिनिधि मंडल तिरंगा हाथ में लेकर धरना स्थल पहुंचे। किसान महापंचायत की अध्यक्षता श्याम सिंह भाटी व माइक का संचालन राजेंद्र ने किया। सूरज बढ़ने के साथ धरना स्थल पर किसानों की संख्या भी बढ़ती चली गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने धरनारत पर सभी 81 गांवों को साक्षी मानकर घोषणा की कि प्राधिकरण के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू होगा किसी भी प्राधिकरण अधिकारी को हम गांव में घुसने नहीं देंगे। सोमवार को धरना स्थल पर विभिन्न किसान संगठनों व पार्टियों के पदाधिकारी मौजूद रहे सभी ने हाथ उठाकर के एकमत में धरना को समर्थन दिया।

इस मौके पर दयाराम चौहान, सतीश चौहान, शरदा राम कसाना, गर्मी गुर्जर चमन प्रधान, बाबूराम फौजी, रानी महाशय सोनी मास्टर, सुनील चौधरी, फूल सिंह प्रधान समेत समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पर हवन करते धरनारत किसान।

पुलिस ने स्कॉर्पियो मालिक को लौटाए दो लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बिसरख कोतवाली पुलिस को गश्त के दौरान चिपियाना गांव के पास एक स्कार्पियो कार खड़ी मिली जिसको पुलिस ने संदिग्ध मानकर जांच की जिसमें कार का गेट खुला मिला। कार में 2 लाख रुपये रखे थे।

सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी मुनीष चौहान भी मौके पर पहुंच गए। कार मालिक से संपर्क करने पर पता चला कि कार खड़ी करके वह पास में ही अपने परिचित के घर चले गए थे। रिमोट से कार लॉक नहीं हो सकी। कार में रखी रकम उनकी ही थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद रकम कार मालिक को लौटा दी।

जानकारी के अनुसार, बिसरख कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सुनसान स्थान पर स्कार्पियो कार खड़ी देखकर पुलिस को संदेह हुआ। कार के डेस बोर्ड पर 2 लाख रुपये रखे थे। कोतवाली प्रभारी मुनीष चौहान ने नंबर के आधार पर मालिक का पता लगाया।

पार्क के अंदर खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

बाउंड्री तोड़कर पार्क के अंदर घुसी तेज रफ्तार लग्जरी कार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- कार छोड़कर फरार हुए चारो युवक

साहिबाबाद थाना क्षेत्र में देर रात लोग उस समय अचानक हड़बड़ा कर घरों से बाहर निकल आए जब उन्होंने एक तेज धमाका सुना। बाहर निकलकर लोगों ने देखा तो तेज रफ्तार लग्जरी गाड़ी एक पार्क की बाउंड्री को तोड़ती हुई अंदर घुस गई। गाड़ी की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा की से ज्यादा बताई जा रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चार लड़के गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी लोगों का कहना है कि गाड़ी में चार लड़के मौजूद थे, जो तुरंत बाहर निकल कर मौके से फरार हो गए थे। बताया जा रहा है कि चारों नशे की हालत में थे।

मासूम से दरिंदगी करने वाले को उम्र कैद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- शव को छिपा दिया था मस्जिद की छत पर

पौने सात साल की मासूम बच्ची के साथ हैवानियत की सभी हदें पार कर और उसकी हत्या करने के बाद शव को मस्जिद की छत पर छिपाने के दिल दहलाने वाले मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र श्रीवास्तव की अदालत ने एक युवक को ताउम्र जेल में रहने व 50 हजार रूपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

खासबात यह है कि अदालत ने इस मामले में केवल डेढ़ साल में ही अपना फैसला सुना दिया। इस फैसले के बाद परिजनों ने कहा कि दरिंदे को फांसी की सजा होती तो हमें ज्यादा संतोष मिलता। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करीब डेढ़ साल पहले मुरादनगर थाना क्षेत्र में एक पौने सात साल की मासूम बच्ची लापता हो गई थी। जिसको लेकर पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी और परिजनों ने लड़की तलाश करने की मांग को लेकर हंगामा किया था। घटना के दो दिन बाद वहां की एक मस्जिद की छत पर मासूम बच्ची की लाश बरामद हुई थी। आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म भी किया था।

पुलिस ने इस मामले में मोहल्ला कोर्ट निवासी वहाब बेग के पुत्र मुजीब को गिरफ्तार किया था और आईपीसी की धारा 302, 201,376डी ,377 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट महेंद्र श्रीवास्तव की अदालत में विचाराधीन थी। अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद 20 फरवरी को मुजीब को दोषी करार दिया था तथा सजा के लिए 24 फरवरी की तारीख निश्चित की थी।

सोमवार को अदालत में दोनों पक्षों के बीच दोषी की सजा पर बहस हुई। जिसमें बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपी को कम से कम सजा देने का अनुरोध किया जबकि अभियोजन पक्ष ने कड़ी से कड़ी सजा सुनाने की अपील की। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष की मैराथन दलील सुनने के बाद दोषी मुजीब को उम्र कैद व 50 हजार रूपये की सजा सुनाई।

सिलेंडर ब्लास्ट से उड़ गईं तीन फ्लैटों की दीवारें, 3 लोग जखमी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद इलाके की डीएलएफ कॉलोनी में सोमवार को एक फ्लैट में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को दी। दमकल विभाग और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में दो बच्चों समेत तीन लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार थाना साहिबाबाद इलाके की डीएलएफ कॉलोनी में एक अपार्टमेंट बना हुआ है जिसमें 12 फ्लैट बने हुए हैं। सोमवार दोपहर इनमें से एक फ्लैट में आग लग गई। शुरुआत में आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन, देखते-देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखे सिलेंडर में भी आग लग गई, जिससे सिलेंडर में जोरदार ब्लास्ट हो गया।

इसके बाद 3 फ्लैटों की दीवारें उड़ गईं। इसका मलबा दूर-दूर तक जाकर गिरा। हादसे में मुकेश की पत्नी मोनी और उसके दो बच्चे घायल हो गए हैं। जब तक दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक घर में रखा लाखों का कीमती सामान जलकर राख हो गया था। अभी आग लगने का कारण साफ नहीं हो पाया है।

बदमाशों ने सेल्समैन लूटी बाइक व नकदी

नोएडा। थाना सेक्टर 20 में पीएनबी बैंक के पास बीती रात मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल और पांच हजार रुपए नकद लूट लिए।

दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी फिदा हुसैन स्विगी कंपनी में सेल्समैन का काम करते हैं। बीती रात करीब 2 बजे वह मोटरसाइकिल से सेक्टर एक स्थित पीएनबी बैंक के पास से गुजर रहे थे। तभी मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने ओवरटेक करके उनकी मोटरसाइकिल रुकवा ली, उनके साथ मारपीट की, तथा उनकी मोटरसाइकिल व पांच हजार रुपए लूट लिए। डीसीपी जोन प्रथम संकल्प शर्मा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट थाना सेक्टर 20 में दर्ज की गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 25 फरवरी 2020

सीएए विरोध : सुलगी दिल्ली-दंगाई बेखौफ, डरे लोग

केजरीवाल ने गृहमंत्री शाह से हस्तक्षेप को कहा, एलजी बैजल ने की शांति की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीएए के विरोधी और समर्थकों के आमने-सामने आ जाने से रविवार को शुरू हुई हिंसा सोमवार को और फैल गई। दोपहर होते-होते सीलमपुर, मौजपुर, गोकुलपुरी, ब्रजपुरी, मुस्तफाबाद, भजनपुरा समेत लगभग पूरे यमुना पार इलाके में दंगाई बेखौफ होकर सड़कों पर पत्थरबाजी और गोलीबारी करते हुए सड़कों पर जम गए। देर रात तक उपद्रवी सड़कों पर आमने-सामने थे और पुलिस स्थिति को काबू करने का प्रयास कर रही थी। हिंसा के चलते तिमारपुर-वजीराबाद रोड पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया।

इलाके में हिंसा के चलते ब्रजपुरी से गोकलपुरी, सीलमपुर चांदबाग और मुस्तफाबाद तक पुलिस ही पुलिस तैनात कर दी गई है। दहशत और बदहवाशी का माहौल कायम है। इंटरनेट बंद है। दूरदराज से लोग अपनों की खैर-खबर के लिए फोन कर रहे हैं।

राजनीतिक हस्तियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहा कि दिल्ली के कई इलाकों से शांति व्यवस्था और सद्भाव बिगड़ना बेहद

दंगे के दौरान गाड़ियों और फल मंडी में आग लगाते उपद्रवी।

दुखद है। वह माननीय उपराज्यपाल और माननीय केंद्रीय गृहमंत्री से अपील करते हैं कि वे कानून व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए तुरंत कदम उठाएं। उपराज्यपाल अनिल बैजल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बाबरपुर के विधायक व मंत्री गोपाल राय ने भी लोगों को कानून व्यवस्था बनाए रखने की गुजारिश की है। वहीं विपक्षी दल कांग्रेस ने हिंसक झड़प मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी को लेकर सोमवार को सवाल उठाया और उनके इस्तीफे की मांग की।

पार्टी ने शहर में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने में विफल रहने के लिए दिल्ली पुलिस को जिम्मेदार ठहराया और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की निंदा की। पार्टी ने कहा कि दिल्ली के लोग राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की कीमत चुका रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा कि दिल्ली पुलिस कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में पूरी तरह से विफल रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे है जबकि गृह मंत्री चुप हैं।

बेहोश हुई हेडकॉस्टेबल की पत्नी

हेडकांस्टेबल के परिवार को ढांढस देने बुराड़ी स्थित घर पहुंचे विधायक संजीव झा।

नई दिल्ली। सीएए को लेकर फैली हिंसा में दिल्ली पुलिस के हेडकांस्टेबल रतनलाल की मौत हो गई। उनकी पत्नी पूनम को मौत की खबर टीवी पर हेडलाइंस देखकर मिली। इसे देखते ही वह बेहोश हो गईं। रतन लान मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए जानबूझकर हिंसा भड़काने की आशंका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के कुछ हिस्सों में हिंसा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जारी यात्रा के मद्देनजर कराई गई प्रतीत होती है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि सूत्रों ने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी कि कौन लोग हिंसा करा रहे हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक पुलिस नियंत्रण कक्ष में हैं और राष्ट्रीय राजधानी में हिंसा के मद्देनजर स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के कुछ हिस्सों में हिंसा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जारी यात्रा के मद्देनजर कराई गई प्रतीत होती है ताकि जो इसमें शामिल हैं, वे व्यापक प्रचार हासिल कर सकें। दिल्ली पुलिस के अधिकारी गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में व्याप्त स्थिति के बारे में जानकारी दे रहे है।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं और जल्द से जल्द स्थिति को सामान्य करने के लिए सभी एहतियाती कदम उठा रहे है।

सीएए को लेकर भड़की हिंसा में पथराव करते दंगाई।

कानून का डर नहीं, खुलेआम फायरिंग करता युवक।

मेट्रो सेवा बाधित, कई स्टेशन भी रहे बंद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीएए हिंसा के चलते सड़क और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा के खिलाफ छात्रों द्वारा प्रदर्शन का आह्वान किए जाने के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो ने सोमवार को चार स्टेशनों को एक घंटे तक बंद रखने के बाद खोल दिया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने ट्वीट कर बताया कि उद्योग भवन, पटेल चौक, केंद्रीय सचिवालय और जनपथ में प्रवेश और निकास द्वार खोल दिए गए हैं। सामान्य सेवा बहाल हो गई है। इससे पहले, डीएमआरसी ने ट्वीट किया था कि एलो और वायलेट लाइनों पर चार स्टेशन बंद हैं।

जामिया समन्वय समिति ने छात्रों से नए पुलिस मुख्यालय के बाहर

● सबसे ज्यादा प्रभावित हुई पिंक लाइन मेट्रो

एकत्र होने को कहा था जिसके बाद दिल्ली मेट्रो ने यह ट्वीट किया। इससे पहले, उत्तर-पूर्वी दिल्ली में संशोधित नागरिकता कानून के विरोधियों और समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़पों के मद्देनजर पिंक लाइन मेट्रो पर पांच स्टेशन बंद कर दिए गए थे।

डीएमआरसी ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि जाफराबाद, मौजपुर-बाबरपुर, गोकुलपुरी, जौहरी एनक्लेव और शिव विहार मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद कर दिए गए हैं। ट्रेनें वेलकम मेट्रो स्टेशन तक ही जाएंगी। जाफराबाद और मौजपुर-बाबरपुर स्टेशन 24 घंटे से अधिक समय से बंद हैं।

शाहीनबाग प्रदर्शन: वार्ताकारों ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

नई दिल्ली। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ शाहीन बाग में जारी प्रदर्शन के मामले में अदालत द्वारा नियुक्त वार्ताकारों ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपी।

वार्ताकार वकील साधना रामचंद्रन ने वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े के साथ न्यायमूर्ति एसके पॉल और न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की पीठ को रिपोर्ट सौंपी। पीठ ने कहा कि वह वार्ताकारों की रिपोर्ट का अध्ययन करेगी और मामले पर आगे की सुनवाई 26 फरवरी को करेगी। पीठ ने कहा कि वार्ताकारों द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट इस स्तर पर केंद्र और पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों और याचिकाकर्ताओं से साझा नहीं की जाएगी।

उपद्रवियों की भीड़ में फंसे बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के मौजपुर-जाफराबाद इलाके में सोमवार को हुई हिंसा में बोर्ड की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी फंस गए। सोमवार को 10वीं की उर्दू की और 12वीं की फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा थी। मौजपुर और जाफराबाद के इलाके में संशोधित नागरिकता कानून का विरोध करने वालों और समर्थन करने वालों के बीच हिंसा हुई है। हिंसा सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई और देर शाम तक जारी रही। मौजपुर जाफराबाद रोड पर कई स्कूल हैं, जो परीक्षा केंद्र हैं।

दसवीं और 12 वीं की परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे शुरू हुई और दोपहर 1.30 तक चली। स्थिति तनावपूर्ण होने की वजह से छात्रों को परीक्षा देने जाने में भी काफी दिक्कत आई। दरअसल, जाफराबाद में सीएए के खिलाफ धरना दे रही महिलाओं के सड़क के बीचों बीच बैठने से जाम लगा था। वहीं मौजपुर चौक पर सीएए के समर्थन में लोगों ने सड़क को बंद कर दिया है। इस वजह से लोगों को अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र तक छोड़ने में काफी दिक्कत हुई थी।

वहीं, दोपहर डेढ़ बजे जब परीक्षा खत्म हुई तब स्थिति तनावपूर्ण थी और छात्रों को समूहों में अपने घर जाना पड़ा। यमुना विहार के स्कूल में 12वीं के छात्र विकास का परीक्षा केंद्र न्यू जाफराबाद का एक स्कूल पड़ा है।

कन्हैया केस पर विचार से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के खिलाफ राजद्रोह जैसे मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए याचिका पर सोमवार को विचार करने से इंकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने कहा कि इस तरह का आदेश किसी मामले विशेष में दिया जा सकता है और सामान्य प्रक्रिया में ऐसा निर्देश नहीं दिया जा सकता। पीठ ने भाजपा के पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग की ओर से पेश अधिवक्ता शशांक देव सुधी से कहा कि कानून का पालन किसी मामले विशेष में होना चाहिए।

शीर्ष अदालत राजद्रोह के मामले में आरोपी पर मुकदमा चलाने की अनुमति के लिए दिशा- निर्देश बनाने से इंकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ गर्ग की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

विधानसभा सत्र: केजरीवाल, सिसोदिया ने ली शपथ- बने सदन के सदस्य

संजय राय। नई दिल्ली

विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र सोमवार को शुरू हुआ जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 69 नवनिर्वाचित विधायकों ने सदस्यों के तौर पर शपथ ली। आठ फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में जीत के बाद आम आदमी पार्टी ने तीसरी बार दिल्ली में सरकार बनाई है और चुनाव के बाद यह पहला सत्र है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, इमरान हुसैन, राजेंद्र पाल गौतम व कैलाश गहलोत ने ली शपथ। इसके बाद अन्य विधायकों का शपथ दिलाई गई। ग्रेटर कैलाश से आप के विधायक सौरभ भारद्वाज और आप विधायक नरेश बाल्यान ने बजरंग बली हनुमान के नाम पर शपथ ली और कई विधायकों ने मेज थपथपाते हुए जय हनुमान का नारा लगाया। परंपरागत परिधान पहनकर आए बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने मैथिली भाषा में शपथ ली। अस्थाई विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किए गए मटिया महल के विधायक शोएब इकबाल ने शपथ ग्रहण की कार्यवाही का संचालन किया।

विधानसभा में पद व गोपनीयता की शपथ लेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

सरकार पेश करेगी अगले पांच साल का खाका

आज 25 फरवरी को दोपहर 2 बजे उप राज्यपाल अनिल बैजल विधानसभा को संबोधित करेंगे। उपराज्यपाल अपने भाषण में राष्ट्रीय राजधानी के विकास एवं सरकार की योजनाओं के बारे में अपने विचार रखेंगे। इसमें सरकार के अगले पांच साल की योजनाओं का खाका होगा। वहीं धन्यवाद प्रस्ताव में विधायक अपने-अपने विचार रखेंगे।

इससे पहले आप विधायक शोएब इकबाल को सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे उपराज्यपाल अनिल बैजल ने राज निवास पर प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इकबाल मटिया महल विधानसभा क्षेत्र से छठीं बार विधायक चुने गए हैं। बाद में विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए बदरपुर से भाजपा विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी शपथ ग्रहण करने के बाद इकबाल से गले मिले। बिधूड़ी और इकबाल सबसे पहले दिल्ली विधानसभा में 1993 में चुनकर आए थे। जिसके बाद दिल्ली की सातवीं विधानसभा के पहले तीन दिवसीय विशेष सत्र की कार्रवाई सोमवार सुबह 11 बजे शुरू हुई। प्रोटेम स्पीकर शोएब इकबाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी नव निर्वाचित विधायकों को विधानसभा के सेंट्रल हाल में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। 61 सदस्यों ने हिंदी में, 3 ने ऊर्दू, 2 ने मैथिली और एक-एक सदस्यों ने अंग्रेजी और पंजाबी भाषा में शपथ लिए। पहली बार विधायक चुने गए राघव चड्ढा, आतिशी मार्लेना और दिलीप पांडे ने भी विधानसभा सदस्य के तौर पर शपथ ग्रहण की।

फिर स्पीकर बने रामनिवास

आम आदमी पार्टी के विधायक रामनिवास गोयल को सर्वसम्मति से सोमवार को लगातार दूसरी बार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अध्यक्ष पद के लिए गोयल के नाम का प्रस्ताव किया। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि यह अच्छी चीज है कि सत्तारूढ़ और विपक्षी सदस्यों दोनों ने सर्वसम्मति से गोयल को अध्यक्ष पद के लिए चुना है। गोयल शाहदरा से विधायक हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोयल को निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि उनके लिए यह हर्ष का विषय है कि रामनिवास गोयल को निर्विरोध विस अध्यक्ष चुना गया। इससे स्पष्ट है कि पक्ष और विपक्ष दोनों का ही उन पर पूरा भरोसा है।

गत पांच साल में देखा कि रामनिवास सदन के भीष्म पितामह की तरह रहे। विपक्ष को भी उन्होंने शिकायत का कोई मौका नहीं दिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भरोसा जताया कि रामनिवास की अध्यक्षता में आने वाला पांच साल भी अच्छा होगा। सदन दिल्ली का मंदिर है, जो लोगों ने भरोसा जताया है। उसे पूरा करेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी गोयल को अध्यक्ष चुने जाने पर सभी विधायकों की तरफ से उन्हें बधाई दी।

विधूड़ी होंगे नेता प्रतिपक्ष

बदरपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी को सोमवार को सर्वसम्मति से सातवीं दिल्ली विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष नेता चुना गया। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी नीलकांत बक्शी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी की मौजूदगी में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं केन्द्रीय पर्यवेक्षक सरोज पांडे ने दिल्ली भाजपा कार्यालय में बिधूड़ी के नाम की घोषणा की। रोहिणी के विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने बिधूड़ी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। गुप्ता पिछली विधानसभा में विपक्ष के नेता थे।

शपथ ग्रहण की खास बातें

ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज ने बजरंगबली के नाम पर शपथ ली। इस पर सत्तापक्ष ने मेज थपथपा कर बधाई दी। वहीं सत्ता पक्ष से साथ विपक्ष ने भी जय बजरंगबली का जयकारा लगाया। सत्येंद्र जैन ने भगवान महावीर के नाम पर शपथ ली। अन्य सभी सदस्यों ने ईश्वर की शपथ ली। किराड़ी से विधायक ऋतुराज गोविंद झा ने मैथिली भाषा में शपथ ली। रिठाला से विधायक महेंद्र गोयल ने ईश्वर, अल्लाह, गॉड, वाहे गुरु व महाराजा अग्रसेन के नाम पर शपथ ली। तिलक नगर के विधायक जरनैल सिंह ने पंजाबी और सीमापुरी के आप विधायक राजेंद्र पाल गौतम ने बुद्ध भगवान के नाम की शपथ ली।

आज राजघाट जाएंगे ट्रंप, आसपास तगड़ी सुरक्षा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा से पहले सोमवार को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर आने वाले विदेशी और स्थानीय आगंतुकों के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रंप मंगलवार को राजघाट जा कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। सोमवार को राजघाट के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। स्वान दस्ते के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अन्य जवान भी तैनात रहे।

आयरलैंड से राजधानी दिल्ली घूमने आए करीब 18 पर्यटकों को सोमवार को राजघाट में प्रवेश नहीं दिया गया। इस पर उन्होंने गहरी निराशा जाहिर की। इसी तरह स्थानीय पर्यटक मनीष ने कहा कि वह अपनी बहन को परीक्षा सेंटर पर छोड़कर राजघाट घूमने आया था। उन्होंने बताया कि गूगल पर देखने से पता चला कि राजघाट शाम छह बजे तक खुला है, लेकिन यहां आकर पता चला कि प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के अमेठी से आए मोहम्मद तौफीक भी अपनी बेटी अलीजा और भतीजे अदनान के साथ राजघाट पहुंचे लेकिन उन्हें भी अन्य पर्यटकों की तरह प्रवेश बंद होने की जानकारी नहीं थी।

हैप्पीनेस क्लास देखेंगी-बच्चों से रूबरू होंगी मेलानिया

मंगलवार की दोपहर पहुंचेंगी दक्षिणी दिल्ली के स्कूल, कड़ी सुरक्षा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प दिल्ली के एक स्कूल में मंगलवार को छात्रों से बातचीत करेंगी और खुशहाली पाठ्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों को देखेंगी। स्कूल जाने वाले सभी मार्गों पर किलाबंदी कर दी गई है और सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशों के अनुसार पेड़ों की कटाई-छंटाई की गई है।

सूत्रों के अनुसार मेलानिया दोपहर में दक्षिण दिल्ली के स्कूल में पहुंचेंगी और वहां करीब एक घंटा बिताएंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान उनके स्कूल का दौरा करने, विभिन्न कक्षाओं में जाने, छात्रों के साथ बातचीत करने और खुशहाली पाठ्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों को देखने का कार्यक्रम है।

नगर निकाय अधिकारियों ने बताया कि मेलानिया के स्कूल आने के मद्देनजर सड़कों की मरम्मत की गई है, फुटपाथ पर फिर से रंग रोगन किया गया है और स्कूल परिसर में पौधे लगाए गए हैं। मेलानिया ट्रम्प अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ देश की दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को भारत पहुंचीं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरवील और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले मेलानिया का स्कूल में स्वागत करने और उन्हें खुशहाली कक्षाओं के बारे में जानकारी देने वाले थे लेकिन अमेरिकी दूतावास ने शहर के प्रशासन को शनिवार को बताया था कि केजरीवाल और सिसोदिया के नाम आमंत्रित लोगों की सूची में नहीं है।

आयोजन से दोनों नेताओं के नाम हटाए जाने पर क्षोभ प्रकट करते हुए आम आदमी पार्टी के दो नेताओं ने कहा था कि यह एक प्रोटोकॉल और परंपरा है कि यदि आयोजन में कोई भी विदेशी विशिष्ट अतिथि आता है तो राज्यों के नेता उपस्थित रहते हैं। अमेरिकी दूतावास ने रविवार को स्पष्ट किया कि उसे दिल्ली के सरकारी स्कूल में अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प की यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मौजूदगी को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।

डिप्टी सीएम ने रविवार को कहा था कि उन्हें और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के सरकारी स्कूल में अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प का स्वागत करके खुशी होती लेकिन उन्होंने इस संबंध में अमेरिकी दूतावास की चिंताओं का सम्मान किया।

संक्षिप्त समाचार

अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में केरल के उपराज्यपाल आरिफ मोहम्मद दीप प्रजवलित करते हुए।

अंबेडकर सेंटर में दो दिनी सम्मेलन

नई दिल्ली। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में दो दिवसीय सम्मेलन खत्म हो गया। मानवाधिकार : राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मुद्दे और चुनौतियां विषय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। यह सम्मेलन शैक्षिक फाउंडेशन और डॉक्टर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर द्वारा देशबंधु कॉलेज, और चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी, हरियाणा के सहयोग से सामूहिक रूप से आयोजित किया गया था। मापन सत्र के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान थे। इस मौके पर खान ने अगर सभी अपना धर्म निभाते जाएं तो किसी को अधिकार की जरूरत कभी महसूस नहीं होगी।

वेस्ट टू वंडर पार्क उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार।

वेस्ट टू वंडर पार्क उत्सव खत्म

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के वेस्ट टू वंडर पार्क उत्सव रविवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस उत्सव में म्युजिकल बैंड, हास्य, कटपुतली कलाकारों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम पेश किये गए। जिसका करीब 36 हजार लोगों ने लुफ्त उठाया। एसडीएमसी के अनुसार इस समारोह का मुख्य आकर्षण लेजर लाइट एंड साउड शो तथा म्युजिकल बैंड काफिया द्वारा प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने कहा कि यह उत्सव बेहद सफल और सराहनीय रहा। वेस्ट टू वंडर पार्क की पहली वर्षगांठ पर आयोजित इस कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने आकर इसे और अधिक सफल बना दिया। लोगों का उत्साह देखकर एसडीएमसी अपने अन्य प्रसिद्ध पार्क जैसे नंदन वन, जामुन वाला पार्क, वुडलैंड ऐम्युजमैंटपार्क में भी ऐसे भव्य उत्सव का आयोजन करेगी।

एबीवीपी प्रदेश इकाई की कमान अभिषेक को

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 55 वें प्रदेश अधिवेशन के अंतिम दिन एबीवीपी ने अपनी नई प्रदेश टीम का ऐलान किया। इस टीम में प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक टंडन, उपाध्यक्ष डॉ पंकज सिंह, डॉ तपन कुमार बिहारी, डॉ रवि रंजन चौधरी, प्रेम देवली, डॉ जान्हवी, प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव, प्रदेश सह मंत्री क्रमश: अनिमा सोनकर, हिमनिश राणा, अनुराग गौतम, विशाल शर्मा, शुभ्रा अभिषेक मौर्या, मीडिया प्रमुख आशुतोष सिंह, सहप्रमुख विवेक व भारत के नाम शामिल हैं। अभाविप की प्रदेश छात्रा प्रमुख के रूप में वेलेंटीना ब्रह्मा तथा सह छात्रा प्रमुख के रूप में पूर्व डूसू सह सचिव ज्योति चौधरी तथा प्रिया शर्मा के नामों की घोषणा हुई है । इसके अतिरिक्त संगठन ने आठ विभागों के लिए छात्रा प्रमुखों के रूप में क्रमश: श्वेता सिंह, श्रेया, तान्या भाटिया, अनामिका पटेल एकरीना, नेहा पाठक, आराधना सिंह के नामों की घोषणा की है।

गुरुग्राम मैराथन को अब तक 30 हजार पंजीकरण

आठ मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगी पिंक मैराथन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम मैराथन के लिए अब तक रजिस्ट्रेशन 30 हजार से अधिक हो चुका है। इस दौड़ का प्रचार प्रसार करने के लिए हर रोज प्रमोशनल रन आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें महिलाएं जोश के साथ भाग ले रही हैं।

गुरुग्राम मैराथन के आयोजन की तैयारियों को देख रहे मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी तथा खेल विभाग के प्रधान सचिव ओपी सिंह ने बताया कि इस दौड़ को लेकर महिलाओं में जोश नजर आ रहा है। महिलाएं बढ़-चढ़कर दौड़ के लिए रजिस्ट्रेशन भी कर रही हैं। ओपी सिंह के अनुसार गुरुग्राम मैराथन में चार श्रेणियों में दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42.2 किलोमीटर की दौड़ शामिल है। इसमें सबसे लंबी दूरी 42.2 किलोमीटर के लिए लगभग 1300 रजिस्ट्रेशन आए हैं। इसी प्रकार, 21 किलोमीटर के लिए तीन हजार से अधिक, 10 किलोमीटर दूरी के लिए सात हजार से अधिक और पांच किलोमीटर दूरी के लिए लगभग 15 हजार रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने किए हैं जिनकी संख्या 18 हजार से अधिक है। इसी प्रकार, 35 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने तीन हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन किए हैं और 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों ने भी दौड़ में रूचि दिखाई है।

श्री सिंह ने बताया कि 13 से 18 वर्ष की लड़कियों ने लगभग 3 हजार रजिस्ट्रेशन किए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में भाग लेने के लिए 50 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी आतुर हैं और इनमें से भी साढ़े तीन सौ से अधिक महिलाओं ने अपना पंजीकरण किया है।

गुरुग्राम में महिला दिवस पर होने वाली पिंक मैराथन को लेकर प्री-मैराथन में भाग लेती महिलाएं।

प्री-मैराथन में हजारों छात्राएं दौड़ीं

सोहना। प्री-मैराथन दौड़ में हजारों की संख्या में दर्जनभर स्कूलों से आई छात्राओं ने भाग लिया। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होने वाली गुरुग्राम में मैराथन दौड़ के लिए क्षेत्रवासियों को उत्साहित किया। सोमवार को प्री-मैराथन दौड़ सुबह नौ बजे शहर के निजी बाल भारती विद्या मंदिर स्कूल से शुरू की गई। जो देवीलाल खेल स्टेडियम तक गई। वहां से वापस निजी स्कूल में पहुंची। मैराथन दौड़ को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सोहना सदर थाना पुलिस ने भी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्री-मैराथन दौड़ कराई गई। जो बल्लभगढ़ मार्ग पर स्थित नूनेरा टोल टैक्स से लेकर करीब चार किलोमीटर तक गांव हरचंदपुर तक कराई गई। सोहना सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतेन्द्र कुमार ने बताया कि मैराथन दौड़ का ग्रामीणों को संदेश दिया।

सार्वजनिक स्थानों पर पंजीकरण करा सकती हैं महिलाएं

गुरुग्राम। गुरुग्राम में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय गुरुग्राम मैराथन-2020 को लेकर सोमवार को पुलिस उपायुक्त दीपक सहारन ने ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मैराथन के आयोजन को लेकर किए गए इंतजामों की समीक्षा की और महिलाओं को मैराथन के लिए रजिस्टर करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए क्योस्क खोलने की हिदायत दी। इस दौरान नगराधीश मनीषा शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय के पास अंत्योदय भवन में एक क्योस्क खोला गया है। जहां पर ऐसी महिलाएं जो स्वयं ऑनलाइन रजिस्टर करने में अपने आप को असमर्थ समझती हैं। वे दौड़ के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। श्री सहारन ने कहा कि भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर इस प्रकार के क्योस्क और भी खोलें जाएं। पुलिस उपायुक्त ने मैराथन से जुड़े प्रबंधो के लिए गठित आर्गेनाइजिंग कमेटी के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने यह भी कहा कि जिला खेल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों के सहयोग से हर रोज प्रमोशनल रन आयोजित किए जा रहे हैं ताकि सभी को गुरुग्राम मैराथन के बारे में पता चल सके और ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इसमें भाग लेने के लिए स्वयं को रजिस्टर कर सकें। श्री सहारन ने कहा कि मैराथन 8 मार्च को साइबर हब से शुरू होगी और जिला के आईकोनिक क्षेत्रों से होते हुए गुजरेगी। इस मैराथन से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने के लिए थानावार प्रोमोशनल रन आयोजित करवाई जा रही है। इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से भी महिलाओं को जोड़ा जा रहा है और इसका व्यापक स्तर पर प्रचार किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

राजकीय महाविद्यालय में मैथेमटिक्स फर्स्ट प्रतियोगता

गुरुग्राम। राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के गणित विभाग द्वारा मैथेमटिक्स फर्स्ट का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सत्यमन्यु यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यार्थी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से मस्तिष्क का विकास सुनिश्चित होता है। विद्यार्थियों में रचनात्मकता के भाव को पुष्ट करने के उद्देश्य से हुए इस फेस्ट में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन कंपटीशन तथा ट्रेजर हंट जैसे कार्यक्रम शामिल रहे। इस कार्यक्रम में गणित स्नातकोत्तर की 17 टीमें प्रतिभागी बनी। विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। उनके द्वारा की गई मेहनत का साक्षात्कार सहज रूप से किया जा सकता था। इस अवसर पर गणित भाग से रीना, रोहित शर्मा, विजय वीर, निशा यादव एवं सोमी देवी उपस्थित रहे।

दो युवकों के खिलाफ छात्रा को परेशान का मामला दर्ज

सोहना। सोहना सदर थाना क्षेत्र में एक तरफा प्यार में पागल युवक ने 15 वर्षीय छात्रा का एक माह से स्कूल आना-जाना मुश्किल किया हुआ है। पीड़िता की शिकायत पर सोहना महिला चौकी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने सोहना महिला पुलिस को बताया कि गांव भोगपुर निवासी सचिन उसकी बेटी को स्कूल आते-जाते समय परेशान करता है। महिला ने बताया कि आरोपी के भाई कपिल व उसकी मां ने उसे जान से मारने की धमकी दी मामले की जांच कर रही एसआई सीमा ने बताया कि पीड़िता छात्रा की मां की शिकायत पर आरोपी व उसके भाई सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अधिकारियों के साथ बैठक

नूंह। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक 26 फरवरी को विभिन्न विभागों की योजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस करेंगे। इस दौरान वे एक-एक करके सभी विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त पंकज ने दी। उन्होंने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंस में सीएम विंडो, सोशल मीडिया ग्रीवेंस, हरियाणा विजन जीरो, पोक्सो व पीसीपीएनडीटी, नशीली दवाओं की रोकथाम, स्वच्छ सर्वेक्षण, महिला सुरक्षा, अंत्योदय सरल, उच्च शिक्षा मॉडल, सक्षम हरियाणा, रोजगार आदि विषयों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी।

अनुदान पर मिल रहे हैं कृषि यंत्र, इच्छुक किसान करें आवेदन

गुरुग्राम। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा स्माम (एसएमएएम) योजना के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान लेने के इच्छुक किसान निकटतम कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। सहायक कृषि अधिकारी राजीव पाल ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रो जैसे रिपर बाइंडर, 2 लेजर लैंड लैवलर, एक फर्टिलाइजर ब्राडकास्टर पीटीओ ऑपरेटिड, 2 मोबाइल श्रेडर व 10 रोटावेटर किसानों को 40 से 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतक तय सीमा पर दिये जाने है। किसान अपना आवेदन डब्ल्यूडब्लयूडब्ल्यू डॉट एग्रीहरियाणासीआरएम डॉट कॉम पर 29 फरवरी तक कर सकते हैं। किसान ये कृषि यंत्र उन्ही निर्माताओं से खरीद सकते हैं जिनके पास इन कृषि यंत्रों की टैस्ट रिपोर्ट है और पोर्टल पर पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि जिस किसान ने जो कृषि यंत्र लेना है उस कृषि यंत्र पर पिछले 4 वर्षों में उनके कोई अनुदान का लाभ नही लिया होना चाहिए, तभी वह इसका पात्र होगा।

खंडेवला के सरकारी स्कूल में रोपे 400 पौधे

फर्रुखनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंडेवला प्रांगण में सोमवार को दक्ष फाउंडेशन की ओर से पौधा लगाओ अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के 400 से अधिक पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी प्रेमचंद राठी ने की। इस मौके पर दक्ष फाउंडेशन के चेयरमैन शिवताज प्रजापति व उपाध्यक्ष रामसिंह कसानिया, जयभगवान खंडेवला आदि ने का कि उनके फांउडेशन का मुख्य उदेश्य क्षेत्र को पर्यावरण की दिष्ट से सुरक्षित बनाना और लोगों को जागरुक करना है। गत वर्ष में वह करीब दो हजार से अधिक पौधे लगा चुके है। इस मौके पर सत्यप्रकाश, मास्टर हरिराम, रतन लाल, कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

बेटी के जन्म पर खैरड़ी गांव में कुआं पूजन कर समाज को दिया संदेश

गांव खैरड़ी में बेटी के जन्म पर कुआं पूजन को जाती घर की महिलाएं।

गांव खैरड़ी में कुआं पूजन के बाद देर रात तक मां भगवती का जागरण

पायनियर समाचार सेवा। कलानौर (रोहतक)

बेटा अंश है तो बेटी वंश है, बेटा आन है तो बेटी शान है। इसी भाव से और समाज को इसका अर्थ समझाने के उद्देश्य से गांव खैरड़ी में बेटी पैदा होने पर कुआं पूजन किया गया। इसी दौरान रात्रि में मां भगवती का जागरण करके परिवार, रिश्तेदार और समाज को यही संदेश दिया कि बेटियों को जन्म देकर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के मौके दें।

रोहतक जिला के खंड कलानौर के गांव खैरड़ी निवासी प्रदीप अलारिया पुत्र श्री बनी सिंह अलारिया एवं श्रीमती बिमला देवी के घर 22 दिसंबर 2019 को बेटी ने जन्म लिया। प्रदीप अलारिया के मुताबिक उनके परिवार में बेटियों को हमेशा बेटों से बढ़कर सम्मान मिला है। यह सम्मान कभी कम नहीं होगा। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस परम्परा का वे निर्वहन करते रहेंगे। आपको बता दें कि सामाजिक क्षेत्र में गांव ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में श्री बनी सिंह का बड़ा नाम है। यूं कहें कि किसी भी सामाजिक कार्य, निर्णय उनकी मौजूदगी के बिना शायद ही कभी पूर्ण होता हो। उनके चार बेटियां रेखा, सोनिका, मोनिका, किरण और प्रदीप व मंजीत दो बेटे हैं। बड़े बेटे प्रदीप अलारिया को दूसरी संतान के रूप में बेटी के जन्म के साथ ही परिवार ने आयोजन की तैयारी शुरू कर दी थी। घर में नवजात तृषा के माध्यम से समाज को बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच का संदेश देने को यह कुआं पूजन किया है। श्री अलारिया कहते हैं कि बेटियां कभी किसी पर बोझ नहीं बनी। हम इन्हें गृह लक्ष्मी के रूप में मान-सम्मान दें तो ये साक्षात लक्ष्मी बनकर हमारे घर को संवारती हैं। बेटी चाहे मायके में हो या ससुराल में, दोनों जगह को यह स्वर्ग बनाती हैं। मां भगवती के जागरण में भी सामाजिक संदेश प्रदीप अलारिया की बेटी तृषा के जन्म की खुशियों में गांव में मां भगवती का जागरण भी कराया गया। जागरण में भजन गायकों द्वारा बेटियों को सम्मान देने, सैनिकों को सम्मान देने का संदेश दिया।

29 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन किसान

नूंह। कृषि एवं कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा चालू वित्त वर्ष 2019-20 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन स्कीम के तहत सामान्य, लघु, सीमांत, महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति श्रेणी के किसानों को विभिन्न कृषि यंत्रों पर छूट उपलब्ध कराई जा रही है। सामान्य श्रेणी के लिए 40 प्रतिशत वह बाकी सभी ऊपर दी गई श्रेणियों के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। यह जानकारी कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. चांदराम ने दी। उन्होंने बताया कि किसान विभाग की वेबसाइट व पोर्टल पर 29 फरवरी 2020 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। एक किसान, लाभार्थी अधिकतम तीन विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए आवेदन कर सकता है। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम द्वारा निकाला जाएगा।

विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की वैज्ञानिक सोच

पायनियर समाचार सेवा। फर्रुखनगर

खंड के गांव पातली हाजीपुर स्थित रघुनाथ बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में एक दिवसीय स्कूल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

स्कूल के कक्षा पहली से 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर करीब 150 मॉडल प्रस्तुत करके अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ सहोदय स्कूल डेवेलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. विजय सिंह चौहान ने रीबन काट कर किया। इस मौके पर डॉ. विजय सिंह चौहान, डॉ. श्याम सिंह चौहान, रघुनाथ बाल विद्या मंदिर स्कूल की चेयरमैन असरफी शर्मा, सचिव प्रविण कुमार आदि वक्ताओं ने कहा कि विज्ञान का अर्थ विशेष ज्ञान है। इस ज्ञान को धारण करने वाले देश में नित नये अविष्कार करके उन्नति के पथ पर अग्रसर करने में सहायक बनते है। जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। स्कूल के नन्हे वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक सोच का नमूना पेश करके सभी को हैरत में डाल दिया है। सभी बधाई के पात्र हैं।

प्रधानाचार्य मालती शर्मा, उप प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा, अधिवक्ता रामानंद, देविंद्र, प्रमुख समाजसेवी वेद प्रकाश शर्मा ठेकेदार, धर्मबीर शास्त्री, सुरेश शर्मा, रामपाल यादव, राकेश, सुखबीर सुल्तानपुर, धीरज, धर्मेंद्र, विकास, सविता, बाला देवी, रणबीर सिंह, राज कुमार, रिंकू, पीटीआई जगदीश चंद्र, सुधा आदि मौजूद थे।

गुरुग्राम गांव पातली के रघुनाथ स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल्स की जानकारी देते छात्र-छात्राएं।

बसंत महोत्सव में लोक संस्कृति के उड़े रंग

गढ़ी-हरसरू गांव में आयोजित किया गया बसंत महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गढ़ी-हरसरू में आयोजित बसंत महोत्सव कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं बच्चियां।

संस्कृति के सारथी और हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गढ़ी -हरसरू गांव स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बसंत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कलाकारों द्वारा हरियाणवी लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं देश के दिग्गज कवियों द्वारा वीर और हास्य रस के कविताओं से लोग मंत्रमुग्ध हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ भारत सरकार के रक्षा विशेषज्ञ कर्नल संतपाल सिंह राघव, वरिष्ठ समाज सेवी जयजय राम सिंह, हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष संजय भसीन, कला परिषद के क्षेत्रीय निदेशक महेश जोशी, अतर सिंह संधू, शरद सोलंकी, आरपी सिंह चौहान, कृष्ण मनचंदा और संस्कृति के सारथी के अध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने किया।

इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं हरियाणवी लोक नृत्य के माध्यम के विद्यालय प्रांगण में मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं देश के प्रख्यात कवियों ने वीर रस की कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ करके देर रात तक लोगों का मनोरंजन किया। चूड़ियों के शहर फिरोजाबाद से आए वीर रस के मशहूर कवि यशपाल यश ने अपनी कविताओं से लोगों में देशभक्ति का भाव भरा।

मुजफ्फरनगर से आई प्रीति अग्रवाल ने अपनी कविताओं से नारी सशक्तिकरण का उदाहरण दिया। दिल्ली से कलाम भारती समरसता की अलख जगाई तो सरिता वाजपेयी ने बसंत से जुड़े हुए कई कविताएं सुनाई। सुंदर कटारिया कटारिया ने हास्य कविताओं से मनोरंजन किया। दीपक वशिष्ठ ने अपनी कविताओं के संचालन से प्रांगण में मौजूद दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

इस मौके पर संजय भसीन ने कहा कि बसंत के मौके पर होने वाले समरसता के कार्यक्रम समाज में संस्कार और जागरुकता पैदा करते हैं। कर्नल संतपाल सिंह राघव ने कहा कि वास्तव में आज संस्कार और संस्कृति बचाने की जरूरत है, जिसको संस्कृति के सारथी संस्था ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में चेतना जगाने का कार्य कर रही है।

AXIS BANK

खुदरा आस्ति केन्द्र, दिल्ली : लोअर ग्राउण्ड फ्लोर तथा अपर ग्राउण्ड फ्लोर, हिमालय हाउस, के.जी. मार्ग, दिल्ली–110001, अन्य पता : ऐक्सिस बैंक लि., ऐक्सिस हाउस, टावर टी–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301, खुदरा आस्ति केन्द्र, गाजियाबाद : बीएफ–1ए, 2, 3, प्रथम तल, आदित्य सिटी सेंटर, नीति खंड–1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201012, खुदरा आस्ति केन्द्र, फरीदाबाद : ऐक्सिस बैंक लि., एससीओ–8, हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर–16, फरीदाबाद, हरियाणा–121002, खुदरा आस्ति केन्द्र, गुरुग्राम : ऐक्सिस बैंक लि., एससी गुरुग्राम , एससी–107, डीएलएफ गैलेरिया कॉम्प्लेक्स, निकट डाक घर, डीएलएफ सिटी फेज–4, गुरुग्राम–122009, कार्पोरेट कार्यालय : ऐक्सिस हाउस, ब्लॉक–बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली मुंबई–400025, पंजीकृत कार्यालय : "त्रिशूल", तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद–380006

सरफासी ऐक्ट 2002 के तहत कब्जा सूचना

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने, ऐक्सिस बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) से सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वाराकर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) तथा जन साधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार ऐक्सिस बैंक की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।
कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम	सम्पत्ति का वर्णन अचल आस्ति	1. मांग सूचना की तिथि 2. कब्जा की तिथि 3. मांग सूचना मे बकाया राशि (रू.)
1. मैसर्स एलीगैंट सर्वेयर्स, के सी शर्मा के स्वामित्वाधीन फर्म, कार्यालय पता : बीएफएच–33, द्वितीय तल, शालीमार बाग, दिल्ली–110088 अन्य पता : 1276–77–78, 12वां तल, अग्रवाल मिलेनियम टावर–।।, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली–110034 के सी शर्मा ऐंड कम्पनी बीएफएच–33, द्वितीय तल, शालीमार बाग, दिल्ली–110088 श्री कैलाश चंद्र शर्मा पुत्र श्री छबील दास शर्मा, निवासी – धाव धानी (141), भिवानी, हरियाणा–127030 श्रीमती ममता शर्मा, पत्नी श्री कैलाश चंद्र शर्मा, बीएफएच–33, द्वितीय तल, शालीमार बाग, दिल्ली–110088 श्री अंकित शर्मा, पुत्र श्री कैलाश चंद्र शर्मा, निवासी – 367, जगत कालोनी, भिवानी, हरियाणा–127021 श्री अमन शर्मा, पत्नी श्री कैलाश चंद्र शर्मा, बीएफएच–33, द्वितीय तल, शालीमार बाग, दिल्ली–110088	1. कैलाश चंद्र शर्मा द्वारा स्वाधिकृत कॉमर्शियल यूनिट नंबर 1276–77–78, 12वां तल, छत/टेरेस का अधिकार नहीं, कवर्ड एरिया 1204.00 वर्ग फीट अथवा 111.84 वर्ग मीटर, अग्रवाल मिलेनियम टावर–।। नामक बिल्डिंग, प्लॉट नंबर ई–4, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, पीतमपुरा, दिल्ली–110034 का साम्यिक बंधक। उत्तरः सेल डीड के अनुसार पूरबः सेल डीड के अनुसार दक्षिणः सेल डीड के अनुसार पश्चिमः सेल डीड के अनुसार	1. 05 दिसम्बर, 2019 2. 19 फरवरी, 2020 3. रू. 1,24,98,500/– एवं रू. 3,09,52,926/– + ब्याज, आकस्मिक व्यय और लागत

एतद्द्वारा उपरि–वर्णित कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, बंधक सम्पत्ति की बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।
तिथि: 25–02–2020
स्थानः दिल्ली
हस्ता/–, प्राधिकृत अधिकारी,
ऐक्सिस बैंक लि.

आईआईटी जोधपुर में हुआ डॉ. अशोक नौटियाल की पुस्तक का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हृदय सिंधु से उठी हिलोरे पुस्तक का विमोचन आईआईटी जोधपुर के इग्नस फेस्ट में सम्पन्न हुआ। पुस्तक के लेखक डॉ. अशोक नौटियाल की यह पुस्तक गजल, कविता संग्रह है। जिसमें उन्हीने मानवीय भावनाओं का बखूबी उल्लेख किया है। मानवीय संवेदनाओं से लबालब यह पुस्तक जमीन स्तर पर ऐसे कई आयामों को प्रदर्शित करती है जो कहीं न कहीं चिंतन, प्रयोग आदि से भरपूर है। इस पुस्तक का प्रकाशन पीआर पब्लिशर्स के द्वारा किया गया है जिसके फाउंडर प्रतीक शर्मा है।

इस पुस्तक को लेकर लेखक काफी उत्साहित है और जिस प्रकार अशोक ने अपनी पुस्तक के माध्यम से स्वप्न और वास्विकता का सजीव चित्रण किया है वह वाकई काबिलेतारीफ है।



नूंह जिले में भी वाहनों पर वीआईपी पद लिखने पर पाबंदी का फरमान

नूंह। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायाल के आदेशानुसार अब नूंह जिले में भी उपायुक्त ने सरकारी या निजी वाहनों पर पद या कार्यालय का नाम लिखने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। उपायुक्त ने कहा है कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार अब जिले में वाहनों पर आर्मी, प्रेस, पुलिस, चेयरमैन, वाइस चेयरमैन व अन्य वीआईपी पद लिखने पर पूरी तरह से पाबंदी है। ऐसा करने पर वाहन का चालान किया जाएगा।

कोर्ट के आदेश को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह पैगाम जनहित में जारी कर लोगों को जागरूक कर बताया कि ऐसा करने वाले वाहन चालकों के वाहनों का चालान किया जाएगा। अब केवल जिला मजिस्ट्रेट, एड़िशनल जिला मजिस्ट्रेट, डाक्टर एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड़ की ही गाड़ियों पर स्टीकर लग सकेगा। नूंह के उपायुक्त ने भी वाहनों पर वीआईपी पद का नाम लिखवाने पर पाबंदी लगा दी है।

बिजली निगम का चार विभागों पर 1.12 करोड़ बकाया

नरेश कुमार। सोहना

बिजली निगम ने सरकारी विभागों पर बकाया एक करोड़ 12 लाख रुपये के बिल की वूसली की कवायद शुरू कर दी है। निगम की तरफ से बकाया विभागों को पत्र लिखकर बकाया बिल की राशि जमा करने का आग्रह किया है।

बिजली निगम ने वितवर्ष 2019-20 के आखिरी माह में सरकारी विभागों से अपनी बकाया बिल की राशि को जमा कराने की कवायद शुरू कर दी है। वैसे तो बिजली निगम का खंड स्तर पर स्थापित 38 सराकरी विभागों से लेन देन होता है, लेकिन यह पहली बार हुआ है। जब बिजली निगम का बकाया बिल मात्र चार विभागों पर ही शेष है। वरना हर बार एक दर्जन से भी अधिक विभागों पर बिजली का बकाया होता था। चार सरकारी विभागों में से सबसे ज्यादा जनस्वास्थ्य विभाग पर एक करोड़ से ऊपर था, लेकिन हाल ही में जनस्वास्थ्य विभाग के सोहना सबडिविजन ने 40 लाख रुपये के बिल की अदायगी कर दी थी। अब जनस्वास्थ्य विभाग के नूंह, तावडू व पलवल सबडिविजन पर करीब 90 लाख रुपये की राशि बकाया है।

क्या कहते हैं एसडीओ

बिजली निगम के एसडीओ सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग, नागरिक अस्पताल, नगर परिषद व राजकीय स्कूलों को छोड़ अन्य किसी सरकारी विभागों पर उनका बिजली बिल बकाया नहीं है। उन्होंने बताया कि चारों विभागों के अधिकारियों को पत्र लिखकर बकाये बिल की अदायगी करने को कहा गया है। इसके अलावा उनकी कर्मचारी चारों विभागों के खंड कार्यालय में जाकर पत्र देकर आए हैं।

हमला कर संदीप काला को छुड़ाने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गुरूग्राम रोड पर जेल वैन पर हमला कर कुख्यात बदमाश संदीप उर्फ काला जठेड़ी को छुड़ाने वाले मुख्य आरोपी विकास उर्फ मीता उर्फ पहलवान को एसटीएफ रोहतक टीम के प्रभारी संदीप धनखड़ ने अपनी टीम के साथ मिलकर बीती शाम सोनीपत के बहालगढ़ रोड से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कुख्यात बदमाश विकास की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। पुलिस ने आरोपी विकास की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी कर रखी थी। एसटीएफ टीम संदीप का सुराग लगाने के लिए विकास से गहनता के साथ पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक एक फरवरी को गुरूग्राम की भौंड़सी जेल में बंद गैंगस्टर सोनीपत निवासी संदीप उर्फ काला जठेड़ी और होडल निवासी धनसिंह को गुरूग्राम पुलिस की एक टीम किसी मामले में फरीदाबाद की अदालत में पेश करने के लिए आई थी। आरोपियों की पेशी करवाने के बाद पुलिस टीम जेल वैन में लेकर उन्हें वापस गुरूग्राम ले जा रही थी। तभी गुरूग्राम रोड पर स्थित हनुमान मंदिर के पास तीन गाड़ियों पर सवार होकर आए एक दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने जेल वैन के टायर पर गोली मारकर उसे रोक लिया। वैन के रूकते ही बदमाशों ने चारों तरफ से घेर गोलियां बरसानी शुरू कर दी थी। इस दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने गुरूग्राम पुलिस के एक एएसआई को भी गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद बदमाश संदीप उर्फ काला और धनसिंह को छुड़ा कर भाग निकलने में कामयाब हो गए थे। रास्ते में आरोपियों ने पाली गांव निवासी अजित को गोली मारने के बाद उसकी स्कॉर्पियों लूट ली थी।

पुलिस से हुई मुठभेड़

सूचना मिलते ही पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर दी थी। उसी दौरान धौज गांव के पास पुलिस ने बदमाशों की एक गाड़ी को रोक लिया था। पकड़े जाने के डर से बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए खेतों की तरफ भाग रहे थे। पुलिस ने जबावी कार्रवाई करते हुए होडल निवासी धनसिंह और दो अन्य बदमाशों को दबोच लिया था। मुठभेड़ के दौरान धनसिंह समेत तीनों बदमाशों को गोलियां भी लगी थीं।

दुश्मन की हत्या को छुड़ाया था

एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश विकास उर्फ मीता की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने काफी राहत की सांस ली है। पुलिस को उम्मीद है कि विकास से पूछताछ के बाद संदीप उर्फ काला के ठिकानों का सुराग भी आसानी से लग सकता है। पूछताछ में विकास ने एसटीएफ को बताया कि वह अपने सबसे बड़े दुश्मन गोहाना निवासी रामनिवास उर्फ कल्लू की हत्या करवाना चाहता था। इसलिए उसने पुलिस टीम पर हमला कर संदीप उर्फ काला को छुड़वाया था। इससे पहले उसने 20 नवंबर 2016 को रोहतक में पुलिस हिरासत में हत्या के इरादे से रामनिवास को गोली मारी थी। लेकिन वह बच गया था। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि आरोपी विकास उर्फ मीता के खिलाफ हरियाणा और दिल्ली में हत्या, हत्या का प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों के मामले दर्ज है। पुलिस सरगर्मी के साथ विकास की तलाश कर रही थी।

आज से नौवीं और 11वीं की परीक्षाएं शुरू

फरीदाबाद। शिक्षा विभाग ने नौवीं और 11वीं की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होंगी। नौवीं कक्षा की परीक्षाएं 25 फरवरी से 11 मार्च और कक्षा 11वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से 19 फरवरी तक आयोजित होगी। विभाग की तरफ से पूरा प्रयास किया जा रहा है कि परीक्षा को नकल मुक्त कराया जाए। इस बारे में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि अहलावत ने बताया कि 25 से 29 फरवरी तक परीक्षा सुबह 10 से एक बजे तक आयोजित होगी। लेकिन 1 मार्च 19 मार्च तक बोर्ड की परीक्षाओं के कारण इसके समय में बदलाव करें परीक्षा सुबह साढ़े आठ से दोपहर साढ़े 11 बजे तक होगी।

शुरू हो गईं 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं

फरीदाबाद। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। सोमवार को 12वीं का फिजिकल एजुकेशन का पेपर था। सीबीएसई की ओर से नकल मुक्त परीक्षा करवाने के लिए सभी प्रयास किए है।

जिले की नोडल अधिकारी नीलिमा जैन ने बताया कि जिले में कुल 35 स्कूलों में एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। जहां 10वीं के 16184 और 12वीं के 12845 छात्र परीक्षा दे रहे है। सभी एग्जाम सेंटरों पर सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक परीक्षा हो रही है। छात्रों को एग्जाम सेंटर पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, घड़ी, कैलकुलेटर समेत किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर जाने की अनुमित नहीं है। सेंटर पर छात्रों की ड्रेस भी जांच की जा रही है।

बदमाश ने हत्या के इरादे से दो युवकों को घेरकर गोली मारी

ग्रेटर फरीदाबाद के वर्ल्ड स्ट्रीट मार्केट में बीती रात दो गाड़ियों में सवार होकर आए थे बदमाशा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद के वर्ल्ड स्ट्रीट मार्केट में बीती रात दो गाड़ियों पर सवार होकर आए करीब दर्जनभर बदमाशों ने तीन युवकों पर हमला कर दिया। हमले के दौरान एक युवक तो मौके से भागने में कामयाब हो गया। लेकिन बदमाशों ने अन्य दोनों को दबोच कर जमकर पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के बाद बदमाशों ने दोनों युवकों को गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। पैरों में गोली लगने से दोनों बुरी तरह घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना खेड़ीपुल में दर्ज मामले के मुताबिक तिगांव निवासी राहुल ने अपनी शिकायत में कहा है कि बीती रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त तिगांव निवासी भूरा और भैंसरावली निवासी अनिल उर्फ अन्नी के साथ वर्ल्ड स्ट्रीट मार्केट में कार पर सवार होकर घूम रहा था। तभी दो गाड़ियों पर सवार होकर आए बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों से बचने के लिए उन्होंने अपनी कार तेजी के साथ दौड़ा दी। लेकिन बदमाशों ने पीछा कर थोड़ी ही दूरी पर उनकी कार को रोक लिया। उस दौरान वह तो मौके से भागने में कामयाब हो गया। लेकिन बदमाशों ने अनिल और भूरा को दबोच लिया। बदमाशों ने दोनों की लोहे के सरियों और डंडों से जमकर पिटाई शुरू कर दी। दोनों को लहूलुहान करने के बाद बदमाशों ने हत्या के इरादे से उन पर गोलियां चला दी। पैर में गोली लगने से दोनों बुरी तरह घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश अपनी गाड़ियों पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद वह घटनास्थल पर पहुंच गया। उसने पुलिस को सूचना देने के बाद दोनों सेक्टर 21 स्थित एशियन अस्पताल में दाखिल करवा दिया। जहां डाक्टरों द्वारा दोनों का उपचार करवाया जा रहा है। थाना खेड़ीपुल प्रभारी विरेंद्र खत्री का कहना है कि दोनों घायल अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। इसलिए राहुल के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

एसी नगर के नाले की सफाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एसी नगर नाले को सही ढ़ग से साफ कराने की मांग को लेकर रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर के प्रधान दिनेश बंसवाल के नेतृत्व में लोग नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी एक शिकायत ज्ञापन के माध्यम से निगमायुक्त की गैरमौजूदगी में अतिरिक्त आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह को सौंपी।

प्रधान दिनेश बंसवाल ने बताया कि एसी नगर के बीचों बीच एक गन्दा नाला बह रहा जो ना केवल गन्दगी से अटा पड़ा है। ब्लकि यहां के लोगों के लिए किसी खतरे से कम नही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 के बाद से इसकी सफाई नहीं हुई है और अगर हुई भी है तो वो भी मात्र सिर्फ दिखावे के लिए। बंसवाल ने बताया कि नाला गन्दगी से पूरा भरने के कारण इसका गन्दा पानी ओवरफलो होकर घरों में व रोड़ पर बह रहा है। जिसके कारण लोगों का निकलना दूर्भर हो गया है और महामारी व बिमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। दिनेश बंसवाल ने ज्ञापन के माध्यम से निगमायुक्त से अनुरोध किया कि इस नाले के मुददे को संगीनता से लेकर इसे साफ कराने की कृपा करें। ताकि किसी अनहोनी से लोगों को बचाया जा सके। अतिरिक्त आयुक्त ने लोगों की बात ध्यान से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी समस्या को जल्दी ही समाप्त कर दिया जाएगा। इस मौके पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अशोक कपूर, महासचिव दीपक कुमार, राजेश, सोनू, सुनील, संजू, कुलवंत कौर, भगवती देवी, विद्या देवी, जसविन्द्र कौर, सुनीता व आशावती मौजूद थे।

गांवों में बनेंगे क्लस्टर और कचरा प्रबंधन प्लांट : उपायुक्त

फरीदाबाद। जिला उपायुक्त यशपाल ने कहा कि गांव को साफ़ सुंदर बनाने के लिए ठोस व तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से कचरा प्रबंधन के लिए प्रत्येक 250 से 300 घरो के आस पास एक क्लस्टर बनाया जाए तथा एक जगह पर कचरा प्रबंधन प्लांट विकसित किया जाए। उपायुक्त लघु सचिवालय के सभागार में गांव की स्वच्छता के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि कचरा प्रबंधन प्लांट पर ठोस व तरल सेग्रीगेट किया जाए। यहां पर छोटे छोटे ड्रम में अलग अलग प्रकार का कूड़ा इक्कठा किया जा सकता है तथा तरल कचरे के लिए एक पक्का गड्ढा तैयार कर लिया जाए। सभी ग्रामीण पंचायत इस मॉडल को अपने गांव में विकसित करे तथा इस कचरे से प्राप्त आमदनी से यहां काम करने वाले व्यक्तियों की सैलरी इत्यादि पर खर्च किये जा सकते हैं।

रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

फरीदाबाद। ट्रेन से आने-जाने वालों को सोमवार को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। क्योंकि रेलवे के द्वारा फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर चौथी लाइन को जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। जिसके कारण विभाग की तरफ से कई ट्रेनों को 24 फरवरी से एक मार्च तक रद्द करने का निर्णय किया है। इसके चलते 24 फरवरी से एक मार्च तक पलवल से नई दिल्ली आने-जाने वाली 400 से अधिक लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन बंद रहेगा। अलग-अलग दिन ट्रेनें रद्द रहेंगी। ईएमयू ट्रेन 24 फरवरी से ही बंद हो जाएंगी। पहले दिन 6 ट्रेनें नहीं चलेंगी। एक्सप्रेस ट्रेनों का भी परिचालन बंद रहेगा। चौथी लाइन का काम पूरा होने के बाद यात्रियों को फरीदाबाद स्टेशन पर 6 प्लैटफार्म की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। प्लैटफार्म नंबर 4 के बगल में बंद प्लैटफार्म नंबर 5 को भी चालू किया जा रहा है।

फर्जी तरीके से हुए ओमैक्स हाइट्स के चुनाव: पवन गौड़

फरीदाबाद। सेक्टर-86 स्थित ओमैक्स हाइट्स सोसायटी में कराए गए आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर पवन गौड ने आपत्ति जताई है और इस चुनाव को फर्जी करार दिया है।

उन्होंने डॉ. साकेत रमन तिवारी को आरडब्ल्यूए प्रधान बनाए जाने को एक साजिश करार देते हुए कहा कि 13 अक्तूबर, 2019 को वह आरडब्लयूए के प्रधान नियुक्त हुए थे। कहीं भी ऐसा कानून नहीं है, कि चुने गए प्रधान को एक वर्ष पूर्व हटा सकें। उनका कार्यकाल अभी बाकी है और बिना किसी पूर्व सूचना के इस तरह से मिलीभगत करके चुनाव कराना सरासर गलत है। जबकि उन्होंने चुने गए प्रधान डॉ. साकेत रमन तिवारी, पंकज विश्वामित्र एवं अनुरोध को रजिस्ट्रार सोसाइटीज से नोटिस भी दिलवाया हुआ है, जब तक वो उसका जवाब नहीं दे देते चुनावी प्रक्रिया नहीं कर सकते। पवन गौड ने आरोप लगाया कि पंकज विश्वामित्र व उसके कुछ साथीगण ओमैक्स हाइट्स पर पिछले 5-6 सालों से कब्जा जमाए हुए हैं और ये अपनी मनमानी चलाते हैं। ये लोग अवैध रूप से मेंटीनेंस चार्ज, बिजली बिल, जिम, साफ-सफाई व सिक्योरिटी के नाम पर वसूली करते हैं। मगर मेरे प्रधान बनने के बाद इनकी अवैध वसूलियों पर लगाम लग गई, जिसके चलते इनको मेरी प्रधानी शुरू से ही खल रही थी।

कंटेनर हादसे में एक की मौत, एक घायल

फरीदाबाद। बाइक सवार दो भाईयों को तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक कंटेनर ट्राला ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौत हो गई और दूसरा बुरी तरह से घायल हो गया। उप्र के सिकंदराबाद से फरीदाबाद के लिए बाइक पर आ रहे दो सगे भाइयों को रविवार शाम को मौजपुर गांव के निकट केजीपी पर तेज रफ्तार कंटेनर ट्राला ने टक्कर मार दी। इस घटना की शिकायत थाना छांयसा को यूपी के सिकंदराबाद स्थित बिलसूरी गांव निवासी सुरेंद्र पाल दी हैकि रविवार को उसका बड़ा बेटा कपिल कुमार और छोटा बेटा विकास वर्मा बाइक पर सवार होकर केजीपी से फरीदाबाद आ रहे थे।

हाईकोर्ट के आदेश पर आठ यूनिटें सील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनएच एक स्थित मार्केट में अवैध रूप से बनी दुकानों को सील करने के नगर निगम का दस्ता सोमवार सुबह पहुंचा गया। अचानक हो रही कार्रवाई को देख वहां से गुजर रहे लोग हैरान रह गए। एक-एक करके निगम के दस्ते ने सुबह छह से दोपहर 12 बजे तक करीब आठ अवैध युनिटों को सील कर दिया।

इसलिए हुई सीलिंग

अवैध निर्माणों को लेकर हाईकोर्ट में वर्ष 2012 में एक याचिका दायर की गई थी। इस पर हाईकोर्ट ने नगर निगम व हरियाणा सरकार को अवैध निर्माणों पर सख्त से सख्त कार्यवाई के आदेश जारी किए। जिस पर नगर निगम की तरफ से सभी को पत्र जारी किए गए थे। लेकिन निर्देशों की परवाह किए बिना ही यहां दुकानें चलती रहीं। वहीं दुसरी तरफ मंगलवार को नगर निगम और राज्य सरकार को 25 फरवरी को अपना जबाब कोर्ट में देना था। जिसे देखते हुए सोमवार की सुबह छह बजे से अधिकारियों ने कार्यवाई करते हुए आठ युनिटों को सील कर लिया। वहीं मंगलवार को नगर निगम कार्यवाई की पूरी रिपोर्ट फोटो समेत हाईकोर्ट में दायर करेगा। यह सीलिंग इंफोर्समेंट एक्सईएन ओमवीर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने की। जिसमें प्लानिंग विभाग के एओपी जेपी चंदीला, एसडीओ विनोद सिंह, बिल्डिंग इस्पेक्ट सुमेर मौजूद रहे। टीम के अधिकारी ने बताया कि करीब 37 युनिटों में से अब तक 27 यूनिट सील की गई है। जिसमें आठ को सोमवार को सील किया गया। पहले दो यूनिटों को सील किया गया था। उन्होंने बताया कि यह वह यूनिट है, जिन्होंने या तो अप्लाई किया है, या उसके पैसे अवेदनकर्ताओं ने जमा नहीं कराए है।



PUBLIC NOTICE

This is to inform to all general public that M/s Vee Ess Capfin Pvt. Ltd., CIN No. U74899DL1995PTC071485 having its registered office at 36 Chitra Gupta Road, Pahar Ganj, New Delhi-110055 changed their office to A-5, New Moti Nagar, New Delhi-110015 since 02/01/2016. Further please contact for any requirements/ dealings at our new office address.

Gagan Preet Singh (Director)

सार्वजनिक सुचना

मेरे मुवक्किल, सेम मेथ्यू , पुत्र श्री वी एम सैमुअल निवासी पलैट नंबर 158, दि न्यू प्रियादर्शनी सीजीएचएस लि. प्लॉट-19, सेक्टर-5, द्वारका, दिल्ली, ने मूल आवंटन और भूतत्व पत्र (एनसीआर/एफआईआर दिनांक 30.12.2019) तथा शेयर प्रमाण पत्र (एनसीआर/ एफआईआर दिनांक 09.12.2019) जो कि पलैट नंबर 158, दि न्यू प्रियादर्शनी सीजीएचएस लि. प्लॉट-19, सेक्टर-5, द्वारका, दिल्ली, को खो दिया है। खोए हुए दस्तावेजों का उपयोगकर्ता/धारक (यदि काई हो) यदि कुछ भी करता है तो अपनी लागत पर करेगा। उपरोक्त संपत्ति बेची जा रही है और मेरे मुवक्किल/संपत्ति के खरीदार को किसी भी समय किसी भी तरीके से उक्त दस्तावेजों के अनधिकृत उपयोग के लिए जिम्मेदार नही ठहराया जाएगा। प्रेम प्रकाश (अधिवक्ता)

207, प्लॉट-1, एम एल यू सेक्टर-10 द्वारका, नई दिल्ली-110075 फोन: 9871268399

ऋण वसूली न्यायाधिकरण
II, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

बिक्री सूचना की उद्घोषणा

निम्नलिखित सम्पत्ति आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड विरूद्ध श्री अम्बा मर्चेण्ट्स प्रा. लि. आर सी नंबर 252/2018 के मामले में बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी।

1. सम्पत्ति का वर्णन : मेक : मर्सिडीज ई 350
   रजि. नंबर : DL3CU1111
   विनिर्माण वर्ष : 2011
   सुरक्षित मूल्य - रू. 7,50,000/-
   ईएमडी - रू. 75,000/-
2. नीलामी की तिथि एवं समय : 20-03-2020 पूर्वा. 11.00 बजे
3. स्थान : रिधी गोदरा यार्ड, कटारिया चौक, सेक्टर-17, सुखराली गांव एयर फोर्स स्टेशन के पीछे, गुड़गांव
4. न्यायालय नीलामकार : श्री नितिन कुमार मोबाइल नंबर : 9958587662

बिक्री की शर्तें

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।

इच्छुक बोलीदाताओं को संबंधित वाहन हेतु उपरिवर्णित अनुसार धरोहर राशि वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली के पक्ष में तथा दिल्ली में देय पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। सफल उच्चतम बोलीदाता को बिक्री राशि की 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी समायोजित करने के पश्चात, 24 घंटे के भीतर जमा करनी होगी और शेष 75 प्रतिशत बिक्री राशि रू. 1000/- तक 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1000/- से अधिक बिक्री मूल्य के 1 प्रतिशत की दर पर पाउंडेज फीस के साथ नीलामी की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। बिक्री मूल्य की राशि वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली के पक्ष में पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। पाउंडेज फीस रजिस्ट्रार, डीआरटी-II, दिल्ली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा देय होगी।

बिक्री मूल्य की शेष राशि निर्धारित अवधि में जमा करने में असफल रहने पर, पहले जमा की गई रकम जब्त कर ली जाएगी।

इच्छुक बोलीदाताओं से 20 मार्च, 2020 को भौतिक नीलामी में भाग लेने अथवा न्यायालय नीलामकार श्री नितिन कुमार अथवा बैंक पदाधिकारी श्रीमती कल्याणी प्रीति को 9599281817 पर कॉल करने का अनुरोध किया जाता है।

अविनाश चन्द
वसूली अधिकारी-II
डीआरटी II, दिल्ली

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Home Finance | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, नई रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआइ होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ केई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआइ होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र.	कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र.	सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	संतोष राणा/ प्रेम/ NHNOD00001263473	फ्लैट नंबर सी -1808, 18वीं मंजिल, ओएसिस वेनेटिया हाइट्स, प्लॉट नंबर एचआरए -12ए, ग्रुप हाउसिंग सेक्टर, सूरजपुर साइट- सी (एक्सटेंशन) फेज- II ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/फरवरी 20, 2020	नवम्बर 30, 2019 ₹ 27,26,372/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: फरवरी 25, 2020
स्थान: दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि.

कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

Capri Global Capital Limited **पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय** :- 502, टावर-ए, पेनिन्सूला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान सीजीसीएल को, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य दस्तावेजो/प्रलेखों, यदिकोई, जो उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित किया गया है, के तहत देय आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की प्रतिभूति के लिए निम्नलिखित आस्तियां सीजीसीएल के पास बंधक रखी गई हैं।

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम	मांग सूचना तिथि और राशि	प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति)
1.	(हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता सं. LNMEKKD000016745) सरस्वती एजूकेशनल ऐंड सोशल वेल्फेयर सोसायटी (कर्जदार) नवीन कुमार, यशोदा (सह-कर्जदार)	18-02-2020 रू. 1,00,37,989/-	सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि म्युनिसिपल/प्लॉट नंबर 40, क्षेत्रफल परिमाप 684 वर्ग फीट, खसरा नंब 286 का हिस्सा, चिपियाना बुजुर्ग, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201307 तथा उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण।

यदि उक्त कर्जदार सीजीसीएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, सीजीसीएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उक्त कर्जदार उक्त अधिनियम के तहत, सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त आस्तियां बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरित नहीं कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के प्रावधानों अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उल्लंघन हेतु अभिप्रेरित करता है, उक्त अधिनियम के तहत दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

स्थान : दिल्ली एवं एनसीआर
तिथि : 25-02-2020
हस्ता./-,(प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते
कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वीडियोकॉन टॉवर झंडेवालान, नई दिल्ली - 110055

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि (रू. में)	सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	संगीता दे (कर्जदार), सागरिका दे, सुरंजन दे (सह-कर्जदार) LBDEL00002417814, LBFDB00002417371	फ्लैट नंबर टी 2/1601, 16 वीं मंजिल, सनवर्ड अरिस्टा, जीएच -01/ सी, सेक्टर 168, नोएडा, यूपी 201301 क्षेत्र 3500 वर्ग फीट	रू. 1,98,60, 520/- (फरवरी 11, 2020 तक)	रू. 1,48,00,000/- (एक करोड़ अड़तालीस लाख दस हज़ार मात्र) / रू. 14,80, 000/-	मार्च 07, 2020 को मध्या. 12:00 बजे से 02:00 बजे तक	मार्च 18, 2020 पूर्वा. 11:00 बजे से
2.	चीना गुप्ता (कर्जदार) मानव गुप्ता (सह- कर्जदार)- LBLUD00002382529	फ्लैट नंबर टी 10/2003, मंजिल बीसवीं टॉवर 10, सनवर्ल्ड अरिस्टा जीएच- 01/ सी, नोएडा एक्सप्रेस वे नोएडा उत्तर प्रदेश 201301, क्षेत्र 615 वर्ग फीट	रू. 45,11,258/- (फरवरी 07, 2020 तक)	रू. 31,30,000/- / रू. 3,13, 000/-	मार्च 07, 2020 को मध्या. 12:00 बजे से 02:00 बजे तक	मार्च 18, 2020 पूर्वा. 11:30 बजे से

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक- "https://eauctions.samil.in")** की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **मार्च 17, 2020 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे** तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्ति/यां की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम 'ङ' में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर ब्लॉक ई -1, झंडेवालान, एक्सटेंशन रानी झांसी रोड, नई दिल्ली - 110055** में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के **दूसरी मंजिल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली- 110034** स्थित कार्यालय में **मार्च 17, 2020 को** अथवा **पूर्व अप. 5.00 बजे** से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक् संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में तथा **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **9599281817.** पर सम्पर्क करें केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें :**www.icicibank.com/n4p4s**

तिथि : फरवरी 25, 2020
स्थान : दिल्ली एनसीआर
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

नायडू की युवाओं से हिंसा को बढ़ावा न देने की अपील

भाषा। पणजी

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को युवाओं से नकारात्मकता छोड़ने और हिंसा को बढ़ावा नहीं देने की अपील की। नायडू ने यहां गोवा विश्वविद्यालय के 32वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी राय बनाने से पहले संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), तीन तलाक पर रोक सहित सभी मुद्दों का अकादमिक अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इस बात को लेकर प्रसन्न हूं कि हाल के समय में लोग संविधान के महत्व के बारे में बातें कर रहे हैं। यह वास्तव में एक सकारात्मक संकेत है और प्रत्एक नागरिक को संविधान का अक्षरश: पालन करना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि साथ ही सभी को अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए संवैधानिक तरीके अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा, हमें न केवल मौलिक अधिकारों बल्कि कर्तव्यों के बारे में भी चिंतित होना चाहिए। अधिकार और जिम्मेदारियां साथ-साथ चलनी चाहिए। नायडू ने कहा कि समय की जरूरत है कि युवाओं की ऊर्जा का इस्तेमाल रचनात्मक, राष्ट्रनिर्माण गतिविधियों में किया जाए। उन्होंने किसी विशेष घटना का उल्लेख किए बिना कहा, युवाओं को मेरी सलाह है कि वे नकारात्मकता छोड़ें और हिंसा को बढ़ावा नहीं दें। एक लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक बनें, बाधक नहीं। उन्होंने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने किसी देश या मुद्दे का उल्लेख किए बिना कहा, दिक्कतें उत्पन्न करने वाले हमारे कुछ पड़ोसी हमें सलाह देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें हमारे आंतरिक मामलों में नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि आपको प्रगति चाहिए तो आपको शांति चाहिए। भारत के आंतरिक मामलों में हम बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम अपनी देखभाल कर सकते हैं, आपका धन्यवाद। उन्होंने युवाओं से अपील की कि अपनी राय बनाने से पहले उन्हें अनुच्छेद 370 (जम्मू कश्मीर में समाप्त करने), संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), तीन तलाक पर रोक सहित सभी मुद्दों का अकादमिक अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा, केवल समाचार पत्रों और शीर्षकों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। सोशल मीडिया का लाभ उठाएं। नायडू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान बढ़ना दुनिया के समक्ष आज दो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं और सभी देशों को पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रति अपने प्रयास तेज करने चाहिए। उन्होंने कहा कि एक नए भारत के निर्माण के लिए निरक्षरता, बीमारियों, कृषि क्षेत्र में चुनौतियों और महिलाओं और कमजोर वर्गों पर अत्याचार जैसी सामाजिक बुराइयों, बाल श्रम, आतंकवाद, साम्प्रदायिकता और भ्रष्टाचार का उन्मूलन करना होगा। इस मौके पर राज्यपाल एवं गोवा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सत्यपाल मलिक और राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद थे।

नई दिल्ली में सीआईएसएफ को इस साल गणतंत्र दिवस परेड में सर्वश्रेष्ठ मार्च करने वाली टुकड़ी की ट्राफी प्रदान करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

भगोड़े गैंगस्टर रवि पुजारी सात मार्च तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

भाषा। बेंगलुरु

हत्या और जबरन वसूली सहित कई जघन्य अपराधों में वांछित भगोड़े गैंगस्टर रवि पुजारी को सोमवार तड़के सेनेगल से बेंगलुरु शहर लाया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। दिन में बाद में पुजारी को प्रथम अतिरिक्त सिटी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जिन्होंने उसे सात मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। भारत के सबसे वांछित एवं 1993 मुम्बई श्रृंखलाबद्ध विस्फोटों के मुख्य षड्यंत्रकर्ता दाऊद इब्राहिम और गैंगस्टर छोटा राजन के पूर्व निकट सहयोगी पुजारी को एयर फ्रांस की एक उड़ान से पुलिस की कड़ी सुरक्षा में यहां लाया गया।

पुजारी को लाने के लिए राज्य के पुलिस अधिकारियों की एक टीम सेनेगल गई थी। इस टीम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमर कुमार पांडेय और बेंगलुरू के संयुक्त पुलिस आयुक्त संदीप पाटिल शामिल थे। पांडेय ने प्रत्यर्पण के लिए भारतीय प्राधिकारियों, सरकार और सेनेगल के उच्चतम न्यायालय को धन्यवाद देते हुए कहा, डकार (सेनेगल की राजधानी) में प्रत्यर्पण की पूरी प्रक्रिया में दो दिन लगे और 22 फरवरी को सेनेगल समयानुसार रात के 10 बजे भगोड़े रवि पुजारी को उचित प्रक्रिया के तहत भारतीय प्राधिकारियों को सौंप दिया गया। आधिकारिक सूत्रों से बताया कि गैंगस्टर को हाल में दक्षिण अफ्रीका में एसए (दक्षिण अफ्रीका) पुलिस और सेनेगल सुरक्षा एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान में पकड़ा और बाद में उसे सेनेगल प्रत्यर्पित कर दिया गया। गैंगस्टर को भारतीय गुप्तचर एजेंसियों की ओर से मुहैया कराई गई सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों ने कहा कि सेनेगल में गिरफ्तारी के समय उसके पास एंथोनी फर्नांडिस की झूठी पहचान के साथ बुर्किना फासो का पासपोर्ट था। पुजारी को सेनेगल के प्राधिकारियों ने पिछले साल गिरफ्तार किया था और भारतीय प्राधिकारियों ने उसे अपने कब्जे में लेने का पूरा प्रयास किया था लेकिन वे असफल रहे थे क्योंकि स्थानीय अदालत ने उसे जमानत दे दी थी। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद पुजारी जमानत का उल्लंघन करते हुए सेनेगल से भाग कर दक्षिण अफ्रीका चला गया था।

कश्मीरी पंडितों को घाटी वापस लाने की दिशा में हो रहा काम

जम्मू (भाषा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि सरकार विस्थापित कश्मीरी पंडितों को घाटी में सुरक्षित माहौल में सम्मानपूर्वक तरीके से वापस लाने की दिशा में काम कर रही है। भाजपा महासचिव (संगठन) अशोक कौल ने विस्थापित पंडितों से घर लौटने को तैयार रहने को भी कहा, जो पिछले तीन दशक से वापसी का इंतजार कर रहे हैं। कौल ने कहा, यह सभी को स्पष्ट होना चाहिए की विस्थापित पंडित को वापस घाटी लौटना ही होगा। सरकार जल्द इस संबंध में कदम उठाएंगे। कौल खुद भी एक कश्मीरी पंडित हैं। उन्होंने कहा, घाटी में स्थिति बेहतर हुई है, विशेषकर पिछले साल धारा 370 हटाए जाने के बाद। कश्मीरी पंडितों को सम्मानपूर्वक वापस जाना होगा।

पीएम-किसान योजना से जुड़ने के लिए पेश किया मोबाइल एप

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने किसानों को एक सुनिश्चित नकद सहायता देने की केंद्र की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान योजना से जुड़ने की आसानी के लिए इसकी पहली वर्षगांठ पर विशेष मोबाइल ऐप सोमवार को पेश किया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यह ऐप जारी करते हुए कहा कि यह योजना किसानों की आय दो गुना करने के लक्ष्य में सहायक है। इसके तहत किसानों को साल में एक्ट पात्र किसान को तीन किस्तों में सालाना 6,000 रुपए उपलब्ध कराए जाते हैं। पीएम-किसान योजना की शुरुआत 24 फरवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश में की गई थी। पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्य इस योजना को लागू कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक, 14 करोड़ किसानों के लक्ष्य के मुकाबले 9.74 करोड़ किसानों को इस योजना के तहत पंजीकृत किया गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य सरकारों की जांच के बाद 14 करोड़ में से अभी तक 8.45 करोड़ किसानों को अभी तक उनके हिस्से की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। मोबाइल ऐप की पेशकश करते हुए, मंत्री ने कहा कि योजना को आसानी से व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए यह ऐप विकसित किया गया है। यह वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पीएम-किसान योजना के एक वर्ष पूरा होने का उत्सव मनाने मोदी 29 को चित्रकूट में होंगे

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम-किसान योजना के कार्यान्वयन के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में 29 फरवरी को उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में आयोजित समारोह में भाग लेंगे। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोदी ने पिछले आम चुनाव से ठीक पहले 24 फरवरी, 2019 को गोरखपुर में प्रधानमंत्री किसान निधि (पीएम-किसान) की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत, केंद्र सरकार ने 14 करोड़ किसानों को हर वर्ष तीन समान किस्तों में कुल 6,000 रुपए की निधि उनके खातों में सीधे प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। पश्चिम बंगाल को छोड़कर यह योजना बाकी सभी राज्यों में लागू है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य सरकारों द्वारा आंकड़ों का सत्यापन किए जाने के बाद अब तक 9.74 करोड़ किसानों को इस योजना में पंजीकृत किया गया है। इनमें से 8.45 करोड़ किसानों को भुगतान शुरू हो चुका है।

सीआईएसएफ को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी की ट्रॉफी प्रदान की गई

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सीआईएसएफ को इस साल गणतंत्र दिवस परेड पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और अन्य सहायक दस्तों में सर्वश्रेष्ठ मार्च करने वाली टुकड़ी की ट्रॉफी प्रदान की।

रक्षा मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पर एक समारोह का आयोजन किया गया जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक राजेश रंजन, टुकड़ी कमांडर उप कमांडेंट प्रभसिमरन सिंह और बल के अन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री सिंह से ट्रॉफी प्राप्त की। सीआईएसएफ की 148 सदस्यों की टुकड़ी ने जब इस बार 26 जनवरी को राजपथ पर परेड में भाग लिया तो पीले रंग की पगड़ियों से वे अलग ही पहचान में आ रहे थे। प्रवक्ता ने कहा कि बल ने छठी बार यह पुरस्कार जीता है।

मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा में बजट सत्र में जाते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे

महाराष्ट्र में गठबंधन के भागीदारों के बीच कोई मतभेद नहीं: उद्धव

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार में गठबंधन भागीदारों के बीच मतभेद के विपक्षी भाजपा के दावों को खारिज कर दिया और कहा कि गठबंधन के बीच सुगम तालमेल है। ठाकरे ने महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) के विधायकों की बैठक में कहा कि पिछले तीन महीनों से सहयोगियों के बीच अच्छा तालमेल और सहयोग है। राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल है। उन्होंने गठबंधन सहयोगियों के बीच आगे सहयोग मजबूत करने की बात कही। एक मंत्री ने बताया कि ठाकरे ने विधायकों से कहा, हाल में दिल्ली की मेरी यात्रा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अच्छी बातचीत हुई। हमने एक घंटे तक तकरीबन हर मुद्दे पर चर्चा की।

एक सूत्र ने बताया कि ठाकरे ने विधायकों से कहा कि वह राकांपा अध्यक्ष शरद पवार और कांग्रेस नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं और गठबंधन में मतभेद के भाजपा के बयानों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले कृषि कर्ज माफी योजना का क्रियान्वयन सोमवार से शुरू होगा और सभी लाभार्थी किसानों के दो लाख तक के कर्ज 31 मार्च तक माफ कर दिए जाएंगे।

बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र बनाने में कोई भूमिका नहीं: मणिपुर भाजपा

इम्फाल (भाषा)। मणिपुर में बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में राजनीतिक शास्त्र के प्रश्नपत्र में कुछ सवालों पर कांग्रेस द्वारा सवाल उठाए जाने के एक दिन बाद भाजपा ने सोमवार को कहा कि इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। और इस बारे में संबद्ध अधिकारियों से पूछा जाना चाहिए।

एनपीआर पर गैरजरूरी सूचनाएं फैलाई जा रहीं सीएए से डरने की जरूरत नहीं : पलानीस्वामी

भाषा। कोयंबटूर

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने सोमवार को कहा कि अल्पसंख्यकों को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) से डरने की जरूरत नहीं है। हवाई अड्डे पर यहां संवाददाताओं से पलानीस्वामी ने कहा कि सरकार ने अपना रुख साफ कर दिया है कि अल्पसंख्यकों के एक धड़े के बीच डर फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एनपीआर पर मुस्लिमों के बीच अनावश्यक डर फैला रहे हैं और झूठी सूचनाएं फैलाकर सरकार पर दोष मढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सीएए या एनपीआर से अल्पसंख्यक प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्एक दस साल में एनपीआर कवायद की जाती है और द्रमुक सरकार ने ही राज्य में 2011 में इसकी शुरुआत की थी। राज्य सरकार के बढ़ते कर्ज से जुड़े एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के कार्यों पर बढ़ रहे खर्च के कारण ऐसा हो रहा है।

चेन्नई में तमिलनाडु की पूर्व सीएम स्व. जे. जयललिता के जन्मदिन पर उनकी याद में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सीएम के. पलानीस्वामी

मासूम बच्ची से दरिंदगी पर दोषी को मृत्युदंड

भाषा। इंदौर (मध्य प्रदेश)

अपहरण और बलात्कार के बाद चार वर्षीय बच्ची की हत्या करने के जुर्म में यौन मनोविकृति के शिकार 28 वर्षीय एक व्यक्ति को जिला अदालत ने सोमवार को फांसी की सजा सुनाई। विशेष सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) वर्षा शर्मा ने मामले को विरल से भी विरलतम प्रकरण की श्रेणी में रखते हुए अंकित विजयवर्गीय (28) को मृत्युदंड सुनाया। विजयवर्गीय को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (ए) (बलात्कार के दौरान आई चोटों से पीड़ित की मृत्यु) और इसी विधान की धारा 302 (हत्या) के तहत सजा-ए-मौत सुनाई गई। उसे भारतीय दंड विधान की ही अन्य संबद्ध धाराओं और लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के तहत भी दोषी करार दिया गया।

जिला अभियोजन अधिकारी अकरम शेख ने बताया कि अदालत में विजयवर्गीय पर जुर्म साबित करने में डीएनए रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज ने अहम भूमिका निभाई। सीसीटीवी फुटेज में मुजरिम मौका-ए-वारदात के आस-पास टहलता और अपहरण के बाद बच्ची को गोद में उठाकर भागता दिखाई दिया था। उन्होंने बताया कि अभियोजन पक्ष ने मुकदमे में अदालत के सामने 29 गवाह पेश किए थे। इनमें जघन्य वारदात की शिकार बालिका के माता-पिता शामिल हैं।

विजयवर्गीय ने नजदीकी कस्बे महू में चार वर्षीय बच्ची को एक दिसंबर 2019 को देर रात उस समय अगवा किया, जब वह अपने माता-पिता के साथ पेड़ के नीचे सो रही थी। बच्ची का बेघर परिवार भीख मांगकर गुजारा करता है। दोषी व्यक्ति बच्ची को नजदीकी खंडहर में ले गया था। बलात्कार के दौरान बच्ची जब रोने लगी, तो उसने उसका मुंह और गला दबा दिया था। जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि मुजरिम ने जब अबोध बच्ची के साथ दरिंदगी की, तब उसकी पत्नी गर्भवती थी। वारदात के कुछ समय बाद उसकी पत्नी ने बालिका को जन्म दिया था।

कोर्ट का मुकदमे के लिए शीघ्र अनुमति पर दिशानिर्देश के लिए याचिका पर विचार नहीं

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के खिलाफ राजद्रोह जैसे मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु याचिका पर सोमवार को विचार करने से इंकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने कहा कि इस तरह का आदेश किसी मामले विशेष में दिया जा सकता है और सामान्य प्रक्रिया में ऐसा निर्देश नहीं दिया जा सकता। पीठ ने भाजपा के पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग की ओर से पेश अधिवक्ता शशांक देव सुधी से कहा कि कानून का पालन किसी मामले विशेष में होना चाहिए। शीर्ष अदालत राजद्रोह के मामले में आरोपी पर मुकदमा चलाने की अनुमति के लिए दिशा- निर्देश बनाने से इंकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ गर्ग की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने कन्हैया कुमार पर राजद्रोह के आरोप में मुकदमा चलाने की अनुमति देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में आप सरकार को निर्देश देने से भी इंकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि वह इस संबंध में निर्देश नहीं दे सकता है और वर्तमान नीति, कानून, नियमों और मामले के तथ्यों के आधार पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने के बारे में निर्णय लेना दिल्ली सरकार का काम है। दिल्ली पुलिस ने 14 जनवरी, 2019 को कन्हैया कुमार और अन्य आरोपियों के खिलाफ निचली अदालत में आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद और अनिर्बान भट्टाचार्य भी शामिल थे। आरोप पत्र में कहा गया था कि ये एक जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे और नौ फरवरी, 2016 को विश्वविद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम के दौरान लगाए गए देश विरोधी नारों का समर्थन किया था।

थाणे (महाराष्ट्र) में एससी व ओबीसी को आरक्षण की मांग पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

बाबूलाल मरांडी भाजपा विधायक दल के निर्विरोध नेता चुने गए

● बनेंगे नेता विपक्ष

भाषा। रांची

हाल में भाजपा में अपने दल झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) का विलय करने वाले झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को सोमवार को यहां भाजपा विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। इसके बाद भाजपा ने विधानसभा में सबसे बड़ा विपक्षी दल होने के नाते मरांडी को विपक्ष का नेता बनाए जाने की विधानसभा अध्यक्ष से अनुशंसा की।

केन्द्रीय पर्यवेक्षक तथा पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री मुरलीधर राव की उपस्थिति में मरांडी को आज यहां सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया। राव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी विधायकों की बैठक हुई जिसमें एक आपराधिक मामले में भूमिगत चल रहे बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को छोड़कर अन्य सभी 25 नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे। बैठक में मरांडी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। भाजपा के दिल्ली स्थित केन्द्रीय कार्यालय के महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि मरांडी के विधायक दल का नेता चुने जाने से पार्टी में सभी प्रसन्न हैं। विधायक दल की बैठक में मरांडी के नेता पद पर निर्वाचन के तुरंत बाद पार्टी ने विधानसभा सचिवालय को बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की अनुशंसा वाला पत्र भी सौंप दिया। इससे पूर्व 18 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री मुरलीधर राव को झारखंड विधान सभा में पार्टी विधायक दल के नेता के चयन के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था।

बाबूलाल मरांडी (मध्य में) का भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव मुरलीधर राव (दाएं) द्वारा भाजपा विधायकों की झारखंड विधानसभा के बजट सत्र से पहले रांची में सोमवार को बैठक के दौरान स्वागत किया गया

पार्टी ने मरांडी के रूप में श्रेष्ठ कार्यकर्ता को नेता बनायाः भाजपा उपाध्यक्ष

रांची (भाषा)। बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुने जाने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद ओम प्रकाश माथुर ने कहा कि भाजपा ने एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता को अपना नेता चुना है। माथुर ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, बाबूलाल विचार ,मन और सिद्धांत से कभी भाजपा से बाहर नहीं गए थे। वह पार्टी के श्रेष्ठ कार्यकर्ता रहे, आज पार्टी ने इन्हें विधायक दल का नेता बनाया। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य विधानसभा में मरांडी के नेतृत्व में एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी। माथुर ने मरांडी को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व वर्षों से उन्हें घर वापस लाने का प्रयास कर रहा था, कार्यकर्ता जब दूर जाता है तो कष्ट होता है। उन्होंने कहा, भगवान ने मुझे इस अवसर को साकार करने का माध्यम बनाया, यह मेरे लिए व्यक्तिगत हर्ष एवं प्रसन्नता की बात है। माथुर ने कहा, मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की भावनाओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भले ही पार्टी को राज्य विधानसभा चुनाव में कम सीटें मिली हैं, परंतु स्वार्थ पर आधारित बेमेल गठबंधन की सरकार से राज्य का भला नहीं होने वाला। भाजपा उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि लगभग दो महीने में ही राज्य की नई सरकार जनकल्याण से दूर चली गई। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विधायक जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पुरजोर संघर्ष करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पार्टी मुख्यालय प्रभारी सांसद अरुण सिंह ने भी आज मरांडी को नेता चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आंतरिक लोकतंत्र पर चलती है। मरांडी अनुभवी और संघर्षशील नेता हैं। पार्टी मरांडी नेतृत्व में सदन से सड़क तक राज्य हित में जनविरोधी सरकार के खिलाफ संघर्ष करेगी। उल्लेखनीय है कि हाल में भाजपा में अपने दल झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) का विलय करने वाले झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को आज यहां पार्टी विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। इसके बाद भाजपा ने विधानसभा में सबसे बड़ा विपक्षी दल होने के नाते मरांडी को विपक्ष का नेता बनाए जाने की विधानसभा अध्यक्ष से अनुशंसा की।

नवंबर-दिसंबर 2019 में राज्य विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा की हार हुई थी और उसे सिर्फ 25 सीटों से संतोष करना पड़ा था, जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा ने अकेले 37 सीट जीती थीं। इस वर्ष जनवरी 2020 में राज्य में नवनिर्वाचित विधानसभा के पहले सत्र में भाजपा ने अपने विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं किया जिससे सदन में विपक्ष का नेता मनोनीत नहीं किया जा सका।

आप ने काम की राजनीति अभियान शुरू किया

मुंबई (भाषा)। इस महीने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में शानदार जीत के बाद आम आदमी पार्टी ने महाराष्ट्र से काम की राजनीति का अपना राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान सोमवार को शुरू किया। पार्टी की विज्ञप्ति के मुताबिक, 23 मार्च तक अभियान चलेगा और इसका मकसद राज्य में लोगों को विकास के केजरीवाल मॉडल के बारे में बताना है। उन्होंने कहा, इससे सुनिश्चित होगा कि दिल्ली की तरह देश भर में शासन और राजनीति, जनता से जुड़े मुद्दों के इर्द गिर्द केंद्रित हो। इस अभियान के तहत दिल्ली में विकास के केजरीवाल मॉडल और महाराष्ट्र मॉडल के बीच तुलना की जाएगी। विज्ञप्ति में दावा किया गया कि इससे लोगों को जानने का मौका मिलेगा कि आप की काम की राजनीति के कारण दिल्ली में लोगों के जीवन में क्या-क्या बदलाव आए हैं। पार्टी के बयान में कहा गया कि स्कूलों, अस्पतालों, बिजली और महिला सुरक्षा सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक बदलाव के कारण दिल्ली चुनाव में एकतरफा जीत मिली। बयान में दावा किया गया कि दिल्ली में केजरीवाल मॉडल को कई राज्यों ने अपनाया है। कई राज्य सरकारें मोहल्ला क्लीनिक शुरू कर रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं।

राज्य सरकार के त्वरित निर्णयों से सभी वर्गों में नई उम्मीद जगी : राज्यपाल

भाषा। रायपुर

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार के त्वरित निर्णयों और कार्यों से सभी वर्गों में नई उम्मीद जगी है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू हुआ। राज्यपाल उइके ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार के कार्यों की तारीफ की। उइके ने कहा कि यह बड़े ही गौरव का विषय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर वर्षभर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसकी शुरुआत दो अक्टूबर 2019 को विशेष सत्र के आयोजन के साथ हुई। देश में अपनी तरह की इस नई पहल से राज्य की छवि उज्ज्वल हुई।

राज्यपाल ने कहा कि अपनी संस्कृति, धरोहर और विभूतियों के सम्मान की परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने रायपुर में स्वामी विवेकानंद स्मारक, भगवान राम वनगमन परिपथ के विकास की दिशा में कार्य शुरू कर बहुत ही सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को आगामी 10 वर्षों के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव पारित करने में आप लोगों का योगदान दर्ज होना निश्चय ही सौभाग्य का विषय है। उइके ने कहा, मेरी सरकार ने त्वरित निर्णयों तथा विभिन्न कार्यों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग, पिछड़े तबकों सहित सभी वर्गों में नई उम्मीद जगाई है।

राज्यपाल ने कहा कि एक साल पहले बस्तर के बहुत से आदिवासी परिवारों की जिंदगी आपराधिक प्रकरणों के कारण बेहद कष्ट में थी। सरकार ने इसके लिए न्यायमूर्ति एके पटनायक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की, जिसकी सिफारिश पर प्रकरण से निर्दोष आदिवासियों की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ जो उनके लिए बहुत बड़ी आर्थिक और सामाजिक राहत भी है। उइके ने कहा, मेरी सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 2500 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा की है, जिसके कारण विगत वर्ष 15 लाख से अधिक परिवारों को 602 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। इस दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए मेरी सरकार ने विगत एक वर्ष में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या आठ से बढ़ाकर 22 कर दी है।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण के माध्यम से जनता के अधिक से अधिक निकट पहुंचने तथा उसे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के कारगर कदम उठाए हैं, जिसके तहत राज्य के 28वें जिले के रूप में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही अस्तित्व में आ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को प्रति क्विंटल धान के लिए 2500 रुपए देने, अल्पकालीन ऋण माफी के साथ ही मक्के की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने, उद्यानिकी फसलों का विस्तार करने जैसे अनेक किसान हितकारी कदम उठाए हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है।

बंगाल में तृणमूल-भाजपा के समर्थकों के बीच झड़प, सात घर आग के हवाले

भाषा। जलपाईगुड़ी

पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में भाजपा समर्थकों के बताए जा रहे मकानों में तोड़-फोड़ की गई और इसके बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया गया।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल वाहनों को घटनास्थल भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटना रविवार की है जब एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता का शव हुस्लूरदंगा गांव पहुंचा। भाजपा ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे तृणमूल कार्यकर्ताओं का हाथ है वहीं पश्चिम बंगाल के सत्तारूढ़ दल ने आरोप को नाकार दिया है।

तृणमूल कांग्रेस के मलिक हाटबूथ के अध्यक्ष भोमबोल घोष पर 14 फरवरी को हुस्लूरदंगा बाजार में धारदार हथियार से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल घोष को सिलीगुड़ी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शनिवार को उनकी मौत हो गई। तृणमूल के स्थानीय नेता मनोज रॉय ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे भाजपा के कार्यकर्ताओं का हाथ है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष बापी गोस्वामी ने दावा किया कि घोष का शव रविवार को जब गांव में पहुंचा तो तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के समर्थकों के सात मकानों में तोड़ फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डी शेरपा की अगुवाई में पुलिस दल क्षेत्र में तैनात किया गया है।

पहचान आधारित राजनीति लोकतंत्र के लिए अच्छी है : मुखर्जी

नई दिल्ली (भाषा)। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने रविवार को कहा कि लोकतंत्र और गणतंत्रवाद ऐसी दो चीजें हैं जिनकी लोगों को रक्षा करनी चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहचान की राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा करने में सकरात्मक भूमिका निभाती है। मुखर्जी ने यहां भारतीय छात्र संसद में कहा, भारत में लोकतंत्र ने पहचान आधारित राजनीति को बढ़ावा दिया। लोकतंत्र को मजबूत करने के चश्मे से अगर मैं देखूं तो मुझे यह सकारात्मक बदलाव दिखता है क्योंकि इससे व्यापक प्रतिनिधित्व होता है, लेकिन जाति और समुदाय के आधार पर विभाजित मतदाता ध्रुवीकृत जनादेश देते है।

क्विक न्यूज

14 वर्षीय बालिका के साथ चार नाबालिगों ने किया सामूहिक बलात्कार

रीवा, मप्र (भाषा)। रीवा जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर सिरमौर थाना इलाके स्थित एक गांव मे 14 वर्षीय एक बालिका के साथ चार नाबालिगो द्वारा कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। चारो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक आबिद खान ने दर्ज मामले के आधार पर सोमवार को बताया कि 14 वर्षीय लड़की शनिवार दोपहर किसी काम से अपने घर से निकली थी। इसी दौरान उसे उसी के गांव के चार नाबालिग मिले जो बहला फुसलाकर उसे पास के ही एक खेत मे ले गए और वहां पर चारो ने बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया। उन्होने कहा कि किसी तरह पीड़ित उनके चंगुल से छूटकर रोती-बिलखती देर शाम अपने घर पहुंची और परिजनो को आपबीती बताई। बाद मे रविवार को परिजन पीड़ित को लेकर सिरमौर थाने पहुंचे और चारो आरोपियो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। खान ने बताया कि भादंवि की संबंधित धाराओ और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चारो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपी 13-14 वर्ष की उम्र के है। उन्होने कहा कि पीड़ित इन चारो आरोपियो को पहले से अच्छी तरह से जानती थी। इसलिए वह उनके चंगुल मे फंस गई। खान ने बताया कि मेडिकल परीक्षण मे बालिका के साथ बलात्कार की पुष्टि हुई है।

हत्या के मामले में ओडिशा का पूर्व विधायक गिरफ्तार

भुवनेश्वर (भाषा)। हत्या के एक मामले मे छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए ओडिशा के पूर्व विधायक अनूप साई के परिजनो ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि इस मामले मे पुलिस ने पक्षपातपूर्ण तरीके से जांच की है। रायगढ़ पुलिस ने आरोपो को खारिज किया है। ओडिशा पुलिस ने साई को 13 फरवरी को गिरफ्तार किया था। वह 2016 के मां-बेटी की हत्या के एक मामले मे मुख्य संदिग्ध है। एक अधिकारी ने बताया कि कल्पना दास नाम की महिला और उनकी नाबालिग बेटी को चार पहिया वाहन से कुचल दिया गया था ताकि उनकी पहचान नही हो सके। साई के वाहन चालक वर्धन टोप्पो को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। साई के परिजनो ने छत्तीसगढ़ पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया है। उनकी मां, पत्नी, बच्चो, भाई तथा अन्य रिश्तेदारो ने रविवार को झारसुगुड़ा जिले मे जिलाधिकारी के कार्यालय के बाहर धरना दिया। हालांकि जिलाधिकारी एस. के सामल के आश्वासन के बाद धरना खत्म हो गया।

छोटा राजन ने दाऊद को मारने की रची थी साजिश

भाषा। मुंबई

● लकड़ावाला ने पुलिस को बताया

गैंगस्टर ऐजाज लकड़ावाला ने मुंबई पुलिस को बताया कि छोटा राजन के गुर्गो ने 1998 में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को जान से मारने की साजिश रची थी लेकिन वे सफल नहीं हुए।

दो दशकों तक फरार रहे और दाऊद के करीबी सहयोगी रहे लकड़ावाला (50) ने उसके खिलाफ दर्ज जबरन वसूली तथा हत्या के प्रयासों के मामलों में पिछले महीने गिरफ्तारी के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की पूछताछ के दौरान यह खुलासा किया। उसने पुलिस को बताया कि दाऊद इब्राहिम को मारने के असफल प्रयास के बाद छोटा शकील के गुर्गों ने उसे और गैंगस्टर छोटा राजन पर हमला किया था। अपराध शाखा के एक सूत्र ने बताया कि छोटा राजन के कुछ करीबी साथियों ने भारतीय एजेंसियों के साथ मिलकर 1998 में कराची में दाऊद इब्राहिम को मारने की साजिश रची थी। दाऊद को मारने के लिए विकी मल्होत्रा, फरीद तनाशा, बालू डोकरे, लकड़ावाला, विनोद मटकर, संजय घाटे और बाबा रेड्डी की टीम कराची गई थी लेकिन सफल नहीं हुई। उस समय दाऊद को कराची में उसकी बेटी मारिया की मौत के बाद एक दरगाह पर जाना था।

सूत्र ने बताया, विकी मल्होत्रा और अन्य लोग उसका इंतजार कर रहे थे लेकिन दाऊद इब्राहिम नेपाल के एक सांसद से इस बारे में सूचना मिलने के बाद बड़ी सुरक्षा के साथ दरगाह आया था और उन्हें इस ऑपरेशन को टालना पड़ा। जब टीम उस फ्लैट पर पहुंची जहां वह ठहरी थी तो छोटा राजन ने उनसे फौरन निकलने को कहा क्योंकि दाऊद को ऑपरेशन की जानकारी मिल गई थी। बाद में मल्होत्रा ने नेपाली सांसद को मार दिया वहीं दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी मुन्ना झींगाड़ा उर्फ सैयद मुदस्सर हुसैन ने 2000 में छोटा राजन पर हमला किया था। लकड़ावाला पर 2002 में बैंकॉक के व्यस्त बोबई मार्केट में हमला किया गया। धार्मिक प्रवृत्ति के लकड़ावाला ने दावा किया कि छोटा शकील के गुर्गों ने उसे पास से छाती, हाथ और गर्दन पर गोलियां मारीं, लेकिन वह एक ताजीब पहने होने की वजह से बच गया।

लेफ्ट पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गुवाहाटी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के विरोध में प्रदर्शन किया

जांच कर रही एनआईए ने तमिलनाडु में छापे मारे

एसआई की हत्या

भाषा। तूतीकोरिन (तमिलनाडु)

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने कन्याकुमारी में एक विशेष उपनिरीक्षक की हत्या के सिलसिले में तमिलनाडु के इस जिले समेत कई जगहों पर सोमवार को छापे मारे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विशेष एसआई विल्सन की हत्या के मामले में आरोपी अब्दुल शमीम और तौफीक के मोहदीन फातिमा के घर पर रुकने की खबर मिली थी जिसके बाद उसके घर पर छापे मारे गए। जिले के तिरुवेंदूर के पास कायलपट्टिनम के अलावा कुड्डलूर, नेवेली और मेलपट्टमपक्कम में भी छापे मारे गए। सूत्रों ने यह भी बताया कि अधिकारियों ने विल्सन की हत्या के आरोपियों से संपर्क रखने वाले अब्दुल हमीद, जाफर अली और खाजा मोहिदीन के घरों पर भी छापे मारे। सूत्रों के मुताबिक एनआईए आरोपियों को आसरा देने समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने वाले सभी लोगों से पूछताछ कर रही है।

ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट के शीर्ष न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही देखी

भाषा। नई दिल्ली

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय के अध्यक्ष लॉर्ड रॉबर्ट जॉन रीड ने सोमवार को शीर्ष अदालत की कार्यवाही देखी। न्यायमूर्ति रीड, दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीश सम्मेलन 2020 में शामिल होने के लिए भारत आए हैं। वह उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश एस.ए. बोबडे के समीप बैठे। वह प्रधान न्यायाधीश के न्यायालय में करीब 15 मिनट बैठे।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के बैठने से चंद मिनट पहले न्यायालय के एक अधिकारी ने घोषणा की कि ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय के अध्यक्ष लार्ड रीड प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और दो अन्य न्यायाधीशों के साथ बैठेंगे और न्यायालय की कार्यवाही के अंत में शीघ्र सुनवाई के लिए उल्लेख किए जाने वाले मामले लिए जाएंगे।

अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने न्यायालय कक्ष में ब्रिटेन की न्यायपालिका के प्रमुख न्यायमूर्ति रीड का स्वागत किया। पीठ ने मध्यस्थता से संबंधित एक मामले की सुनवाई की। इस मामले में पूर्व अटार्नी जनरल और वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बहस की। कुछ मामलों की सुनवाई के बाद पीठ उठ गई और पांच मिनट बाद न्यायमूर्ति रीड के बगैर बैठी और फिर कार्यसूची में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई की।

आंध्रप्रदेश में मुख्यमंत्री ने छात्रों को वित्तीय मदद देने वाली योजना की शुरुआत की

भाषा। अमरावती

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने सोमवार को अपने नाम पर बनाई गई एक और योजना जगन्ना वासथी दीवेना की शुरुआत की जिसके तहत माध्यमिक शिक्षा के बाद विभिन्न पाठ्यक्रम के दौरान छात्रों को छात्रावास और भोजनालय खर्च के लिए 2300 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद देने का प्रावधान है।

उत्तर तटीय आंध्र के विजयनगरम जिले में मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत की। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, आईटीआई, पोलिटेक्निक, स्नातक और स्नातकोत्तर की शिक्षा लेने वाले 11,87,904 छात्रों को योजना का लाभ मिलेगा। हर साल फरवरी और जुलाई में दो किस्तों में सभी छात्रों की माताओं के बैंक खाते में कुल 2300 करोड़ रुपए सीधे जमा किए जाएंगे।

श्रीनगर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने और शीतकालीन छुट्टियों के लगभग 7 महीने बाद स्कूल फिर से खुलने के बाद बच्चे पढ़ने जाते हुए

संसद भवन विस्तार के लिए पर्यावरण मंजूरी नही देने की मांग को लेकर याचिका दायर

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) से सोमवार को उस याचिका पर जवाब देने को कहा जिसमें मांग की गई है कि यहां संसद भवन के विस्तार एवं मरम्मत कार्य की खातिर पेड़ों की कटाई के लिए पर्यावरण मंजूरी (ईसी) नहीं दी जाए।

न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने आवास मंत्रालय और सीपीडब्ल्यूडी को नोटिस जारी करके दिल्ली निवासी की इस याचिका पर अपना रुख बताने को कहा। न्यायमूर्ति शकधर ने कहा कि मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) पर्यावरण संबंधी मंजूरी के लिए फैसला ले सकती है लेकिन इस निर्णय को अदालत के समक्ष तत्काल रखा जाना होगा। ईएसी मंगलवार को इस संबंध में फैसला करेगी। याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) अनुज श्रीवास्तव ने इस आधार पर सेंट्रल विस्टा परियोजना का विरोध किया था कि इसमें नई संसद और सरकारी कार्यालयों के निर्माण के लिए राजपथ और विजय चौक के निकट हरित क्षेत्र के भूमि इस्तेमाल में बदलाव की बात की गई है।

श्रीवास्तव ने वकील अंकित यादव के जरिए यह याचिका दायर की। न्यायमूर्ति शकधर ने कहा कि यदि पेड़ों की कटाई के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिल जाती है, तब भी सीपीडब्ल्यूडी ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि भूमि इस्तेमाल में बदलाव के पूरे मामले पर अदालत को अभी फैसला करना है। सीपीडब्ल्यूडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल मनिंदर आचार्य ने अदालत को बताया कि परियोजना के लिए काटे गए पेड़ किसी उचित स्थान पर प्रतिरोपित किए जाएंगे और यदि उनमें से कोई पेड़ टिक नहीं पाता तो सात से आठ साल के पेड़ उनकी जगह पर लगाए जाएंगे।

बीजद को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने की उम्मीद : पटनायक

भुवनेश्वर (भाषा)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए निश्चित तौर पर दबाव बनाएगा। भुवनेश्वर में एक सवाल के जवाब में पटनायक ने कहा, हां, वास्तव में हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण विधेयक पारित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजद महिला सशक्तिकरण पर भरोसा करता है। उन्होंने 2019 के आम चुनाव में पार्टी की एक तिहाई सीटों पर महिलाओं को चुनाव लड़ाने का हवाला भी दिया। पटनायक ने कहा, मेरे पिता बीजू पटनायक पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने वाले देश के पहले व्यक्ति थे।

ट्रंप की भारत यात्रा

सार्थक नतीजों की प्रतीक्षा

डेमोक्रेटों के साथ हो रही घटनाओं को देखते हुए 2016 के अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय इस साल नवंबर में दुहराई जा सकती है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि दुनिया भर की सरकारें अपने डिब्बे ट्रंप की ट्रेन से जोड़ने के प्रयास कर रही हैं, भले ही उनकी ट्रंप के बारे में व्यक्तिगत राय कुछ भी हो। लेकिन अन्य व्यावहारिक नेताओं के उलट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा ट्रंप के बीच कम से कम सार्वजनिक रूप से असली दोस्ती दिखती है। टेक्सास में हुए 'हाउडी मोदी' आयोजन में एक दूसरे का हाथ थामे दोनों नेताओं की फोटो को विश्व मीडिया में प्रमुखता मिली थी। इससे न केवल भारत के विपक्षी नेताओं, बल्कि दुनिया के अन्य नेताओं में भी ईर्ष्या पैदा हुई। हालांकि, बुजुर्ग लोग बच्चों को बताते हैं कि दोस्ती का आंकलन केवल प्रदर्शन के आधार पर नहीं होना चाहिए, पर तथ्य यह है कि भारत और अमेरिका को दोनों नेताओं की दोस्ती को मजबूत बनाने के लिए कुछ और करना होगा। निश्चित रूप से भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग मजबूत करने की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के कार्यकाल में हुई थी जिसे मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने मजबूत किया था। मोदी सरकार उसी आधार पर आगे निर्माण कर रही है। भारत अमेरिका से ज्यादा हथियार खरीदेगा जिसमें हेलीकाप्टर व हवाई रक्षा प्रणालियां शामिल हैं, लेकिन ट्रंप के साथ होने वाला व्यापार समझौता सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा जिसके बारे में फिलहाल कुछ स्पष्ट नहीं है। अमेरिका भारत में अपने डेरी उत्पादों की पहुंच बढ़ाना चाहता है, जबकि भारत वहां मवेशियों को दिए हारमोन व पशु तत्व युक्त चारे को लेकर चिन्तित है। इसके साथ ही वह भारतीय डेरी किसानों को संरक्षण देना चाहता है क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक

है। दूसरी ओर भारत लाभदायक शर्तों पर अमेरिकी बाजारों में पहुंच चाहता है। अमेरिका ने कहा है कि यह व्यवस्था केवल 'विकासशील' देशों के लिए है और जी-20 सदस्य भारत को 'विकासशील' नहीं कहा जा सकता है।

शायद लंबा-चौड़ा व्यापार समझौता न होने की आशंका से ही ट्रंप अपने प्रमुख आर्थिक सलाहकार को साथ नहीं ला रहे हैं। इसके साथ ही ट्रंप की यात्रा पर सत्तारूढ़ पार्टी को कुछ असहज करने वाले सवालों के जवाब देने होंगे। आज मोदी के साथ उनकी उपस्थिति ऐसी परिस्थितियों में होगी जब हमारी सरकार 'धार्मिक' परीक्षा में खरी नहीं उतरी है। धार्मिक आधार पर पहचान निर्धारित करने वाला नागरिकता संशोधन कानून-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी व राष्ट्रीय जनगणना रजिस्टर-एनपीआर से देश में गुस्सा भड़का हुआ है तथा प्रदर्शनकारी दो महीने बाद भी शांत होने का नाम नहीं ले रहे हैं। सरकार सैद्धान्तिक रूप से सभी धर्मों की 'समानता' घोषित करने वाले संविधान को चुनौती दे रही है तथा कुछ को दूसरों की तुलना में कम 'भारतीय' बता रही है। इससे संरा. समेत अनेक देशों ने उसके तानाशाही तरीकों पर चिन्ता प्रकट की है। कश्मीर में घेरेबंदी व हिरासतों से अमेरिका में बेचैनी फैली है तथा प्रमुख सिनेटर 'हिंदू भारत' के नाम पर लोकतंत्र के विकृतीकरण से भयभीत हैं। ट्रंप इस मुद्दे पर निश्चित रूप से सार्वजनिक व निजी बातचीत में टिप्पणी करेंगे। तालिबान पर शिकंजा लगाने के लिए वे पाकिस्तान को खुश करना चाहते हैं जो कश्मीर मुद्दा गरम करना चाहता है। ऐसे में बिजनेस मामलों में वे मोदी पर दबाव डालना चाहेंगे। हम भले ही '10 मिलियन लोग' की उनकी टिप्पणी पर हंसें, पर ट्रंप ने निश्चित रूप से इतने व्यक्ति अपने स्वागत में नहीं देखें होंगे। लेकिन इस यात्रा की सार्थक उपलब्धि क्या होगी।

ट्रंप की यात्रा पर जोश का माहौल

ट्रंप की यात्रा पर जोश का माहौल है लेकिन इसका आंकलन यात्रा के दौरान होने वाले समझौतों तथा अन्य निर्धारक तत्वों से होगा। इसका ज्यादा संबंध अहमदाबाद या अमेरिका में बनने वाली 'दीवालों' से नहीं है।

भूपिंदर सिंह
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शायद 'दीवालों' से विवादास्पद संबंध है। यह विमर्श मैक्सिको-अमेरिका सीमा पर बन रही 'दीवाल' से आगे जाता है जिसके निर्माण पर लगभग 25 बिलियन डालर खर्च होगा। हालिया मामला अहमदाबाद में बनी 400 मीटर लंबी व 7 फीट ऊंची दीवाल का है। ट्रंप के स्वागत में नई सड़कें बनाने, उनको ठीक करने, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा परिवहन व जलपान व्यवस्थाओं पर 1,00,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुआ है। 'दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम' में अतिथियों को लाने, सड़कों के किनारे पेड़ लगाने, फूल सजाने, सांस्कृतिक आयोजनों व 'विवादास्पद' दीवाल बनाने ने सारी जनता का ध्यान आकर्षित किया है और इसके पीछे विशिष्ट उद्देश्य है।

स्पष्ट रूप से आलोचकों के अनुसार इस दीवाल का उद्देश्य उन लगभग 800 परिवारों को छिपाना है जो हवाईअड्डे से मुख्य आयोजन स्थल के बीच सड़क के किनारे रहते हैं। सड़क के किनारे जनसंख्या के भारी घनत्व को देखते हुए इसका संबंध सुरक्षा से भी है और यह खासतौर से राष्ट्रपति का काफिला अबाधित रूप से गुजरने पर भी लक्षित है। लेकिन यह मूलत: एक 'सौंदर्यीकरण' कदम है जो केवल भारत में ही नहीं उठाया जाता है और न ऐसे आयोजनों की तैयारी के दृष्टिकोण से अवांछित है। निश्चित रूप से यह शहरी जीवन का एक दुखद यथार्थ है जिसे छिपाने का प्रयास हो रहा है। ऐसी 'पिक्चर पर्फेक्ट' दृश्यावली का नागरिकों की किसी सहभागिता से कोई संबंध भी नहीं है।

सरकार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के समय महत्वाकांक्षी व सटीक कदम उठाने के लिए गलत नहीं कहा जा सकता है, खासकर इसलिए कि यह आयोजन उभरते भारत की 'शान' बढ़ाने के लिए है जिसमें 'दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम' का उद्घाटन भी शामिल है। ऐसी स्थिति में सर्वोत्तम प्रदर्शन अपवाद न होकर सामान्य बात है। लेकिन निश्चित रूप से यह ऐसा यथार्थ छिपाने को लक्षित है जो किसी शहर के बीच में अक्सर दिख जाता है, फिर चाहे वह शहर अहमदाबाद हो अथवा नई दिल्ली या वाशिंगटन। राजकीय यात्रायें अनिवार्य रूप से व जानबूझ कर अति-संवेदनशील समझी जाती हैं और इनको सभी प्रकार से सुदूर यथार्थ से सुरक्षित रखा जाता है। शानदार जनपथ से राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट व लूटियनों की दिल्ली के अन्य भागों की यात्रा राजधानी के कुछ अन्य क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक विविधता, यथार्थ व वंचना को अभिव्यक्ति नहीं देती है जिसे महत्वपूर्ण लोगों के काफिलों से दूर रखा जाता है।

मोदी सरकार ने दिल्ली के अलावा देश के विभिन्न शहरों को विशिष्ट अतिथियों की यात्राओं के माध्यम से दिखाने की नई अवधारणा पेश की है। यह अनोखा विचार जाने-अनजाने विकास सुविधायें प्रदर्शित करने की दिशा में एक कदम है। इस दृष्टिकोण से अनेक शहरों को लाभ भी हुआ है, चाहे वह जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की वाराणसी यात्रा हो या चीनी राष्ट्रपति का चेन्नै में स्वागत। पहले शी जिनपिंग का स्वागत कर चुके अहमदाबाद को एक बार फिर एक हाई-प्रोफाइल विदेशी अतिथि के स्वागत का अवसर मिला है। कहा जा सकता है कि इन यात्राओं से अहमदाबाद व प्रधानमंत्री के राजनीतिक क्षेत्र वाराणसी को अन्य की तुलना में ज्यादा लाभ मिला है।

सरकार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के समय महत्वाकांक्षी व सटीक कदम उठाने के लिए गलत नहीं कहा जा सकता है, खासकर इसलिए कि यह आयोजन उभरते भारत की 'शान' बढ़ाने के लिए है जिसमें 'दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम' का उद्घाटन भी शामिल है।

लेकिन गुजरात के 'धरती पुत्र' तथा वाराणसी में 'जनता के प्रतिनिधि' को शायद इतनी पसंद का अधिकार है। बीजिंग में भी 2008 ओलम्पिक के दौरान विभिन्न स्थानों पर ऐसी 'दीवालें' बनाई गई थीं। चीन ने इस अवसर का प्रयोग वैश्विक स्तर पर अपने 'आगमन' की घोषणा के लिए किया था। उस समय चीन ने मुख्य ओलम्पिक क्षेत्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बने अपनी टेंपल-इमारतों की बहाली व रंगाई-पुताई पर ही 130 मिलियन डालर से अधिक खर्च किए थे। लेकिन इसके काफी समय बाद रियो डेजीनेरो को 'शर्मनाक दीवाल' पर बहुत आलोचना झेलनी पड़ी थी जिसका निर्माण 2016 में नए चमकदार ओलम्पिक शहर तथा रियो डेजीनेरो की मलिन बस्तियों के बीच किया गया था जहां शहर की काफी जनता रहती थी। हवाईअड्डे से जाने वाले पांच मील लंबे रास्ते के दोनों ओर 10 फीट ऊंची 'दीवाल' बनाई गई थी। सभी जानते थे कि इसका उद्देश्य ब्राजीलियन जीवन की असमानतायें छिपाना था।बाद में एक्टिविस्टों ने ऐसे कदमों को बेशर्म प्रदर्शन बता कर इनकी निन्दा की। उन्होंने इन 'दीवालों' का प्रयोग सरकार की आलोचना व उसके खिलाफ विद्रोह प्रदर्शन के लिए भी किया। लेकिन ऐसे आयोजनों में सभी पक्षों का बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, इसलिए दीवालें खड़ी करना गलत नहीं कहा जा सकता है, भले ही वे यथार्थ छिपाने में सहायक न हो सकें।

दिल्ली में 2010 में हुए कामनवेल्थ खेलों में कुछ क्लस्टरों के चारों ओर बांस के घने 'पर्दे' उगाए गए थे। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग इस आयोजन ने नई दिल्ली के शानदार चमचमाते हवाईअड्डे, शानदार मेट्रो तथा स्ट्रीटलाइट लगी सड़कों का भी प्रदर्शन किया था। इस महत्वपूर्ण ढांचागत परिवर्तन से शहर का चेहरा और उसके बारे में व्याप्त भावनायें बदल गई थीं।

भारत में दिल्ली के अलावा अन्य शहरों के केन्द्र तक हवाईअड्डे से पहुंचने के रास्ते ऐसे हैं जिनके लिए अनेक सुधारों, विस्तार तथा अपरिहार्य रूप से 'दीवालें' खड़ी करना जरूरी हो गया है। यह व्यावहारिक, सौंदर्यशास्त्रीय व सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी हो गई हैं। ऐसी 'दीवालों' पर जनता की भावनायें अनावश्यक रूप से भड़काई जाती हैं और बहस शुरू होती है। इनको संवेदनशील रूप से यात्रा के अन्य पक्षों पर सार्थक तरीके से केन्द्रित किया जा सकता है। इनमें समझौते, सहमतियां तथा लेनदेन शामिल हैं जिनका प्रभाव लोगों के जीवन पर पड़ता है।

ऐसी 'दीवालों' पर 'बहुत अधिक' महत्व का सर्व-स्वीकार्य फार्मूला तैयार करना कभी संभव नहीं हुआ है। आम जनता की सोच से संकेत मिलता है कि सौंदर्यीकरण तथा संबंधित आवश्यकताओं का तत्व, 'छिपाने' का तरीका मान लिया जाता है। इसके उलट जनता की नजर हस्ताक्षरित कागजों पर केन्द्रित रहनी चाहिए जो लागू होंगे या नहीं। यही बात ट्रंप की यात्रा के बारे में भी सही है जिनमें ट्रंप की कुछ 'असहमतियां' भी शामिल हैं। ऐसे में केवल 'दीवालों' पर बहस से व्यापक परिप्रेक्ष्य पीछे छूटने की प्रवृत्ति विकसित होती है।

शायद अहमदाबाद में साबरमती नदी के किनारे हुए प्रख्यात चायपान की आलोचना करना ज्यादा व्यावहारिक होगा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शी जिनपिंग का यहां अतिथि सत्कार किया था। विडंबना है कि शी जिनपिंग की यात्रा के समय चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए सीमा पर भारतीय सेना से उलझ रही थी। आक्रामक आकर्षण की 'उपयोगिता' सीमित होती है और शास्त्रीय 'अतिथि देवो भव' कहावत का ट्रंप या शी जिनपिंग जैसे बिजनेस को केन्द्र में रखने वाले नेताओं पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है।

1950 के दशक का 'हिंदी चीनी भाई भाई' नारा हमें भुलाना नहीं चाहिए। इसी प्रकार वह स्मृति भी नहीं भुलाई जा सकती है जब 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा बंगाल की खाड़ी में आने वाला था। भले ही 2020 में बनी छोटी 'दीवालें' बहुत अच्छी न लगती हों, पर ये समकालीन सरोकारों के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण नहीं हैं।

भारत-अमेरिका व्यापार मुद्दों का समाधान आवश्यक

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक इंडिया आईआईटी परिषद के प्रबंधक हैं)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पधार चुके हैं। ध्यान खींचने वाली अमेरिका गोपनीय सेवा के कर्मियों ने उन जगहों का छानबीन की जहां उनके आने की उम्मीद है। उनके स्वागत में भारत में नमस्ते ट्रंप का आयोजन किया गया है जिसे पहले केम छो ट्रंप का नाम दिया गया था। यह हस्टन में हाउडी मोदी के बाद रणनीतिक मित्रता का शानदार प्रदर्शन होगा। ट्रंप ने पहले ही मोदी को फेसबुक पर नंबर-1 होने का बयान दिया था, और वो लाखों लोगों की भावी मौजूदगी से प्रसन्न हैं, जो भारत में उनका स्वागत करने के लिए खड़े थे।

हजारों लोगों की नजरें, भारत-अमेरिका रणनीतिक साझीदारी पर टिकी हुई हैं। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिकी वस्तुओं व सेवाओं के लिए अपना बाजार और खाले तथा क्षेत्र में उसके संतुलनकारी साझीदार के रूप में काम करते हुए चीन के प्रभुत्व से उभरने वाले खतरे से निबटे। अपनी अमेरिका प्रथम, नीति को आगे बढ़ाते हुए ट्रंप भारत को वरीयतापूर्ण दर्जा देने से, खासकर व्यापार के क्षेत्र में, पीछे हटे हैं। कुछ दिनों पहले, उन्होंने घोषणा की थी कि भारत की राष्ट्रीय औसत आय 2,000 डॉलर है, और इसलिए वो तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ चीन की तरह विकसित देश बन गया है। इस प्रकार, उन्होंने भारत को वरीयतापूर्ण व्यापार नीति से बाहर करने को उचित ठहराया है।

इसके साथ ही, अमेरिका के थिंक टैंक, विश्व जनसंख्या पुनरावलोकन, ने भारत को पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था घोषित किया है, जिसने ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है। भले ही, यह कुछ क्षेत्रों में उत्सव का विषय हो, लेकिन अनेक लोग इस घटनाक्रम को सार्थक व्यापार समझौते के दृष्टिकोण से निराशाजनक मानते हैं।

भारत इस चरण पर अमेरिका के साथ वरीयता की सामान्यीकृत प्रणाली (जीएसपीएस) कार्यक्रम की बहाली चाहता है, जिससे वह लगभग शून्य टैरिफ पर अमेरिका को छह अरब डॉलर मूल्य की वस्तुएं निर्यात कर सकेगा। हालांकि, यह भारत के अमेरिका को होने वाले कुल निर्यात के 10 प्रतिशत

से भी कम है। व्यापार पर नजर रखने वाले अनेक नीति विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि अमेरिका, भारत में पांच-छह अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात करना चाहता है। उसे ऐसे समझौते की उम्मीद है जिस में भारत व अमेरिका के बीच ट्रंप की भारत यात्रा के समय 3.5 अरब डॉलर रक्षा समझौते हों। इनमें, 30 आक्रामक हेलीकाप्टर शामिल हैं जिनका प्रयोग नौसैनिक कार्रवाइयों में होगा। यह हिन्द महासागर में रणनीति का प्रमुख औजार बनेंगे, जहां चीन अपनी ताकत बढ़ा रहा है। हथियारों व सैन्य हेलीकाप्टरों की बिक्री को भारत-अमेरिका व्यापार के दायरे में देखा जा रहा है या नहीं, इस सवाल का जवाब बहुत जटिल है।

दोनों देशों में चीख पुकार मचाने वाली अनेक लॉबियां हैं, जो कृषि उत्पादों व चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों के बारे में चिंतित हैं। कुल मिलाकर, यात्रा से पहले ऐसी खबरें आई हैं कि भारत कुछ फ्रोजन मांस उत्पादों तथा सूखे मेवों पर टैरिफ घटा सकता है। डेरी उत्पादों के मामले में शाकाहारी प्रकृति पर लगे कठोर नियंत्रण भी हटाए जा सकते हैं। चिकित्सा उपकरणों पर भी सीमित छूट दी जा सकती है, जबकि जीएसटी लागू होने के बाद इनकी मूल्य सीमा भारत ने तय की थी।

वर्तमान समय में एक मिनी व्यापार समझौते की संभावना है, जो अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राबर्ट लाइट हिजर, द्वारा की जाएगी। ट्रंप की यात्रा के एक सप्ताह पूर्व उन्होंने इस समझौते के आयाम तय किए हैं। जिसके लिए भारतीय समकक्ष वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से उनकी वीडियो कान्फ्रेंसिंग हुई थी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों के बीच हुआ समझौता एक अरब के आंकड़े तक जाएगा या नहीं।

बहुत से लोगों को आशा है कि पहले की तरह महत्वपूर्ण नेताओं की बैठक से फौरन पहले कोई बड़ी घोषणाएं शायद नहीं की जाएंगी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भार की स्थायी सदस्यता के लिए अमेरिका के समर्थन पर निर्णय तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के भारतीय संसद को संबोधन से 15 मिनट पहले लिया गया था। इससे उम्मीद थी कि हस्टन में वर्ष्ष हाउडी मोदी के साथ व्यापार समझौते की घोषणा भी होगी। पर, शायद यह नमस्ते ट्रंप के समय हो।

समझौता हो या नहीं, भारत व अमेरिका के बीच डिजिटल व्यापार काफी महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच सेवाओं के व्यापार में डिजिटल जगत का बहुत महत्व है। अमेरिकी कम्पनियों ने भारतीय समकक्षों व सरकार द्वारा टैरिफ व गैर टैरिफ बाधाओं पर चिंता जताई है, जिससे भारत में अमेरिकी टेक फर्मों की पहुंच सीमित हो जाती है। उदाहरण के लिए, आंकड़ा संरक्षण बिल में सरकार ने गैर व्यक्तिगत आंकड़ों के साझे तथा आंकड़ा स्थानीयकरण के संबंध में नियम बनाए हैं। इससे दोनों महान लोकतंत्रों के बीच साझा डिजिटल अर्थव्यवस्था परोक्ष रूप से जुड़ी महसूस होती है। टैरिफ व गैर टैरिफ बाधां हटाने से, खासकर तकनीक के क्षेत्र में, दोनों देशों के बीच रणनीतिक व सार्वजनिक नीतिगत साझीदारी विकसित होगी। एक साथ काम करने का एक और क्षेत्र, 5जी संचार के बारे में प्रोटोकाल विकसित करना है। भारत व अमेरिका स्वाभाविक रूप से नए डिजिटल व्यापार जगत में साझीदार होंगे। यदि दृष्टिकोणों व बड़बोले बयानों को अलग रखा जाए, तो दोनों देशों के नेताओं को एक सार्थक व समयबद्ध समाधन निकालकर एक दूसरे के सरोकारों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि व्यापर मुद्दों के समाधान के साथ ही स्थानीय बाजारों की समृद्धि सुनिश्चित हो सके।

आप की बात

सबसे पुरानी पार्टी का संकट

कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र बहाल करने व सक्षम नेता चुनने की बात होती है लेकिन कोई 'बिल्ली के गले में घंटी बांधने' को तैयार नहीं है। कांग्रेस में अनेक सक्रिय युवा नेता हैं, पर अपनी प्रासांगिकता समाप्त होने से डरने वाले वरिष्ठ नेताओं ने उनको हाशिए पर धकेल दिया है। सोनिया गांधी ने उसे एकजुट बनाए रखा है और नेहरू-गांधी परिवार गोंद की तरह काम कर रहा है। लेकिन वे समझ नहीं पा रही हैं कि बच्चों को विरासत कैसे सौंपी जाए। पीढ़ीगत अंतर के साथ जिद्दी राहुल गांधी के समर्थकों से भी समस्या पैदा हो रही है। प्रियंका गांधी अपनी कुछ क्षमताओं के साथ विरासत संभालने को तैयार हैं, वे भीड़ को आकर्षित करने में सफल हैं, पर उनकी क्षमता का प्रयोग नहीं किया गया है। प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव पर असर डालने में विफल रहीं, जबकि उनको पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी महासचिव बनाया गया था। नेहरू-गांधी परिवार अमेठी में अपना गढ़ भी नहीं बचा सका। भीड़ को खुश करने वाले भाषणों तथा वाराणसी में मल्लाहों के साथ कुछ नाटकीय समय बिताने के बावजूद प्रियंका को ऐसा संगठन मिला था जो भाजपा के सामने लड़खड़ा रहा था। मगर अब ज्यादा गलतियों की गुंजाइश नहीं है।

– **सविता मिश्रा,** लखनऊ

घातक संक्रमणों का खतरा

कोरोना वाइरस ने चीन में विनाशलीला दिखाते हुए करते हुए यह संकेत भी किया है कि पिछले दशक की व्यवस्थायें नए रूपों में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए काफी नहीं हैं। भारत में भी संक्रामक बीमारियों का खतरा गंभीर हो रहा है। विशेषज्ञों का दावा है कि पिछले 100 वर्षों से इस खतरे में ज्यादा परिवर्तन नहीं हुआ है। 1918 में भारत स्पैनिश इन्फ्लूएंजा से सर्वाधिक प्रभावित देश था। पिछले चार दशकों से हम इन्फ्लूएंजा और इन्सेफेलाइटिस महामारियों को रोकने के प्रयास कर रहे हैं। दुनिया तथा भारत के स्तर पर हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि तकनीक को केन्द्र में रख कर महामारियों से निपटने की व्यवस्था में कैसे सुधार किया जाए। महामारियां राष्ट्रीय सीमाओं से बाधित नहीं होती हैं, इसलिए एक वैश्विक निगरानी व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है जिसमें डब्लूएचओ व अनेक अंतरराष्ट्रीय फाउंडेशन प्रेरक भूमिका अदा कर सकते हैं। सभी देशों को बीमारियों के बारे में सूचनायें सार्वजनिक करनी चाहिए तथा परस्पर सहयोग के द्वारा इन बीमारियों से लड़ने व उनके प्रतिरोध के लिए उपयुक्त शोध के माध्यम से तरीके ईजाद करने चाहिए। खतरा सारी दुनिया के समक्ष मंडरा रहा है।

– **निषीथ रंजन,** आगरा

पाकिस्तान का नाटक

पाकिस्तान ने घोषित वैश्विक आतंकी व 2008 में मुंबई धमाकों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को आतंकी-फाइनेंसर के आरोप में गिरफ्तार किया है। स्पष्ट रूप से पाकिस्तान ने मनीलांड्रिंग-विरोधी वैश्विक निगरानी एजेंसी वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ की कठोर कारवाई से बचने के लिए यह कदम उठाया है क्योंकि उसकी कार्रवाई से पाक की अंतरराष्ट्रीय सहायता बंद हो सकती है। दुनिया को संतुष्ट करने के लिए पहली बार सईद पर निशाना नहीं लगाया गया है जो भारत के खिलाफ पाकिस्तान के आंतकी कार्रवाइयों का मुख्य षडयंत्रकारी है। पाकिस्तान सईद को बार-बार हिरासत में लेता और छोड़ता रहा है तथा अमेरिकी हाउस विदेश समिति कमेटी के अनुसार 2001 के बाद आठ बार उसे घर में नजरबंद रखा गया है। भले ही इन अस्थाई कदमों से उसे थोड़े समय के लिए रोका गया हो, पर वह देश भर में अपनी इच्छा से घूमता रहता है। पाकिस्तान ने अनेक नए आतंकी नेटवर्कों को जन्म दिया है जिससे उनके नाम आतंकी सूची से हट जाते हैं।

– **समीर सिंह,** कानपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।

फरमाया

कहते हैं हमने महिलाओं को मैदान में उतारा है। अभी केवल शेरनियां बाहर आई हैं और पसीने छूट रहे हैं। हम सब बाहर आएंगे तो क्या होगा।

– **वारिस पठान**
एआईएमआईएम नेता

ऐसा लगता है कि एआईएमआईएम व भाजपा एकसाथ आ गए हैं और एक विभाजनकारी एजेंडा चला रहे हैं।

– **सचिन सावंत**
महाराष्ट्र पीसीसी महासचिव

कानून का शासन आधुनिक संविधानों का प्रमुख तत्व है। इसकी सफलता से स्पष्ट होगा कि न्यायपालिका उभरती चुनौतियों का कैसे मुकाबला करती हैं।

– **एस.ए. बोब्डे**
भारत के प्रधान न्यायाधीश

अलीगढ़ में हुई हिंसा के मुद्दे पर विपक्ष ने किया हंगामा

विधानसभा की कार्यवाही

● सपा-बसपा ने किया वाकआउट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अलीगढ़ में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा का मामला विधान सभा में उठा। वहीं सदन में सीएजी रिपोर्ट भी रखी गयी। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस ने सरकार पर प्रदर्शनकारियों का दमन करने का आरोप लगाते हुए मुद्दे पर चर्चा की मांग की जिस पर विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने प्रश्नकाल के बाद चर्चा करवाने की बात कही, नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रदर्शन करना हर किसी का लोकतांत्रिक अधिकार है। लोग सीएए कानून के खिलाफ सड़कों पर हैं। सरकार प्रदर्शनकारियों का दमन कर रही है जो कि पूरी तरह गलत है। प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब है। इस पर चर्चा करने से सरकार बच रही है। इस मामले में सपा और कांग्रेस सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

सदन की कार्यवाही जैसे ही 11 बजे शुरू हुई वैसे ही सपा सदस्यों ने अलीगढ़ में हुई हिंसा का मामला उठाया, रामगोविन्द चौधरी ने यह

मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि अलीगढ़ में रविवार को सीएए का विरोध कर रही महिलाओं समेत प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि राम गोविंद चौधरी हर बार एक ही मुद्दा उठाकर सदन का वक्त बर्बाद कर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि इन विरोध प्रदर्शनों को कौन हवा दे रहा है और नए नागरिकता कानून से कौन प्रभावित हो रहा है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने इस मुद्दे पर प्रश्नकाल के दौरान ही चर्चा कराने पर जोर देते हुए कहा कि वह जो मुद्दे उठा रहे हैं वह रविवार की ही घटना से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसदीय कार्य मंत्री इस मुद्दे पर जवाब देने से बच रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने इसका जवाब देते हुए कहा कि हमारे पास हर चीज का जवाब है और कानून-व्यवस्था सरकार की पहली प्राथमिकता है। संसदीय कार्य मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सपा के सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा की अगुवाई में कांग्रेस विधायक भी सरकार पर महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए सदन से बाहर चले गए। दरअसल पुलिस द्वारा रविवार को अपर कोट क्षेत्र में महिलाओं को प्रदर्शन करने से रोकने पर भीड़ में से किसी ने पथराव शुरू कर दिया। उसके बाद स्थिति बिगड़ने लगी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर बुलेट का इस्तेमाल किया। इस संघर्ष में पांच लोग घायल हो गए।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाया जाएगा: खन्ना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सपा व कांग्रेस ने की अलीगढ़ मामले की जांच कराने की मांग

विधानसभा में नियम 56 के तहत अलीगढ़ में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रही महिलाओं पर हुए लाठीचार्ज के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के मौजूदा जज तथा कांग्रेस ने मामले की न्यायिक जांच की मांग रखी। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा कदम उठाया जाएगा। संसदीय कार्यमंत्री के इस जबाव से असंतुष्ट होकर सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि अलीगढ़ में अराजक स्थिति फैलाने वालों ने पुलिस की गाड़ी व दमकल की गाड़ियां तोड़ीं, मोटर साइकिल जलाई तब मजबूर हो कर पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उन लोगों को बेनकाब करेगी जो इस प्रदर्शन के पीछे पीठ थपथपाने का काम कर रहे हैं, वही सदन में आकर ड्रामा करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए विपक्ष जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि वहां पर लड़ाई सिर्फ नेतृत्व की हो रही है। नेता विरोध दल रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि अलीगढ़ में सीएए का विरोध कर रही महिलाओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसूगैस का प्रयोग किया साथ गोलियां भी चलाई। उन्होंने कहा कि इस देश में प्रत्येक नागरिक को सरकार के सामने अपनी बात रखने का अधिकार है। अलीगढ़ में भी महिलाएं भी वही कर रही थीं लेकिन सरकार ने दमकारी नीति अपना कर उन पर लाठी चार्ज किया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा ने कहा कि अलीगढ़ मामले को लेकर सीधे-सीधे सरकार जवाबदेह है। उन्होंने कहा सदन की कार्रवाई रोक कर इस मामले पर चर्चा करनी चाहिए साथ ही इस मामले की न्यायिक जांच हो।

विधान परिषद में भी रही अलीगढ़ कांड की गूंज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● फिल्मों को टैक्स-फ्री करने में सरकार पर मनमानी का आरोप

अलीगढ़ की घटना सहित कानून व्यवस्था और फिल्म छपाक को टैक्स-फ्री न किये जाने को लेकर विधान परिषद में आज भारी हंगामा हुआ। विपक्ष ने सरकार पर भय और दहशत का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया और सपा सदस्यों ने बेल में आकर नारेबाजी की। कानून-व्यवस्था पर सरकार के जबाव से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने वाकआउट कर अपना विरोध दर्ज कराया।

विधान परिषद की कार्यवाही शुरू होने के करीब आधा घंटे बाद सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुये अलीगढ़ का मामला उठाया और सदन की कार्रवाई रोक का चर्चा कराने की मांग की। जिसका सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया। सत्ता पक्ष का आरोप था कि विपक्ष जानबूझ कर सदन को नहीं चलने देना चाहता और प्रश्नकाल में बिना किसी सूचना के नियमों के खिलाफ मामला उठा रहा है। जिसका कड़ा विरोध करते हुये सपा सदस्य वेल में आ गये और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने नोकझोंक होने लगी। जिस पर सभापति ने शून्यकाल के दौरान मामले को उठाने की विपक्ष को सलाह दी। इसके बाद भी हंगामा न थमने पर सदन की कार्यवाही को बीस मिनट के लिये स्थगित कर दिया गया।

शून्यकाल में सपा ने कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर अलीगढ़ की घटना को उठाकर कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरने की कोशिश की। सपा के आनंद भदौरिया ने सीएम योगी आदित्यनाथ के उस बयान को उनके पद की गरिमा के खिलाफ बताया , जिसमे उन्होंने कहा है कि जो मरने के लिये निकलेगा, मारा जाएगा। जिसका भाजपा सदस्यों ने विरोध किया। श्री भदौरिया ने कहा कि सरकार ने लखनऊ मे पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करके तमाम आईपीएस अधिकारियों की तैनाती कर दी है, लेकिन इसके बावजूद लखनऊ में अपराध नहीं थम रहे हैं। चर्चा में भाग लेते हुये सपा के रामशरण निषाद, नसीमुद्दीन सिद्दीकी और बसपा सदस्यों ने भी कानून-व्यवस्था पर अपनी बात रखी।

नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन ने कहा ने केन्द्रीय एजेन्सी की रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा कि सरकार कहती है कि कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है, लेकिन इसके विपरीत केन्दीय एजेन्सी की रिपोर्ट में कहा गया है कि लखनऊ में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। महिला अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे है। उन्होने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में रेप में रखे गये 24 हजार मामलों में सबसे अधिक मामले यूपी के है। इस बीच नेता सदन डा. दिनेश शर्मा ने कानून-व्यवस्था को दुरस्त बताते हुये सरकार का पक्ष रखना चाहा, लेकिन उनके रूख से नाराज सपा सदस्यों ने सदन का वाक आउट करके अपना विरोध दर्ज कराया।

इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान फिल्मों को टैक्स-फ्री किये जाने को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सपा के शशांक यादव के सवाल पर पूछा गया था कि राज्य में फिल्म को टैक्स-फ्री किये जाने की क्या नीति है और फिल्मों को टैक्स-फ्री करने के क्या मापदंड हैं। नेता सदन डा. दिनेश शर्मा ने सदन में सवाल का विस्तार से जबाव रखा। जिस पर विपक्षी सदस्यों ने कहा कि छपाक फिल्म प्रदेया की एसिड पीड़ित महिला पर आधारित है और इस फिल्म के बड़े भाग की शूटिंग यूपी में हुई है। कई राज्यों में इस फिल्म को टैक्स-फ्री किया गया, लेकिन यूपी में नही किया गया। विपक्ष का अरोप था कि फिल्मों को टैक्स-फ्री किये जाने में मनमानी हो रही है, इसके लिये सरकार को एक कमेटी का गठन करना चाहिए।

अलीगढ़ लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने धरना दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में सीएए व एनआरसी के खिलाफ धरना दे रहे लोगों पर बीते रविवार को हुई लाठीचार्ज व फायरिंग की घटना के विरोध में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानभवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। इस मौके पर विधानपरिषद में कांग्रेस के नेता दीपक सिंह भी मौजूद रहे। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने इस मौके पर कहा कि अलीगढ़ में पिछले 2 दिनों से सीएए और एनआरसी के विरोध में शांति पूर्वक धरना दे रहे लोगों पर पुलिसिया ताण्डव हुआ, जिनमें ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग थे। थाना कोतवाली ऊपरकोट के अंतर्गत ऊपरकोट तथा बाबरी मण्डी, घास की मण्डी, शाहजमाल व चरखवालान सहित अन्य स्थानों पर शांति पूर्वक धरना दे रहे लोगों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े तथा फायरिंग भी की। शांति पूर्वक धरना दे रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़-खदेड़ कर मारा-पीटा। पुलिस की इस बर्बर कार्रवाई में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मोना मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से भारतीय जनतापार्टी की सरकार सत्तारूढ़ हुई है तब से पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल व्याप्त हो गया है। ऐसा लगता है कि जैसे प्रदेश में कानून का राज समाप्त होकर जंगल राज कायम हो गया है।

अधिकारियों की गैर मौजूदगी से सरकार की हुई फजीहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● वैकल्पिक ऊर्जा के सवाल पर जवाब नहीं दे पाए मंत्री, सपा ने किया वाकआउट

विधान सभा में अधिकारियों की गैर मौजूदगी के कारण सरकार को असहज होना पड़ा और विपक्ष को पूरा मौका मिल गया। सरकार के जवाब न देने के कारण सपा ने सदन से वाकआउट किया। यह पहला मौका नहीं है जब अधिकारियों के गैर मौजूदगी की वजह से सरकार की किरकिरी हुई है। आमतौर प्रश्नकाल के दौरान संबन्धित विभाग का प्रमुख सचिव या सचिव राज्यपाल दीर्घा में बैठे होते हैं ताकि किसी सवाल पर सरकार अगर घिरे तो उसका जवाब दिया जा सके। मगर सोमवार को ऊर्जा मंत्री के सवाल पर विभाग का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था।

प्रश्नकाल के दौरान सपा के संजय गर्ग ने सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में बढ़ती ऊर्जा की मांग के दृष्टिगत और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सोलर ऊर्जा संयंत्रों पर केन्द्र सरकार के अलावा क्या राज्य सरकार भी वर्तमान वित्तीय वर्ष में 30 प्रतिशत सब्सिडी की व्यवस्था करेगी? वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि उप्र सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा नीति 2017 घोषित की गई है। सौर ऊर्जा नीति के अनुसार निजी भवनों में ग्रिड संयोजित सोलर रूफ टाप संयंत्र की स्थापना को बढ़ावा दिए जाने के लिए भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रीय वित्तीय सहायता के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा 15000 रुपए प्रति किलो वाट अधिकतम 30000 रूपए प्रति उपभोक्ता अनुदान निर्धारित किया गया है। सोलर सिंचाई पम्प की स्थापना पर प्रदेश के कृषकों को राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में 2 एवं 3 एचपी क्षमता के डीसी, एसी पम्प के लिए 45 प्रतिशत तथा 5 एचपी क्षमता के पम्प पर 30 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट मोड जिला योजना के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों द्वारा सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना कराये जाने पर 7100 रुपए प्रति स्ट्रीट लाईट राज्यानुदान दिये जाने का प्राविधान है

अनुपूरक सवाल करते हुए संजय गर्ग ने जानना चाहा कि रूफटाप सोलर प्लांट को लेकर कितने लाभार्थी हैं और उन्हें कितना केंद्रांश दिया गया है। उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि 2017 से लेकर 2020 तक कितने लाभार्थी हैं? सरकार पर कैपिटा ऊर्जा खपत को बढ़ाने के लिए ऊर्जा नीति में पुनर्विचार करेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 54 प्रतिशत मांग बढ़ी है। प्रदेश में एक करोड़ से अधिक परिवारों के घर रोशनी से चमके हैं। इस जवाब पर गर्ग ने अपना जवाब चाहा जिस पर ऊर्जा मंत्री लिखित जवाब पढ़ने लगे, सपा और बसपा के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जो सवाल किया गया है उसका जवाब नहीं दिया जा रहा है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा ने वाकआउट किया। जब श्रीकांत शर्मा सवाल का जवाब दे रहे थे तो विभाग के अधिकारी सदन में मौजूद नहीं थे।

मुख्यमंत्री इतिहास की गलत व्याख्या कर समाजवाद बनाम राष्ट्रवाद की खाई खींच रहे हैं: नेता प्रतिपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सदन में बजट पर चर्चा शुरू

विधान सभा में सोमवार से बजट पर चर्चा शुरू हो गई। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार डा अंबेडकर के बनाए संविधान की ही नहीं बल्कि वह अपनी पार्टी के संविधान की भी धज्जियां उड़ा रही है। हमारे मुख्यमंत्री समाजवाद पर कटाक्ष कर रहे हैं। बीजेपी के पार्टी संविधान में समाजवाद में सच्ची निष्ठा रखने का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री ने शायद न तो देश का और न ही अपनी पार्टी का संविधान पढ़ा है। इसीलिए समाजवाद, राष्ट्रवाद व राष्ट्रीयता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। समाजवाद और राष्ट्रवाद के बीच अंतर्विरोध पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इतिहास की गलत व्याख्या करके समाजवाद बनाम राष्ट्रवाद की खाई खींच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवाद भारतीय संविधान की अभिन्न अंग है। संविधान का प्रमुख उददेश्य है जो उसकी उददेशिका में उल्लिखित है। मुख्यमंत्री का यह समाजवाद विरोधी विचार गैर संवैधानिक है।

राम गोविंद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस रामराज्य के बारे में बात की, वह समाजवाद से ही आएगा। भगवान राम ने भी सबके लिए काम किया था। उन्होंने देश के संविधान और भारतीय जनता पार्टी के संविधान के उन हिस्सों का हवाला दिया जिनमें समाजवाद की बात कही गई है। भाजपा के लिए राम वोट का साधन हैं जबकि वह हमारे लिए वह अराध्य हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री समाजवाद को बुरा-भला कह रहे हैं, वह इसे समझ नहीं सके हैं। उन्होंने संविधान के नाम पर शपथ ली है जिसमें समाजवाद की बात कही गई है। वह इससे कैसे इनकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जब से कमान संभाली है प्रदेश में जन जीवन तनावग्रस्त हो गया है। भय का वातावरण बन गया है, महिलाएं न घर में सुरक्षित हैं न बाहर सुरक्षित हैं। भाजपा सरकार जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का कार्य कर रही है। दरअसल राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर पिछले सप्ताह बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि देश को रामराज्य की आवश्यकता है, न कि समाजवाद की। उन्होंने कहा था कि इस देश में रामराज्य ही चाहिए, समाजवाद नहीं चाहिए। क्योंकि जो अस्वाभाविक है, अप्राकृतिक है और अमानवीय है, वह चेहरा समाजवाद का देश के सामने आया है। जो सार्वभौमिक है, सार्वदेशिक है, सर्वकालिक है, काल-परिस्थितियों से परे शाश्वत है, वही रामराज्य है।

सरकार को बदनाम करने के लिए मप्र और राजस्थान से छोड़े जा रहे हैं यूपी में जानवर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आवारा पशुओं के मामले में कांग्रेस ने किया वाकआउट

सदन में गौवंश को लेकर कई सवाल उठे, आवारा पशुओं के मामले में कांग्रेस ने सदन से वाकआउट किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा से जानबूझकर पशुओं को यूपी में छोड़ा जा रहा है ताकि योगी सरकार को बदनाम किया जा सके।

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के अजय कुमार लल्लू ने सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में आवारा पशुओं द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है सरकार उसे रोकने के लिए क्या उपाए करेगी? किसान फसल के तबाह होने से आत्महत्या कर रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए पशुधन मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि इस मामले में पशुध विभाग द्वारा आंकड़े संकलित नहीं किए जाते हैं। साथ ही उनके विभाग ने छुट्टा जानवरों द्वारा फसलों को पहुंचाए गए नुकसान के बारे में कोई आंकड़ा नहीं जुटाया है। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा ने इसे मंत्री का गैर-जिम्मेदाराना जवाब करार दिया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। छुट्टा पशुओं द्वारा फसल बर्बाद किए जाने से परेशान किसान आत्महत्या कर रहे हैं। सरकार का यह जवाब गैर-जिम्मेदाराना है और सरकार को कांग्रेस सदस्य के सवाल का जवाब देना चाहिए। अजय कुमार ने कहा कि सरकार जवाब नहीं देना चाहती है। चौकीदार कहते हुए सरकार सत्ता में आई थी और आज किसान अपनी फसलों का पहरेदार बन गया है। क्या सरकार किसान आयोग का गठन करेगी और फसल की पहरेदारी करने वालों को कोई भत्ता देगी। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि उनकी सरकार को बदनाम करने के लिए मध्य प्रदेश और राजस्थान से छुट्टा पशुओं को उत्तर प्रदेश में छुड़वाया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों से कहा कि वे मध्य प्रदेश और राजस्थान से शुरू हुए इस सिलसिले को रुकवाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार इस मुद्दे को लेकर काफी गंभीर है और वह छुट्टा गोवंशीय पशुओं को सहारा देने के लिए गौ आश्रय स्थल खुलवा रही है। इसके लिए धन भी जारी किया गया है। जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने सरकार पर किसानों की परेशानियों के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन किया।

प्रदेश में 9,261 गोवंशीय पशुओं की हुई स्वाभाविक मौत

लखनऊ। आवारा पशुओं के मामले में सत्तारूढ़ दल के विधायक सुरेंद्र सिंह ने ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि गौमाता की जय या भारत माता की जय से काम नहीं चलेगा इसे अपने काम में भी उतारना होगा। सरकार गौवंश आश्रय स्थल में सेवादार नियुक्त करें। प्रदेश सरकार ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2019 में राज्य में 9,261 गोवंशीय पशुओं की मौत हुई। इन मामलों में किसी भी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई क्योंकि सभी स्वाभाविक मौतें हैं। प्रदेश के पशुधन मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बसपा सदस्य सुषमा पटेल द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि वर्ष 2019 में 9,261 गोवंशीय पशुओं की मौत हुई। चूंकि यह सभी मौतें स्वाभाविक थीं, इसलिए किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई है। सदन में सपा और विपक्ष के नेता रामगोविंद चौधरी ने मंत्री के इस जवाब पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने पोस्टमार्टम कराए बिना यह कैसे तय कर लिया कि गोवंशीय पशु स्वाभाविक मौत से मरे। इस पर मंत्री ने जवाब देते हुए स्वीकार किया कि किसी भी जानवर का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया है लेकिन अगर आशंका पैदा करने वाला कोई मामला उनके संज्ञान में आता है तो वह उसकी जांच कराएंगे। भाजपा सदस्य सुरेन्द्र सिंह ने इस मुद्दे पर कहा कि महज भारत माता की जय या गौ माता की जय बोलने से कुछ नहीं होगा। गौ आश्रय स्थलों में पशुओं की देखभाल के लिए लोगों को रखने का प्रबंध किया जाना चाहिए। इस पर पशुधन मंत्री ने कहा कि भारत माता की जय के साथ-साथ हमारी सरकार इसे अपना कर्म बना चुकी है तभी साढ़े पांच लाख से अधिक गौवंशीय पशुओं के चारे का इंतजाम कर रही है।

गेहूं के समर्थन मूल्य को योगी सरकार की मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

केन्द्र द्वारा घोषित 1925 रुपया प्रति कुन्तल के न्यूनमत समर्थन मूल्य पर राज्य के किसानों का गेहूं खरीदने को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपनी मंजूरी दे दी है। पिछले साल सरकार ने 1850 रुपया प्रति कुन्तल की दर से गेहूं खरीदा था। इस तरह समर्थन मूल्य में 75 रुपये प्रति कुन्तल की बढ़ोत्तरी हुई है। सरकार ने इसके साथ ही गेहूं खरीद का लक्ष्य भी बढ़ा दिया है। पिछले साल 50 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले सरकार 55 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी।

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019-20 में गेहूं के समर्थन मूल्य में 200 रुपये प्रति कुन्तल की रिकार्ड बढ़ोत्तरी की थी। वर्ष 2018-19 में 1650 रुपये प्रति कुन्तल से सीधे बढ़ाकर 1850 रुपये प्रति कुन्तल की दर से किसानों का गेहूं खरीदने का निर्णय लिया था। इस तरह पिछले साल की तुलना में 125 रुपया प्रति कुन्तल की कम वृद्धि हुई है। केन्द्र सरकार गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य हर साल घोषित करती है और फिर राज्य सरकारें घोषित दर अथवा इससे अधिक पर गेहूं खरीदने को अपनी मंजूरी देती हैं। जानकारों के मुताबिक राज्य सरकार चाहे तो केन्द्र सरकार द्वारा घोषित किये गये समर्थन मूल्य से अधिक पर भी किसानों से उनका अनाज खरीद सकती है, लेकिन अतिरिक्त धनराशि का भुगतान राज्य सरकारों को अपने खजाने से करना होता है। सूबे में योगी सरकार बनने के बाद से केन्द्र सरकार के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से उनका अनाज खरीदा जा रहा है। हालांकि योगी सरकार समर्थन मूल्य के अलावा अपने पास से भी अतिरिक्त धनराशि किसानों को भाड़ा तथा सफाई के रूप में देती आ रही है। पिछले साल योगी सरकार ने समर्थन मूल्य के अलावा 20 रुपये प्रति कुन्तल का किसानों को अतिरिक्त भुगतान किया था।

आज से दस जिलों में निकलेगी कांग्रेस की आरक्षण बचाओ यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से प्रदेश के दस जिलों में 25 फरवरी से 6 मार्च तक आरक्षण बचाओ यात्रा निकाली जाएगी। विभाग की उपाध्यक्ष सिद्धिश्री ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य दलित और पिछड़ों के अधिकार को प्राप्त करने व सत्ताधारी बीजेपी सरकार द्वारा आरक्षण पर बार-बार जो प्रहार हो रहा है उसके प्रति जनमानस में चेतना जगाना है।

अनुसूचित जाति विभाग की उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सिद्धिश्री ने बताया कि अनुसूचितजाति विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी प्रदीप नरवाल की मौजूदगी में विभाग के प्रान्तीय चेयरमैन आलोक प्रसाद पासी के नेतृत्व यह यात्रा 25 फरवरी को जनपद मेरठ से शुरू होकर 26 फरवरी को आगरा, 27 फरवरी को सम्भल, 28 फरवरी को उरई, 29 फरवरी को बाराबंकी, पहली मार्च को रायबरेली, दो मार्च को कौशाम्बी, तीन मार्च को इलाहाबाद, चार मार्च को आजमगढ़ एवं पांच मार्च को गोरखपुर पहुंचकर इसका समापन होगा। सिद्धिश्री ने बताया कि मौजूदा बीजेपी सरकार दलितों और पिछड़ों को हाशिए पर रख रही है। यह इस समाज के लिए उनके द्वारा सोची समझी एक घृणित चाल है। उनके अधिकारों को कमतर करने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रा प्रदेश की दलित राजनीति में मील का पत्थर साबित होगी। जहां-जहां यह यात्रा जाएगी, वहां-वहां आरक्षण समर्थन पत्र भरवाया जाएगा।

योगी मंत्रिमंडल में फिर फेरबदल के आसार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार के मंत्रिमंडल में फिर फेरबदल की सुगबुगाहट है। चर्चा है कि संगठन का काम देख रहे कुछ चेहरे की सरकार में इन्ट्री हो सकती है और पार्टी के कुछ पुराने नेताओं को केन्द्रीय राजनीति में भेजा जा सकता है। सरकार के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से कुछ दिनों पहले शुरू हुई इन चर्चाओं ने राजनीति गलियारों में सरगर्मी तेज हो गई हैं।

सूत्रों का कहना है कि यूपी से कुछ नेताओं को केन्द्र की राजनीति में भेजा जाना है। सरकार और संगठन में शामिल नेताओं में ऐसे चेहरों की पार्टी में तलाश चल रही है, जो केन्द्र की राजनीति में जाना चाहते हैं। केन्द्रीय राजनीति में भेजे जाने वाले नेताओं में उनकी वरिष्ठता और राजनीति अनुभव के साथ-साथ उनकी इच्छा का भी ध्यान रखा जा रहा है।

जानकारों की मानें तो संगठन के स्तर पर कुछ नेताओं से इस बारे में पूछा भी जा चुका है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि राज्य की भाजपा सरकार और संगठन में शामिल कुछ ऐसे चेहरों को आगे बढ़ाया जा जाये तो लम्बा अनुभव रखते हैं और केन्द्र की राजनीति के लिये उपयुक्त हैं। केन्द्रीय नेतृत्व की मंशा को देखते हुये सूबे में इस तरह के नेताओं को तलाशने का काम शुरू हुआ है। सूत्रों का कहना है कि योगी सरकार में शामिल कुछ पुराने चेहरों को केन्द्र की राजनीति में भेजकर उनकी जगह संगठन का काम कर रहे कुछ नेताओं को सरकार में काम करने का मौका दिया जा सकता है। विदित हो कि सरकार बनने के बाद योगी मंत्रिमंडल में सिर्फ एक बार विस्तार हुआ है। लोकसभा चुनाव के बाद आधा दर्जन से अधिक लोगों को मंत्रिमंडल से बाहर करके उनकी जगह नये लोगों को मौका दिया गया था। अगले महीने 19 मार्च को योगी सरकार अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा करेगी। कार्यकाल पूरा होने के पहले मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं से दावेदारी की दौड़ में शामिल नेताओं ने नया जोश पैदा हो गया है और वह मंत्री बनने की चाहत में जोड़तोड़ में जुट गये हैं।

अलीगढ़ के प्रभावित इलाकों में तनावपूर्ण शांति

● 350 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

अलीगढ़। सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई हिंसक झड़प के बाद अलीगढ़ शहर कोतवाली और दिल्ली गेट इलाकों में सोमवार को तनावपूर्ण शांति रही। आगरा जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अजय आनंद ने बताया कि रविवार शाम को हुई वारदात के बाद से अब तक ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। पुराने शहर के प्रभावित इलाकों में सोमवार को कुछ दुकानें खुलीं, मगर ज्यादातर के शटर बंद रहे। जिला प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और दुकानदारों में विश्वास भरने की कोशिश की जा रही है कि वे निडर होकर अपनी दुकानें खोलें। कल हुई हिंसा की घटना में 350 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें 40 लोग नामजद हैं। ए सभी मामले कोतवाली, दिल्ली गेट और सिविल लाइन्स इलाके के थानों में दर्ज किए गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक आनंद के मुताबिक रविवार को अपर कोट इलाके में हुई हिंसा में गोली लगने से घायल 22 वर्षीय तारिक की हालत अब स्थिर है और उसे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में ऑपरेशन के बाद ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में भर्ती किया गया है। जरूरत पड़ने पर उसे दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया जाएगा। डॉक्टर उसकी स्थिति को लेकर संतुष्ट हैं। आनंद ने कहा कि पुलिस रविवार को हुई हिंसक घटनाओं में शामिल अराजक तत्वों की पहचान करने में जुटी है और उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई के साथसाथ प्रभावित इलाकों में धर्मगुरुओं की मदद से स्थिति सामान्य करने का प्रयास भी किया जा रहा है। डीएम चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा और उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्वाई होगी। जिले में इंटरनेट सेवाएं सोमवार आधी रात तक बंद रहेंगी।

पुलिस ने रविवार को अपर कोट क्षेत्र में महिला प्रदर्शनकारियों को यह कहते हुए रोकने की कोशिश की कि ईदगाह इलाके में सीएए के खिलाफ पिछले शनिवार से ही प्रदर्शन चल रहा है। ऐसे में प्रदर्शनकारियों को कोतवाली के नजदीक प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी जा सकती। शहर मुफ्ती अब्दुल खालिद समेत प्रबुद्ध मुस्लिम वर्ग के लोगों की मदद से हालात को संभालने की कोशिश की जा रही थी कि तभी भीड़ में से किसी ने पथराव शुरू कर दिया। उसके बाद स्थिति बिगड़ने लगी।

एएमयू में छात्रों पर लाठीचार्ज मामले में एनएचआरसी की सिफारिशों का पालन हो: हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष 15 दिसंबर को सीएए के विरोध में प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में बुरी तरह घायल छह छात्रों को मुआवजा देने सहित एनएचआरसी की विभिन्न सिफारिशों का अनुपालन करने का प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी एवं एएमयू के कुलपति और रजिस्ट्रार को सोमवार को निर्देश दिया। अदालत ने संबद्ध अधिकारियों को इस आदेश का अनुपालन करने और सुनवाई की अगली तारीख तक एक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले की सुनवाई की अगली तारीख 25 मार्च निर्धारित की गई है। मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर और न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ ने प्रयागराज के मोहम्मद अमन खान द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने इस याचिका में पुलिस उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस याचिका में अदालत से हिंसा की न्यायिक जांच के लिए अदालत की निगरानी में एक समिति गठित करने और पुलिस द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 12 से 15 दिसंबर तक छात्रों को जबरदस्ती रोककर रखने की जांच कराने सहित कई निर्देश पारित करने का अनुरोध किया गया है। इससे पूर्व उच्च न्यायालय ने 8 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया था जिस पर छह सदस्यीय टीम ने जांच पूरी कर आयोग को रिपोर्ट सौंपी और बाद में इस रिपोर्ट की एक प्रति अदालत को भेजी गई। आयोग द्वारा की गई सिफारिशों में पुलिस लाठीचार्ज में बुरी तरह घायल छह छात्रों को मुआवजा देने और अनावश्यक लाठीचार्ज और एएमयू परिसर में मोटरसाइकिलों को नुकसान पहुंचाते सीसीटीवी कैमरे में कैद पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। एनएचआरसी ने यह सिफारिश भी की है कि पुलिस बल, सीआरपीएफ और आरएएफ को संवेदनशील बनाने के लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए जिससे इस तरह की स्थितियों से निपटने में वे पेशेवर रुख अपना सकें।

सेना का एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

● एक एनसीसी कैडेट घायल

भाषा। पटियाला

हादसे के स्थान पर तैनात सुरक्षा बल के जवान

छावनी क्षेत्र में सोमवार को एक हल्का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें भारतीय वायु सेना के एक पायलट की मौत हो गई और एक एनसीसी कैडेट घायल हो गया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला विमानन क्लब के हवाईअड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद पिपिस्ट्रेल वायरस एसडब्ल्यू 80 प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें ग्रुप कैप्टन जी एस चीमा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ग्रुप कैप्टन चीमा यहां एक एनसीसी इकाई में प्रतिनियुक्ति पर थे। प्रवक्ता ने बताया कि वह वायु सेना स्टेशन में एनसीसी के थर्ड एयर स्क्वाड्रन के कैडेट को प्रशिक्षण दे रहे थे। उन्होंने बताया कि दो सीटों वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में एनसीसी का एक कैडेट भी घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि घायल एनसीसी कैडेट की पहचान पटियाला के मोहिंद्र कॉलेज के विपिन कुमार यादव के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने कहा कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए भारतीय वायुसेना ने जांच का आदेश दिया है। इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने विमान दुर्घटना में वायुसेना अधिकारी की मौत पर गहरा दुख जताया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, सिंह ने दुर्घटना में ग्रुप कैप्टन चीमा के निधन पर शोक व्यक्त किया और ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को साहस प्रदान करने की प्रार्थना की। प्रवक्ता ने बताया, उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ कमांड अस्पताल में भर्ती घायल एनसीसी कैडेट के जल्द ठीक होने की कामना की।

परिवारों में स्थापित हो करुणा का संस्कार

ललितपुर। करुणा के संस्कारों से व्यक्ति का जीवन जहां निर्मल होता है वहीं परिवार संस्कारवान बनते हैं। स्कूलों में करुणा क्लबों में बच्चो को आपस में मैत्री और एक-दूसरे के प्रति करुणा के भाव रहें। इसके लिये प्रेरित किया जाता है। खेल -खेल में करुणा के लिए शिक्षा दी जाती है। उक्त विचार करुणा अंतर्राष्ट्रीय चेन्नई के राष्ट्रीय प्रचारक एवं बुंदेलखंड प्रभारी अजित जैन ने व्यक्त करते हुए कहा ललितपुर में करुणा क्लब गठन के लिए योजनाबद्ध कार्य किये जाने की जरूरत है। ललितपुर में करुणा केंन्द्र की बैठक में राष्ट्रीय मुख्यालय चेन्नई की संस्तुति पर करुणा केंद्र ललितपुर का पुनर्गठन किया। जिसमें करूणा केंद्र ललितपुर के अध्यक्ष अक्षय जैन एवं महामंत्री ध्रुव साहू सर्वसम्मति से चुने गये। इसके अतिरिक्त संरक्षक के लिए प्रो.भगवत नारायण शर्मा, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, अजय श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गोस्वामी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह परिहार तथा कोषाध्यक्ष शीलचन्द्र शास्त्री को बनाया गया।

आम आदमी पार्टी के बुन्देलखण्ड संयोजक की संदिग्धावस्था में मौत

● धौर्रा के आगे नारायणी नदी पुल के नीचे पड़ा मिला शव ● लखनऊ से पार्टी के कार्यक्रम से लौट रहे थे घर

नारायणी नदी के पुल नीचे जमा हुये लोग व मौके पर पड़ा शव

ललितपुर। सोमवार की सुबह धौर्रा रेलवे स्टेशन के आगे नारायणी नदी पुल के नीचे आम आदमी पार्टी के बुन्देलखण्ड संयोजक/उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी मुरारीलाल जैन का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। कुशल राजनैतिज्ञ, सहरिया आदिवासियों की आवाज को प्रखर करने वाले नेता का शव इस प्रकार पड़ा मिलने से जिले में शोक लहर व्याप्त हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर मामले की गहनता से पड़ताल शुरू कर दी है। घटना को लेकर शहर में तमाम प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म है। तो वहीं कई लोग मामले में संदिग्धता व्यक्त करते हुये इसे हत्या करार दे रहे हैं।

बताते चलें कि आम आदमी पार्टी के बुन्देलखण्ड संयोजक मुरारीलाल जैन एड. विगत दिवस राजधानी लखनऊ में दिल्ली राज्यसभा के सांसद संजय सिंह द्वारा आयोजित जुलूस में भागीदारी करने के लिए लखनऊ गये हुये थे। जहां बुन्देलखण्ड के कई साथियों के साथ उन्होंने कार्यक्रम के दौरान खींची गयीं तस्वीरों को भी अपराह्न करीब 3 बजे अपने सोलश मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट से पोस्ट किये। बताया जा रहा है कि लखनऊ से ललितपुर जाने के लिए वह पुष्पक एक्सप्रेस में अपने निर्धारित रिजर्वेशन की सीट से आ रहे थे। यह भी बताया जा रहा है कि गाड़ी में वह सो गये, जिस कारण ललितपुर रेलवे स्टेशन निकल गया। ललितपुर रेलवे स्टेशन निकलते ही उनकी नींद खुली और उन्होंने अपने परिजनों को दूरभाष पर सम्पर्क कर धौर्रा रेलवे स्टेशन पर उतरने की बात कहते हुये गाड़ी वहां भेजने की बात कही। इसके बाद से परिजनों का मुरारीलाल जैन से दूरभाष पर सम्पर्क नहीं हो पाया।

सोमवार की सुबह यूपी-एमपी की सीमा से सटे जाखलौन थाना क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास नारायणी नदी के पुल के नीचे से उनका शव बरामद किया गया। शव के पास ही उनका बैग और अन्य सामान भी पड़ा मिला है।

आप नेता मुरारी लाल जैन की मौत पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह ने ट्वीट करते हुए दुख जताया है। उन्होंने लिखा, अत्यंत दु:खद सूचना उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी बड़े भाई मुरारी लाल जैन जी कल हम लोगों के साथ लखनऊ की मीटिंग में थे। संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। हत्या की आशंका जताई जा रही है। खनन माफियाओं के खिलाफ हमेशा लड़ते रहते थे परिवार से मिलने ललितपुर जा रहा हूं।

पशु पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

ललितपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा पिपरियावंशा गांव में पशु-पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 पशु-पालको व महिलाओं ने भाग लिया। केन्द्र के वैज्ञानिक डा.मारूफ अहमद ने पशुओं में होने वाली बॉझपन की समस्याओं पर विशेष चर्चा की और समाधान के सुझाव बातये। पशुओं का काफी समय बाद गर्भधारण करना एक प्रमुख समस्या है और इससे पशु-पालकों को काफी नुकसान होता है। यदि किसान संतुलित आहार जिसमें भूसा, हरा चारा, दाना मिश्रण व खनिज मिश्रण सम्मिलित है तथा पशुओं के गर्मी में आने के 12-14 घंटे बाद गर्भाधान कराए तो इस समस्या से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। पशुओं को प्रत्येक 3-4 महीने पर पेट के कीड़े की दवा पशु चिकित्सक की सलाह से अवश्य देनी चाहिए। ये सभी जानकारी पशु-पालकों की दे गयी। इस कार्यक्रम में केन्द्र के अन्य वैज्ञानिक डा.दिनेश तिवारी और डा.नितिन यादव ने फसलों की समस्याओं के बारे में भी किसानों को जानकारी दी।

राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग की जिला कार्यकारिणी गठित

नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष

ललितपुर। राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग (उ.प्र.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिरसवाल द्वारा कुन्जबिहारी बाबरा को प्रदेश सचिव व विनीत बाबा बाल्मीकि को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया था। साथ ही निर्देश दिये गये थे कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी गठित कर सूचना प्रेषित करें। उक्त निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय दलित पिछड़ वर्ग के जिलाध्यक्ष विनीत बाबा बाल्मीकि ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। राजकुमार नाहर को जिला प्रवक्ता, ओमप्रकाश अहिरवार को जिला प्रभारी, कार्तिक करौसिया को जिला महासचिव, भगत बंगरेले को जिला उपाध्यक्ष, प्रियंक करौसिया को जिला कोषाध्यक्ष, अरविन्द नामदेव को जिला संगठन मंत्री, डा.नितेन्द्र बंटी करौसिया जिला सचिव, मिथुन चौहान जिला प्रचार मंत्री, शिवराज मेहरौलिया को जिलामंत्री, आदर्श करौसिया को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर शुभकामनायें दी गयीं।

पेज एक का शेष

अद्भुत हैं मोदी...

अमेरिका भारत का सम्मान करता है और अमेरिका, भारत का निष्ठावान एवं वफादार मित्र बना रहेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक शानदार कारोबार समझौते पर काम कर रहे हैं। हालांकि वह (मोदी) सौदेबाजी में बहुत सख्त हैं। उन्होंने आतंकवाद को काबू में करने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की सराहना की। भारत की सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि डीडीएलजे जैसी बेहतरीन रोमांटिक फिल्मों सहित भारत में हर साल 2000 फिल्में बनाई जाती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने शोले फिल्म के साथ ही खेल महानायकों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली का भी जिक्र किया। उन्होंने अपने संबोधन में दिवाली और होली जैसे भारतीय त्योहारों का जिक्र किया।

कट्टर इस्लामी...

आज भारत की सेनाएं सबसे ज्यादा युद्ध अभ्यास अमेरिका के साथ कर रही हैं। भारत का सबसे व्यापक अनुसंधान एवं विकास गठजोड़ अमेरिका के साथ है। अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा पर अहमदाबाद पहुंचने पर ट्रंप ने मोटेरा स्टेडियम में आयोजित नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि उनका प्रशासन आतंकवादी संगठनों पर नकेल कसने और पाकिस्तान की धरती से संचालित आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए पाकिस्तान के साथ काफी सकारात्मक तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ उनके देश के संबंध अच्छे हैं। उन्होंने दक्षिण एशिया में तनाव में कमी, वृहद स्थिरता और सौहार्दपूर्ण भविष्य की कामना की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच स्वाभाविक और स्थाई मित्रता है। भारत व्यक्तिगत स्वतंत्रता, कानून के शासन, हर इंसान की गरिमा का सम्मान करता है और यहां लोग सौहार्द के साथ अपने धर्म का पालन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और यहूदी, अमीर और गरीब सभी भारतीयों को अपने गौरवपूर्ण इतिहास और उज्ज्वल भविष्य पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम दुनियाभर में अपने गठबंधनों में तेजी से नई जान फूंक रहे हैं। यहां हवाई अड्डे पर ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया का स्वागत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में मोदी के साथ आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पूर्व ट्रंप ने ऐलान किया कि अमेरिका भारत के साथ तीन अरब अमेरिकी डालर मूल्य के रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत को धरती पर कुछ सबसे आधुनिक और सबसे खतरनाक सैन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाने का इंतजार है।

जमकर चले पत्थर...

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सीएए विरोधियों को इस पर जवाब देना चाहिए। इस बीच गोकुलपुरी के सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय से जुड़े हेड कांस्टेबल रतन लाल की मौत हो गई। पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाकों में धारा 144 लागू कर दी है। पुलिस के मुताबिक हेड कांस्टेबल रतन लाल (42) सहायक पुलिस आयुक्त, गोकलपुरी के कार्यालय से जुड़े हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों पर किए गए पथराव में वह घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि लाल मूल रूप से राजस्थान के सीकर के रहने वाले थे और 1998 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। हिंसक झड़पों में तीन नागरिकों की भी मौत हो गई। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि इलाज के 50 लोग अस्पताल पहुंचे। डीसीपी शाहदरा अमित शर्मा तथा एससीपी गोकुलपुरी अनुज कुमार समेत 11 पुलिस कर्मी भीड़ को तितर-बितर करने के प्रयास में जख्मी हो गए। सीआरपीएफ के दो जवान भी इस हिंसा में घायल हुए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लाल के निधन पर दुख जताया और राष्ट्रीय राजधानी में शांति का आह्वान किया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, पुलिस हेड कांस्टेबल की मौत बेहद दु:खदाई है। वो भी हम सब में से एक थे। कृपया हिंसा त्याग दीजिए। इस से किसी का फ़ायदा नहीं। शांति से ही सभी समस्याओं का हल निकलेगा। केजरीवाल ने उपराज्यपाल अनिल बैजल और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हिंसा के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया है। मौजपुर में भी भारी पथराव हुआ है जबकि जाफराबाद में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया है। मौजपुर और भजनपुरा में दुकानों और घरों में तोड़फोड़ करने के साथ ही आग लगा दी गई है। एक प्रदर्शनकारी को बंदूक हाथ में थामे पुलिसकर्मी की ओर बढ़ता हुआ देखा गया है। उसने हवा में कुछ राउंड फायरिंग भी की। अधिकारियों के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने इलाके में लगी आग बुझाते समय दमकल की एक गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। दिल्ली पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर भरोसा नहीं करने और शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस ने बताया, उत्तर पूर्वी दिल्ली के इलाकों में, खासकर मौजपुर, कर्दमपुरी, चांद बाग और दयालपुर में हिंसा और आगजनी की कुछ घटनाएं हुई हैं। पुलिस ने कहा, दिल्ली और खासकर उत्तर पूर्वी जिले के लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाहों पर भरोसा नहीं करने की अपील की जाती है। मीडिया से भी ऐसी तस्वीरें प्रसारित नहीं करने की अपील है जिससे आगे और स्थिति खराब हो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हिंसा की निंदा की। उन्होंने लोगों से उत्तेजना के बजाय संयम, करुणा और समझदारी दिखाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया जाना एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है लेकिन हिंसा को कभी भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। सीएए के खिलाफ बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने रविवार को सड़क अवरुद्ध कर दी थी जिसके बाद जाफराबाद में सीएए के समर्थकों और विरोधियों के बीच झड़प शुरू हो गई थी। दिल्ली के कई अन्य इलाकों में भी ऐसे ही धरने शुरू हो गए हैं।

ट्रंप दिल्ली पहुंचे...

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अमेरिका की खुफिया सेवा के साथ मिलकर काम कर रही हैं। ऊंची इमारतों पर एनएसजी की ड्रोन रोधी टुकड़ी, विशिष्ट स्वैट कमांडो, पतंग पकड़ने वाले दलों, श्वान दलों, शार्प शूटर्स को तैनात किया गया है तथा होटल में और उसके आस-पास के इलाकों व मार्गों पर पराक्रम वैनों को तैनात किया गया है।सुरक्षा बंदोबस्त में छह जिलों के पुलिसकर्मियों व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की करीब 40 कंपनियों को कलगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सरदार पटेल मार्ग पर रात में साफ तस्वीर लेने में सक्षम हाई-डेफिनिशन वाले सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि 24 घंटे स्थिति पर नजर रखी जा सके। होटल आईटीसी मौर्य इसी मार्ग पर स्थित है।

अयोध्या में जमीन...

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने नौ नवम्बर 2019 को अयोध्या मामले में फैसला सुनाते हुए संबंधित स्थल पर राम मंदिर का निर्माण कराने और सरकार को मामले के मुख्य मुस्लिम पक्षकार सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या में किसी प्रमुख स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन देने का आदेश दिया था। प्रदेश के योगी आदित्यनाथ मंत्रिमण्डल ने गत पांच फरवरी को अयोध्या जिले के सोहावल क्षेत्र में सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन आबंटित करने के फैसले पर मुहर लगा दी थी।

वाह ताज ...

हवाईअड्डे से 30 वाहनों का ट्रंप का काफिला ताजमहल परिसर के पास ओबराय अमरविलास होटल पहुंचा जहां 15,000 से अधिक स्कूली छात्र मार्ग के दोनों तरफ अमेरिका और भारत का झंडा लिए हुए कतार में खड़े थे। ट्रंप, प्रथम महिला और मोदी की तस्वीरों वाले विशाल पोस्टर उस 13 किलोमीटर के मार्ग में जगह-जगह लगे हुए जहां से उनका काफिला गुजरा। उनके आगरा दौरे के लिए तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और अधिकारियों ने दोपहर तक ताजमहल खाली करा लिया था। ट्रंप और अमेरिका की प्रथम महिला ने संगमरमर के इस अजूबे को देखा जहां ठंडी हवाओं ने मौसम को और खुशगवार बना दिया था। डोनाल्ड ट्रंप से पहले मुगल युग के इस आश्चर्य को देखने वाले अंतिम राष्ट्रपति बिल क्लिंटन थे जो वर्ष 2000 में भारत आए थे। उन्होंने अपनी बेटी चेल्सी क्लिंटन के साथ ताजमहल देखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डेविड ड्वाइट आइजनहावर ने 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ ताजमहल देखा था।

भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को चित्रों में उकेरा

● भारतीय समाज, विरासत और संस्कृति के प्रति योगदान की हुई व्याख्या

चित्रकला का प्रदर्शन करते छात्र-छात्रायें

ललितपुर। महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती पर्व के उपलक्ष्य में इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एवं कल्चरल हैरिटेज की विरासत शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग नईदिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता इन्टैक ललितपुर चैप्टर द्वारा सम्पन्न कराई गयी। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 190 छात्रों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में महात्मा गांधी जी द्वारा भारतीय समाज, विरासत और संस्कृति के प्रति योगदान की व्याख्या करते हुए 750 शब्दों में निबन्ध लिखना एवं गांधी जी द्वारा भारतीय संस्कृति से जुड़ाव दर्शाते हुये उसका चित्रण करना था। जिसमें कक्षा 7 से 9 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर निबन्ध लिखे और आकर्षक चित्र बनाये। राष्ट्रीय स्तर आयोजित उक्त प्रतियोगिता के 10 विजेता छात्रों को दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण कराये जाने के साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे तथा सभी प्रतिभागी छात्रों को इन्टैक द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता से छात्रों को बापू के जीवन दर्शन और उनका देश के प्रति योगदान जानने, समझने और प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा।

वहीं छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा को मुखरित करने का मौका मिलता है तथा उनमें आत्म विश्वास की भावना बढ़ती है। इन्टैक संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि पूज्य बापू के विचार आज भी प्रासंगिक हैं, उनके विचारों से देश की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण रह सकती है। आज की नौजवान पीढ़ी के लिए आज भी बापू एक आदर्श के रूप में जीवंत है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बापू के त्याग, बलिदान और उनके संदेश के प्रति युवा पीढ़ी को जागृत करना ही उद्देश्य है। कलाविद् ओ.पी. बिरथरे ने प्रतिभागी छात्रों को विरासत संरक्षण के प्रति जागरूक किया तथा छात्रों को कला निखारने हेतु आकर्षक टिप्स दिये।

सन्ननिर्माण कर्मकार संघ की कार्यकारिणी गठित

ललितपुर। सन्न निर्माण कर्मकार संघ का वार्षिक अधिवेशन स्थानीय कंपनी बाग में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें वार्षिक चुनाव की भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी अमर सिंह बुंदेला को बनाया गया। चुनाव प्रक्रिया को पूर्व प्रधानाचार्य डा. आनंद स्वरूप, सत्येंद्र सिंह परमार, सत्येंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान कर्मकार संघ की पूर्व अध्यक्ष भगवान दास प्रजापति की सक्रियता को देखते हुए सर्वसम्मति से पांचवी बार संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई एवं मंत्री पद पर लक्ष्मण प्रसाद झा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में अजय कुमार, रामचरण झा, अमर कुमार रैकवार, बृजेश चंदेल, धनीराम झा, तिलक सिंह, सूरज झा, शिवचरण, श्यामलाल, काशीराम साहू, भगवानसिंह, चंद्रभान, प्रसादी आदि उपस्थित रहे।

अधिवक्ता को दबंगों ने पीटकर किया घायल

बरेली। छोटे भाई के साथ हुए विवाद को निबटाने पहुंचे एक अधिवक्ता को दबंग झगड़ा करने वालों ने मारपीट कर घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इज्जत नगर थाना के गांव शिकारपुर निवासी अधिवक्ता रिजवान सी को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया उनका छोटा भाई रेहान कैंट थाना क्षेत्र में नकटिया नदी के पास लोहे के एंगल आदि बनाने का काम करता है जहां आज सुबह रेहान का वहीं के रहने वाले सलमान से विवाद हो गया रेहान ने अपने बड़े भाई रिजवान को झगड़े की सूचना दी तब रिजवान मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सलमान को समझाने की कोशिश की जिससे उनका सलमान से भी विवाद होने लगा वह पूरा के अजित खान सेबी विवाद हो गया गुस्से में आए नजीब खान और उसके साथियों ने रिजवान को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया और फरार हो गए घटना की सूचना मिलने पर पहुंची इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

जीएम इंटरनेशनल एकेडमी में 'देखिए यह संसार' कार्यक्रम शुरू

ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष व उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट को पुरुस्कृत करते बार एसोसिएशन छाता के पूर्व अध्यक्ष चौधरी पूरन सिंह एडवोकेट।

मथुरा। जीएम इंटरनेशनल एकेडमी गोपाल बाग में देखिए यह संसार है नामक प्रोग्राम का शुभारंभ ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष व उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट व कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। नगर के गोपाल बाग स्थित जीएम इंटरनेशनल एकेडमी व बृंदावनी किड्स पैराडाइज के द्वारा संयुक्त रूप से देखिए यह संसार नामक प्रोग्राम का आयोजन किया गयाए जिसमें नाटक के माध्यम से बच्चों की मोबाइल व अन्य विसंगतियों को दर्शाया गया और माता पिता के प्रति बच्चों के बदलते हुए व्यवहार को दर्शा कर लोगों के आंखों में आंसुओं का सैलाब ला दिया। उपस्थित अभिभावकों ने प्रोग्राम को देखकर आज के वातावरण का सचित्र दीदार किया जिसमें स्कूल के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने नाटक के माध्यम व पुराने गानों से लोगों का मन मोह लिया पुराने गानों से लोगों का मन मोह लिया इस दौरान मुख्य रूप से बार एसोसिएशन छाता के पूर्व अध्यक्ष चौधरी पूरन सिंह एडवोकेट व पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल देशराज सिंह एडवोकेट सहित नगर के कई गणमान्य लोगों के अलावा हजारों अभिभावक मौजूद रहे। स्कूलों में आज पढ़ाई पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है जबकि पढ़ाई के साथ.साथ संस्कार भी बहुत जरूरी है अन्यथा पढ़ लिख कर संस्कार विहीन बच्चे अपने अभिभावकों का आदर सत्कार नहीं करते अतिथि के रुप में पधारे कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर दास ने बताया कहा की ऐसी वर्तमान विचारधारा जहां पर संस्कारों का शिक्षा का संगम होता है ऐसे स्कूल देखने में कम ही मिलते हैं प्रोग्राम बहुत स्कूलों में देखा है लेकिन जहां पर अधिकांश अभिभावकों की आंखें नम हो जाए ऐसा प्रोग्राम पहली बार देखा है स्कूल के चेयरमैन ने अपने भाषण में कहा आज स्कूलों में संस्कारों की कमी देखने को मिल रही है अगर यही हाल रहा तो हमारे भविष्य निधि भविष्य की धरोहर धीरेण्धीरे समाप्त हो जाएगी जिसे आज हम भविष्य की धरोहर कह रहे हैं इसकी विरासत की अमूल्य निधि कह रहे हैं संस्कार भी हो जाएगी इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार बहुत जरूरी है।

शंख-ढोलक व सांस्कृतिक प्रस्तुति से ट्रंप का शानदार स्वागत

●मोटेरा स्टेडियम के मार्ग पर लोगों ने कतारबद्ध होकर किया उनका स्वागत

भाषा। अहमदाबाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सोमवार को भारत की पहली यात्रा में यहां आने पर शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अमेरिकी राष्ट्रपति एवं उनकी पत्नी की अगवानी की और नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम के लिए मोटेरा स्टेडियम के मार्ग पर लोग कतारबद्ध होकर उनका स्वागत कर रहे थे। मोटेरा स्टेडियम जाने वाले रास्ते पर दोनों ओर लोग खड़े थे तथा हाथों में तिरंगा और अमेरिकी ध्वज लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत कर रहे थे। हवाई अड्डे और मोटेरा स्टेडियम के रास्ते पर लोक नर्तक, गायक रंगारंग प्रस्तुति दे रहे थे। कई स्थानों पर शंख एव ढोल बजाए जा रहे थे। मोटेरा स्टेडियम में करीब एक लाख लोग मौजूद थे जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया, पुत्री इवांका और दामाद जेरेड कुशनर को ले कर एयर फोर्स वन विमान सरदार वल्लभ भाई पटेल हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न 11 बज कर 37 मिनट पर उतरा। राष्ट्रपति ट्रंप काले रंग का सूट और पीले रंग की टाई पहने हुए थे। अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप सफेद जम्पसूट पहने नजर आईं। फ्रेंच-अमेरिकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर हर्वे पियरे द्वारा तैयार सफेद जम्पसूट पर मेलानिया ने गहरे हरे एवं सुनहरे धागे का कमरबंद पहना हुआ था। हवाई अड्डे पर मोदी ने ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया की अगवानी की। ट्रंप के विमान से बाहर आने के बाद मोदी उनसे गले मिले और मेलानिया का भी अभिवादन किया।

इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति अहमदाबाद हवाई अड्डे से साबरमती आश्रम के लिए रवाना हो गए। 22 किलोमीटर के रोड शो के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के काफिले का सड़कों के किनारे खड़े लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान मार्ग में 50 स्टेज बनाए गए थे जहां देश के विभिन्न हिस्सों से आए नर्तकों एवं गायकों ने प्रस्तुति दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के अहमदाबाद आने के मद्देनजर सुरक्षा में 10 हजार पुलिसकर्मियों के अलावा अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और एसपीजी के कर्मी तैनात किए गए थे।

हवाई अड्डे से ट्रंप दंपत्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल साबरमती आश्रम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही साबरमती आश्रम पहुंच गए थे। वहां पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को आश्रम का भ्रमण कराया। राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ने साबरमती आश्रम में चरखा चलाया। मोदी ने ट्रंप और उनकी पत्नी को हृदय कुंज भी दिखाया जहां गांधीजी और उनकी पत्नी कस्तूरबा रहती थीं। इस आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने जीवन के 13 साल बिताए थे।

वहां से रवाना होने से पहले ट्रंप ने आश्रम में आगंतुक पुस्तिका में लिखा, मेरे अच्छे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, इस शानदार यात्रा के लिए आपको धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति को आश्रम में महात्मा गांधी और आत्मनिर्भरता में चरखा के महत्व के बारे में बताया गया। मेलानिया ने ट्रंप को चरखा चलाने में मदद की। दोनों वहां करीब 15 मिनट रूके। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप को गांधीजी के तीन बंदरों का संदेश देने वाली प्रतिकृति भी भेंट की। साबरमती आश्रम से राष्ट्रपति ट्रंप का काफिला रोड शो से गुजरता हुआ मोटेरा स्टेडियम की ओर रवाना हुआ। मोटेरा स्टेडियम में ट्रंप और मोदी ने नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम को संबोधित किया। स्टेडियम में रंग बिरंगे कपड़े पहने और टोपी लगाए लोगों ने हर्ष ध्वनि से दोनों नेताओं का स्वागत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर पहली बार भारत आए ट्रंप ने सोमवार को अपने विमान से हिन्दी में ट्वीट किया कि वह भारत आने को उत्सुक हैं और कुछ ही देर में वह सबसे मुलाकात करेंगे। इसका जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा अतिथि देवो भव:। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह ट्वीट किया, भारत आपकी यात्रा का इंतजार कर रहा है। आपकी यात्रा से निश्चित तौर पर दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे।

अहमदाबाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहुंचने पर सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ हुआ उनका स्वागत, साथ में उनकी पत्नी मेलानिया भी थीं, इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी अगवानी की व ट्रंप को साबरमती आश्रम भी ले गए जहां ट्रंप को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया

मेलानिया की ड्रेस का भारतीय वस्त्र विरासत से रिश्ता : प्रथम महिला ने जताया सम्मान

अहमदाबाद (भाषा)। अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने जब भारतीय जमीन पर कदम रखे तो उनके परिधान ने सबका मन मोह लिया। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि उनके इस परिधान का संबंध भारतीय वस्त्र विरासत से है और मेलानिया ने अपना हैट उतार कर इस विरासत के प्रति सम्मान प्रकट किया। मेलानिया सफेद जंपसूट और सिल्क की बेल्ट लगाए हुए थीं। फ्रेंच-अमेरिकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर हर्वे पियरे द्वारा तैयार सफेद जम्पसूट पर मेलानिया ने गहरे हरे एवं सुनहरे धागे की सिल्क बेल्ट पहने हुई थी। इसकी खोज डिजाइनर ने 20वीं शताब्दी के शुरुआत में की थी जब उनके दोस्तों ने उन्हें भारतीय वस्त्रों से जुड़ा एक दस्तावेज दिया था। मेलानिया के पति, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गहरे रंग का सूट और पीले रंग की टाई पहनी लेकिन मेलानिया ने मौसम के अनुकूल रहते हुए क्रेप और सिल्क पहनने को तवज्जो दी। उनकी सफेद पोशाक हर्वे पियरे के अटेलियर काइतो लेबल का हिस्सा है। पियरे ने पोशाक की स्केच की तस्वीर के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा, भारत पहुंच रही, प्रथम महिला क्रीम क्रेप रंग की हर्वे पियरे के अटेलियर कातो लेबल का जम्पसूट पहने हुए हैं। सिल्क बेल्ट का डिजाइन भारतीय वस्त्रों से जुड़े 20वीं सदी के एक दस्तावेज से लिया गया है जो मुझे पेरिस में बहुत अच्छे दोस्तों ने दिया था। उन्होंने कहा, सिल्क बेल्ट (कमरबंद) हरे सिल्क और सुनहरे धागे से बनाई गई है। हमने बॉर्डर का इस्तेमाल किया जो बेहद दिलचस्प था क्योंकि यह विशिष्ट हिस्सा था। मेलानिया ने अपने बालों को खुला रखा और बहुत कम मेकअप किया हुआ था। पियरे इससे पहले पूर्व प्रथम महिलाओं लॉरा बुश, हिलेरी क्लिंटन और मिशेल ओबामा के लिए पोशाक डिजाइन कर चुके हैं। भारत दौरे पर आए ट्रंप के साथ उनकी बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुशनर भी हैं। इवांका ने हल्के नीले रंग की मिडी ड्रेस पहनी हुई थी जिसपर लाल रंग के फूलों के प्रिंट थे।

आगरा में ट्रंप के स्वागत के लिए सड़कों के किनारे भारत व अमेरिकी झंडों के साथ बैठी महिलाएं

डीडीएलजे और शोले का जिक्र कर हिंदुस्तानियों का दिल जीतने की कोशिश

भाषा। अहमदाबाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को हिंदी फिल्मों की तारीफ करते हुए भारतीयों के दिलों को छूने की कोशिश की और अपने-अपने समय की दो सबसे मशहूर फिल्मों शोले और दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) का नाम भी लिया। यहां मोटेरा स्टेडियम में नमस्ते ट्रंप समारोह को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि लोगों को हिंदी फिल्में देखने और उनके माध्यम से भारतीय संस्कृति को समझने में बहुत मजा आता है। उन्होंने करीब एक लाख लोगों से भरे स्टेडियम में अपने भाषण में कहा, इस देश में कौशल और रचनात्मकता के गढ़ माने जाने वाले बॉलीवुड से एक साल में करीब 2000 फिल्में बनती हैं। ट्रंप ने कहा, पूरी दुनिया में लोग भांगड़ा, संगीत और नृत्य, रोमांस और ड्रामा तथा डीडीएलजे एवं शोले जैसी शानदार फिल्मों का बड़ा आनंद उठाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले भी फिल्म प्रेमी भारतीयों से तार जोड़ने की इस तरह की कोशिशें की हैं। अपनी पहली भारत यात्रा से पूर्व उन्होंने एक वीडियो साझा किया था जिसमें उनके चेहरे पर भारत की लोकप्रिय फिल्म बाहुबली के शीर्ष किरदार की तस्वीर लगा दी गई थी। उन्होंने 81 सेकेंड की क्लिप के साथ शनिवार को ट्वीट किया, भारत में अपने काबिल दोस्तों के साथ मुलाकात को लेकर बहुत उम्मीदें लगाए हुए हूं। इससे पहले ट्रंप ने आयुष्मान खुराना की नई फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान की भी तारीफ की थी। फिल्म के पर्दे पर समलैंगिक प्रेम को दर्शाने वाली इस फिल्म की तारीफ करते हुए ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था, ग्रेट। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी 2015 में भारत यात्रा के दौरान डीडीएलजे का जिक्र किया था और उन्होंने शाहरुख खान का एक प्रसिद्ध संवाद सेनोरिटा, बड़े बड़े देशों में.... भी बोला था।

आगरा पहुंचने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया

अभिवादन के लिए कतारों में खड़े थे हजारों लोग

अहमदाबाद (भाषा)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप के नमस्ते ट्रंप आयोजन के लिए मोटेरा स्टेडियम जाते समय 22 किलोमीटर के रोडशो के दौरान हजारों लोग भारतीय और अमेरिकी ध्वज लिए हुए थे और नारे लगा रहे थे। अहमदाबाद और गुजरात के विभिन्न हिस्सों से कई लोग सुबह से ही रोड शो देखने के लिए आ गए थे। इस दौरान छात्र भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। मोटेरा स्टेडियम में घुसने के लिए पास नहीं मिल पाने से कई लोग निराश भी नजर आए। लेकिन, सड़क किनारे से नेताओं की एक झलक मिल जाने से उनकी निराशा दूर हो गई। अधिकारियों ने पूर्व में कहा था कि रोड शो के मार्ग में एक लाख से ज्यादा लोगों के खड़े होने की उम्मीद है। तकरीबन सभी राज्यों के कलाकारों ने रोडशो के दौरान प्रस्तुतियां दीं। मार्ग में नियमित अंतराल पर प्रत्एक राज्यों के लिए अलग-अलग मंच बनाए गए।



आगरा में डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रंप भी ताजमहल देखने पहुंचीं

एक लाख से अधिक लोग पहुंचे मोटेरा स्टेडियम

भाषा। अहमदाबाद

मोटेरा में नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम में नमस्ते ट्रंप समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने एक लाख से अधिक लोग जमा हुए। ट्रंप का भाषण दोपहर।:30 बजे के बाद शुरू होना तय था, लेकिन पूरे राज्य से लोग स्टेडियम में सुबह आठ बजे से ही पहुंचने लगे। वाहनों के लिए पार्किंग स्टेडियम से दूर होने की वजह से सुबह से ही लोगों का सैलाब स्टेडियम की तरफ पैदल उमड़ता दिखाई दे रहा था। बड़ी संख्या में लोग बसों से यहां पहुंचे। स्टेडियम में कई लोग मोदी और ट्रंप की तस्वीर वाले मास्क पहने हुए थे। सुरक्षा कारणों से सभी आमंत्रितों को निजी निमंत्रण पत्र दिया गया था और पुलिस ने उनकी पृष्ठभूमि की जांच की थी।

ट्रंप और मोदी के स्टेडियम पहुंचने से पहले गायक कैलाश खेर और स्थानीय गुजराती गायकों ने वहां उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। इस स्टेडियम में 1.10 लाख लोगों के बैठने की क्षमता है जो दुनिया में किसी क्रिकेट स्टेडियम के लिहाज से सर्वाधिक है। गुजराती गायकों कीर्तिदान गढ़वी, गीता रबारी और किंजल दवे ने भी दो घंटे से अधिक समय तक श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। आमंत्रित मेहमानों में प्रवासी भारतीय और कारोबारी भी शामिल थे। सुरक्षा कारणों से किसी को स्टेडियम में बैनर या झंडा लाने की इजाजत नहीं थी। दोनों नेताओं को सुनने के लिए श्रोता पूरी तरह उत्साहित थे लेकिन पसीना बहाने वाली गर्मी की वजह से कुछ लोग ट्रंप के भाषण समाप्त करने से पहले स्टेडियम से बाहर निकलते दिखे। गुजरात क्रिकेट संघ के स्वामित्व वाले इस स्टेडियम को पुराना स्टेडियम गिराकर बनाया गया है। पुराना स्टेडियम 1982 में बना था और इसमें 49 हजार लोगों की बैठने की क्षमता थी।

उधर नई दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा से पहले सोमवार को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर आने वाले विदेशी और स्थानीय आगंतुकों के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रम्प मंगलवार को राजघाट जा कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। आयरलैंड से राजधानी दिल्ली घूमने आए करीब 18 पर्यटकों को सोमवार को राजघाट में प्रवेश नहीं दिया गया। पर्यटकों ने कहा कि बिना घोषणा के स्मारक को बंद करने से उन्हें निराशा हुई। स्थानीय पर्यटक मनीष ने कहा कि वह अपनी बहन को परीक्षा सेंटर पर छोड़कर राजघाट घूमने आया था। उन्होंने बताया कि गूगल पर देखने से पता चला कि राजघाट शाम छह बजे तक खुला है लेकिन यहां आकर पता चला कि प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के अमेठी से आए मोहम्मद तौफीक भी अपनी बेटी अलीजा और भतीजे अदनान के साथ राजघाट पहुंचे लेकिन उन्हें भी अन्य पर्यटकों की तरह प्रवेश बंद होने की जानकारी नहीं थी।

अहमदाबाद में मोटेरा स्टेडियम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 25 फरवरी, 2020

क्विक न्यूज

सरकार ने 6.5 लाख टन चीनी के निर्यात कोटे का नए सिरे से आवंटन किया

नई दिल्ली। सरकार ने अधिकतम स्वीकार्य निर्यात कोटा (एमएईक्यू) योजना के तहत 2019-20 के मौजूदा विपणन वर्ष के लिए 6,50,000 टन चीनी कोटा का नए सिरे से आवंटन किया है। इस कोटा का इस्तेमाल नही हो पाया था। खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने चालू साल के लिए कोटा के तहत 60 लाख टन चीनी निर्यात की मंजूरी दी थी। अधिशेष चीनी की स्थिति से निपटने को यह कदम उठाया गया था। खाद्य मंत्रालय मे संयुक्त सचिव सुबोध सिंह ने कहा कि कुछ मिले इस साल अपने निर्यात कोटा को पूरा नही कर सकी है। वही कुछ मिलो ने 2,50,000 टन के निर्यात कोटा को छोड़ दिया है। सिंह ने कहा, हमने एक फॉर्मूले के आधार पर समूचे कोटा को समायोजित किया है। कुल 6,50,000 टन के निर्यात कोटा का नए सिरे से आवंटन किया गया है। सिंह ने यहां एथेनॉल पर आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओ से अलग से बातचीत मे कहा कि ऊंची वैश्विक मांग से चालू विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के दौरान चीनी का कुल निर्यात 50 लाख टन पर पहुंच सकता है। भारत ने 2018-19 के विपणन वर्ष मे 50 लाख टन के अनिवार्य कोटा पर 38 लाख टन चीनी का निर्यात किया था। अधिकारी ने कहा कि इस साल देश का कुल चीनी उत्पादन 2.7 करोड़ टन रह सकता है। इससे पिछले दो वर्ष के दौरान चीनी का उत्पादन 3.3 करोड़ टन रहा था। अभी तक मिले 1.6 से 1.7 करोड़ टन चीनी का उत्पादन कर चुकी है। इस साल पेट्रोल मे एथेनॉल के मिश्रण के बारे मे सिंह ने कहा कि हम पांच प्रतिशत यानी 1.9 अरब लीटर के स्तर को हासिल कर पाएंगे। हालांकि, इसके लिए नीति 10 प्रतिशत की है। सिंह ने कहा, इस साल इसे हासिल करना मुश्किल होगा क्योंकि महाराष्ट्र मे गन्ने का उत्पादन काफी घट गया है। हालांकि, हम पांच प्रतिशत को हासिल कर पाएंगे। देश मे अभी एथेनॉल का उत्पादन 355 करोड़ लीटर है। हालांकि, पेट्रोलियम विपणन कंपनियो (ओएमसी) की जरूरत 511 करोड़ लीटर की है।

इंटरसिटी बाय रेलयात्री ने नीलेकणि, सैमसंग वेंचर, अन्य से 100 करोड़ रुपए जुटाए

नई दिल्ली। इंटरसिटी बाय रेलयात्री ने इन्फोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि और अन्य निवेशको से 100 करोड़ रुपए जुटाए है। सोमवार को जारी एक बयान मे कहा गया है कि कंपनी मे निवेश के इस दौर मे सैमसंग वेचर इन्वेस्टमेंट रणनीतिक निवेशक के रूप मे शामिल हुई है। मौजूदा निवेशक ओमिदयार नेटवर्क और ब्लूम वेचर्स भी इसमे शामिल हुई। नीलेकणि भी कंपनी के मौजूदा निवेशक है। शहरो के बीच परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने वाली स्टार्टअप कंपनी अब तक तीन करोड़ डॉलर (लगभग 215 करोड़ रुपए) का वित्तपोषण जुटा चुकी है। इंटरसिटी बाय रेलयात्री के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और सह संस्थापक मनीष राठी ने कहा, इस ताजा निवेश से हम अपने इंटरसिटी स्मार्टबस नेटवर्क का और विस्तार कर सकेंगे और अपने प्रौद्योगिकी मंच को बेहतर कर सकेंगे। उन्होने कहा कि कंपनी का इरादा अपने स्मार्टबस के बेड़े को अगले कुछ माह मे मौजूदा के 84 से बढ़ाकर 300 करने का है। हम 2022 तक 2,000 के बेड़े को प्रबंधित करने की राह पर है। रेलयात्री (स्टेलिंग टेक्नोलॉजीज द्वारा परिचालित) को दो उपभोक्ता ब्रांडो इंटरसिटी स्मार्टबस और रेलयात्री के साथ इंटरसिटी बाय रेलयात्री का नया नाम दिया गया है।

गेल अगले पांच साल में करेगी 1.05 लाख करोड़ रुपए का निवेश

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल इंडिया लि. अगले पांच साल के दौरान गैस आधारित ढांचागत सुविधाओ मे 1.05 लाख करोड़ का निवेश करेगी। कंपनी के नए चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने कहा कि इस राशि का निवेश पाइपलाइन विस्तार, शहरी गैस वितरण नेटवर्क और पेट्रोरसायन उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर किया जाएगा। जैन ने कहा कि देश के ऊर्जा क्षेत्र मे 2030 तक प्राकृतिक गैस का हिस्सा बढ़ाकर मौजूदा के 6.2 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक पहुंचाने के सरकार के लक्ष्य के तहत गैस पाइपलाइनो के जरिए पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रो तथा दक्षिण भारत के उपभोक्ताओ तक इस ईंधन को पहुंचाने की योजना है। जैन ने कहा, हमने पाइपलाइन बिछाने पर 45,000 से 50,000 करोड़ रुपए, पेट्रोरसायन क्षमता विस्तार पर 10,000 करोड़ और शहरी गैस वितरण कारोबार पर 40,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण देश को गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का है जो अपनी ऊर्जा जरूरत को पूरा करने के लिए प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन पर अपनी निर्भरता को कम कर सकेगी। इसी के अनुरूप गेल बुनियादी ढांचा के सृजन पर जोर दे रही है। भारत मे अभी गैस की खपत 16 करोड़ मानक घनमीटर प्रतिदिन है। ऊर्जा मे गैस की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के लिए इसे 60 करोड़ घनमीटर प्रतिदिन पर पहुंचाने की जरूरत होगी।

भारत एक प्रमुख डिजिटल समाज बनने की ओर अग्रसर: मुकेश अंबानी

- अंबानी ने कहा कि इस बड़े बदलाव मे मोबाइल नेटवर्क का फैलाव प्रमुख भूमिका निभा रहा है यह पहले की तुलना मे अधिक तेजी से काम कर रहा है

भाषा। मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि भारत एक प्रमुख डिजिटल समाज बनने की ओर अग्रसर है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होगा। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला की भारत यात्रा के मौके पर सोमवार को आयोजित फ्यूचर डिकोडेड सीईओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंबानी ने कहा कि इस बड़े बदलाव में मोबाइल नेटवर्क का फैलाव प्रमुख भूमिका निभा रहा है। यह पहले की तुलना में अधिक तेजी से काम कर रहा है।अंबानी ने कहा, इसकी शुरुआत 2014 में प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के दृष्टिकोण के साथ हुई थी। 38 करोड़ लोग अब जियो की 4जी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जियो से पहले डेटा की रफ्तार 256 केबीपीएस थी। जियो के बाद यह 21 एमबीपीएस तक पहुंच गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की या बराक ओबामा ने जैसा भारत देखा है उससे भिन्न होगा। अंबानी ने कहा कि मोबाइल कनेक्टिविटी एक बड़ा बदलाव है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख ने कहा, मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि हम दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में होंगे। उन्होंने कहा कि इसमें सिर्फ इस बात पर बहस की गुंजाइश है कि यह पांच साल में होगा या दस साल में।उन्होंने कहा कि भारत में हमारे पास एक प्रमुख डिजिटल समाज बनने का अवसर है। अंबानी ने नडेला की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी काफी अलग भारत देखेगी। यह उस भारत से भिन्न होगा जिसमें आप और हम पले बढ़े हैं।

भारत यात्रा का उल्लेख करते हुए अंबानी ने कहा कि आज उन्हें जो भारत दिखाई देगा, वह उनके पूर्ववर्तियों जिम्मी कार्टर, बिल क्लिंटन

भारतीय सीईओ को समावेशी प्रौद्योगिकी क्षमता विकसित करने की जरूरत: नडेला

भाषा। मुंबई

माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों से समावेशी प्रौद्योगिकी क्षमता का निर्माण करने को कहा है। तीन दिन की भारत यात्रा पर आए नडेला ने सोमवार को माइक्रोसॉफ्ट के फ्यूचर डीकोडेड सीईओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अपनी प्रौद्योगिकी क्षमता विकसित करनी चाहिए। साथ ही उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाधान समावेशी हों। उन्होंने कहा कि पिछले दशक के दौरान एग्रीगेटर उभरे हैं, लेकिन यह काफी नहीं है। नडेला ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि डिजिटल बदलाव उत्पादकता बढ़ाने वाला हो। उन्होंने कहा कि भारत में 72 प्रतिशत सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की नौकरियों प्रौद्योगिकी उद्योग से बाहर हैं। इसी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक राजेश गोपीनाथन ने कहा कि प्रौद्योगिकी में बदलाव के लिए कंपनी आंतरिक प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि कंपनी में हमारा प्रयास होता है कि अच्छी प्रतिभाओं को रोका जाए और इसके लिए हमें बाहर से लोग नहीं ढूंढने पड़ें।

सेबी चेयरमैन पद के लिए 24 लोगों ने दिए आवेदन, अजय त्यागी ने नहीं की दावेदारी

भाषा। मुंबई

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के दो पूर्णकालिक सदस्यों समेत कुल 24 लोगों ने पूंजी नियामक के चेयरमैन पद के लिए आवेदन दिए हैं। इसमें मौजूदा चेयरमैन अजय त्यागी का आवेन नहीं है।

आवेदन देने की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। सूत्रों के अनुसार एक-दो कार्यरत और सेवानिवृत्त नौकरशाहों ने भी पद के लिए आवेदन किए हैं।उसने बताया कि सेबी के कम-से-कम दो मौजूदा पूर्णकालिक सदस्यों ने पद के लिए आवेदन किए हैं। हालांकि मौजूदा प्रमुख अजय त्यागी ने आवेदन नहीं दिया है। उनका तीन साल का कार्यकाल इस महीने के अंत में समाप्त होगा।त्यागी को शुरू में तीन साल की अवधि के लिए तैनात किया गया था और उनका कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता था। हालांकि सरकार ने 24 जनवरी को विज्ञापन जारी कर नए सिरे से चयन प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय किया। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी त्यागी को 2017 में बाजार नियामक का प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्होंने एक मार्च 2017 को पदभार संभाला।त्यागी के मामले में सरकार ने दो बार नियुक्ति अधिसूचना जारी की थी। दस फरवरी 2017 को जारी पहली अधिसूचना के अनुसार आर्थिक मामलों के विभाग में तत्कालीन अतिरिक्त सचिव (निवेश) त्यागी को सेबी चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनकी नियुक्ति पांच साल या 65 साल पूरा होने या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिए किया गया था।उसके बाद एक और अधिसूचना जारी की गई और उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई। नियामक प्रमुख पद पर नियुक्ति प्रक्रिया के तहत मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता वाली वित्तीय क्षेत्र नियामकीय नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) उम्मीदवारों को छांटती है। छांटे गए उम्मीदवारों का साक्षात्कार एक समिति करती है। इसमें आर्थिक मामलों के सचिव और तीन बाहरी सदस्य होते हैं जिन्हें क्षेत्र के बारे में जानकारी होती है।नामों को छांटने के बाद एफएसआरएएससी अपनी सिफारिश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति को भेजती है।

ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के लिए भारत से दीर्घकालिक संबंध बनाने का यह सही समय : ऑस्ट्रेलियाई मंत्री

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन और निवेश मंत्री सिमॉन बर्मिंघम का कहना है कि ऑस्ट्रेलियाई कारोबारियों के लिए भारत के साथ दीर्घकालिक संबंध विकसित करने का यह सबसे सही समय है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया भारत के साथ व्यापार करने के लिए खुला है।बर्मिंघम एक बड़े व्यापार प्रतिनिधि मंडल के साथ चार दिन की भारत यात्रा पर जा रहे हैं। उनकी यात्रा 24 से 28 फरवरी के बीच होगी जहां वह अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ कई द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।आधिकारिक बयान में बर्मिंघम ने कहा कि उनकी इस भारत यात्रा का मकसद ऑस्ट्रेलियाई कारोबारियों के लिए नए दरवाजे खोलने में मदद करना है। उनका ध्यान शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, संसाधनों, बुनियादी ढांचे और खान-पान, वाइन और सौंदर्य प्रसाधन के प्रीमियम उत्पादों पर होगा।उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत की अगले 20 साल की आर्थिक वृद्धि में ऑस्ट्रेलिया कारोबार आगे और केंद्र में रहे। बर्मिंघम ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है। 2035 तक यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। यह विभिन्न निर्यात श्रेणी के ऑस्ट्रेलियाई कारोबारियों के लिए एक बड़ा अवसर है।उन्होंने कहा कि भारत का आकांक्षी मध्य वर्ग पहले ही ऑस्ट्रेलिया की कुल आबादी का 12 गुना है और यह तेजी से बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलियाई कारोबारियों के लिए यह सही समय है कि वह भारतीय कारोबारियों के साथ दीर्घकालिक रिश्ते विकसित करें जिनकी मदद से वह आपूर्ति श्रृंखला और निवेश सहयोग स्थापित कर सकें।

दूरसंचार क्षेत्र को कोई खत्म नहीं करना चाहता : एसबीआई प्रमुख

भाषा। मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन रजनीश कुमार ने सोमवार को कहा कि दूरसंचार क्षेत्र को कोई खत्म नहीं करना चाहता। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक ने यह बात ऐसे समय कही है जबकि पहले से भारी कर्ज में दबी दूरसंचार कंपनियों पर उच्चतम न्यायालय के हाल के निर्णय के बाद 1.47 लाख करोड़ रुपए के सांविधिक बकाए के भुगतान का दबाव भी आ गया है।

एसबीआई प्रमुख से जब पूछा गया कि क्या सरकार ने इस मामले में बैंकों से कोई राय मांगी है तो उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को इस मुद्दे पर सरकार से कुछ भी सुनने को नहीं मिला है। दूरसंचार उद्योग के समक्ष समस्याओं के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, मैं यह स्पष्ट कर दूं कि कोई भी इस क्षेत्र को खत्म नहीं करना चाहता। इस महीने की शुरुआत में कुमार ने कहा था कि भारतीय स्टेट बैंक का दूरसंचार क्षेत्र पर 29,000 करोड़ रुपए का बकाया है। इसके अलावा इस क्षेत्र की बैंक गारंटी में इस बैंक के 14,000 करोड़ रुपए लगे हुए हैं। दूरसंचार कंपनियों द्वारा बकाए का भुगतान नहीं करने की स्थिति में सरकार बैंक गारंटी भुना सकती है। इस मामले को लेकर पिछले सप्ताह दूरसंचार कंपनियों और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच कई बैठकें हुई हैं। इससे पहले, इस महीने उच्चतम न्यायालय ने दूरसंचार कंपनियों से स्पेक्ट्रम शुल्क और सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) के मद का 1.47 लाख करोड़ रुपए का सांविधिक बकाया 17 मार्च तक जमा करने को कहा है।इतनी बड़ी राशि के बकाए के भुगतान का कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर फर्क पड़ सकता है। अकेल वोडाफोन-आइडिया पर, दूरसंचार विभाग के अनुमान के अनुसार 53,000 करोड़ रुपए का बकाया है।

केंद्र की पश्चिम बंगाल सरकार से प्रधानमंत्री किसान योजना में शामिल होने की अपील

भाषा। नई दिल्ली,

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पश्चिम बंगाल सरकार से केंद्र की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना में शामिल होने की अपील की है। इस योजना का एक साल पूरा हो गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल अभी तक इसमें शामिल नहीं हुआ है।

पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों ने पीएम-किसान योजना को लागू किया है। देश में अभी तक इस योजना का लाभ 8.45 करोड़ किसानों को मिल चुका है, जबकि लक्ष्य 14 करोड़ किसानों को इसका लाभ देने का है।

इस योजना के क्रियान्वयन के एक साल पूरे होने के मौके पर मंत्री ने पीएम-किसान मोबाइल एप भी पेश किया। तोमर ने कहा, पश्चिम बंगाल अभी इस योजना में शामिल नहीं हुआ है। राज्य में 70 लाख किसान हैं। यदि

राज्य में इस योजना का क्रियान्वयन होता है तो उन तक 4,000 करोड़ रुपए का लाभ पहुंच सकेगा। तोमर ने कहा कि राज्य के 70 लाख किसानों में से 10 लाख किसान पीएम-किसान के आनलाइन पोर्टल के जरिए योजना में स्व पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक बार राज्य सरकार द्वारा इन आंकड़ों के सत्यापन के बाद इन किसानों को योजना के तहत नकद लाभ मिल सकेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि योजना के तहत नकद लाभ से न सिर्फ किसानों को मदद मिलेगी बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा, हमारे अधिकारियों ने इस बारे में राज्य सरकार के साथ कई बार संपर्क किया। मैंने मुख्यमंत्री को योजना में शामिल होने के लिए दो बार पत्र लिखा है। लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है।

तोमर ने कहा कि आंध्र प्रदेश, बिहार और सिक्किम जैसे कुछ राज्य अपने किसानों के आंकड़ों को सत्यापित करने में सुस्त हैं। केंद्र सरकार गंभीरता से उनके साथ यह मामला उठा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि हमारा अगले साल तक 14 करोड़ किसानों तक लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। पीएम-किसान पोर्टल पर केंद्र को कुल 9.74 करोड़ किसानों का ब्योरा मिला है। 8.45 करोड़ किसानों को भुगतान कर भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पंजीकृत किसानों के आंकड़ों में 85 प्रतिशत आधार सत्यापित है। शेष को भी जल्द इससे जोड़ लिया जाएगा। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पात्र किसानों को तीन बराबर किस्तों में सालाना 6,000 रुपए का भुगतान कर रही है।

कोरोना वायरस की चिंता से बाजार धाराशाई

- सेंसेक्स 807 अंक डूबा

भाषा। मंबई

भारतीय शेयर बाजारों में सोमवार को जोरदार गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स करीब 807 अंक का गोता लगा गया। इस साल यह दूसरा मौका है जब सेंसेक्स में इतनी बड़ी गिरावट आई है।

चीन में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने की खबरों से निवेशकों की चिंता भी बढ़ी है। ऐसे में वैश्विक बाजारों के साथ साथ भारतीय बाजार में भी बिकवाली का भारी दबाव पैदा हो गया था। बाजार सुबह गिरावट के साथ खुला। दिन में बीएसई-सेंसेक्स 40,306.36 अंक तक लुढ़क गया था। दक्षिण कोरिया, इटली और ईरान में बड़ी संख्या में कोरोना वायरस के मामले आने की खबर के बाद निवेशकों ने घबराहट में बिकवाली बढ़ा दी थी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंतत: 806.89 अंक यानी 1.96 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 40,363.23 पर बंद हुआ। इस साल यह दूसरा मौका है जब

सेंसेक्स इतना टूटा है। इससे पहले एक फरवरी को बजट आने के बाद सेंसेक्स 987 अंक से अधिक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 251.45 अंक यानी 2.08 प्रतिशत टूटकर 11,829.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल सभी कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील में सर्वाधिक 6.39 प्रतिशत की गिरावट आई। उसके बाद ओएनजीसी, मारुति, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दक्षिण कोरिया और इटली में कोरोना वायरस के नए मामले आने के बाद सुरक्षा संपत्ति में निवेश की मांग बढ़ी है। अन्य देशों में इस वायरस के प्रभाव पड़ने को देखते हुए यह अंदेशा है कि व्यापार प्रभाव पूर्व के अनुमान से कहीं अधिक व्यापक हो सकता है। ट्रंप-मोदी की मुलाकात से भी बाजार को व्यापार सौदे को लेकर कोई संकेत नहीं मिला लेकिन बाजार भविष्य में इस बारे में संकेत की उम्मीद कर रहा है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने भी आगाह किया कि खतरनाक कोरोना विषाणु पहले से कमजोर वैश्विक अर्थव्यवस्था को और संकट में डाल सकता है।चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रविवार को कहा कि कोरोना वायरस देश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य आपात स्थिति है। चीन में इस विषाणु के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,592 पहुंच गई है।कोरोना वायरस का असर दुनिया के अन्य शेयर बाजारों पर भी असर पड़ा। दुनिया के अन्य बाजारों में सियोल का शेयर बाजार नीचे आया। दक्षिण कोरिया में भी कोरोना विषाणु के संक्रमण से 161 और लोगों के मारे जाने की खबर से शेयर बाजार नीचे आया। इस विषाणु के कारण वहां अबतक 763 लोगों की मौत हो चुकी है। चीन के बाद यह दूसरा देश है जहां इतनी संख्या में लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा शंघाई, तोक्यो और हांगकांग के बाजार भी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इटली के मिलान का एफटीएसई एमआईबी 4 प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इटली में विषाणु के कारण चार लोगों की मौत हो चुकी है। इसकी चपेट में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है।

वायुसेना की उड़ान को मंजूरी देने में विलंब पर भारतीय, चीनी अधिकारी संपर्क में : चीन

भाषा। बीजिंग

चिकित्सा सामग्री लेकर करोना वायरस से सबसे बुरी तरह प्रभावित चीनी शहर वुहान जाने और वहां से भारतीयों को लेकर वापस आने के लिए वायुसेना की एक विशेष उड़ान को मंजूरी देने में हुई देरी के संबंध में दोनों देशों के अधिकारी संपर्क में थे। चीन ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत ने वायुसेना के सबसे बड़े विमान सी-17 ग्लोबमास्टर को चिकित्सा सामग्री के साथ चीन भेजने और कोरोना वायरस प्रभावित चीन के हुबेई प्रांत से 100 से ज्यादा भारतीयों को लेकर आने की अपनी योजना की घोषणा की थी।

भारत ने विमान में जगह उपलब्ध रहने पर दूसरे देशों के नागरिकों को भी वहां से निकालने की पेशकश की थी। पीटीआई द्वारा पूछे गए विमान को मंजूरी देने में हुए विलंब से जुड़े एक सवाल के जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के सक्षम प्राधिकारियों में इस मामले में संवाद व समन्वय बना हुआ था। संक्षिप्त जवाब में यह नहीं कहा गया कि उड़ान को मंजूरी कब दी जाएगी।चीनी विदेश मंत्रालय का यह नया बयान वहां फंसे हुए भारतीयों को वापस लाने के लिए भारत के विशेष विमान को मंजूरी मिलने में हुई देरी को लेकर दोनों देशों के बीच पहले हो चुकी बयानबाजी के बाद आया है।

● भारत ने वायुसेना के सबसे बड़े विमान सी-17 ग्लोबमास्टर को चिकित्सा सामग्री के साथ चीन भेजने और कोरोना वायरस प्रभावित चीन के हुबेई प्रांत से 100 से ज्यादा भारतीयों को लेकर आने की अपनी योजना की घोषणा की थी

यह विमान चिकित्सा सामग्री लेकर वुहान जाने वाला है और लौटते समय उसे वहां फंसे भारतीयों को अपने साथ लाना है। भारतीय अधिकारियों ने पूर्व में कहा था कि उड़ान में विलंब हुआ क्योंकि उसे चीनी सरकार से इजाजत नहीं मिली थी।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने बीते शुक्रवार अपनी ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग में किसी तरह की देरी से इनकार किया था लेकिन उड़ान को वुहान जाने की मंजूरी देने नहीं दिए जाने का कोई कारण नहीं बताया था। नई दिल्ली में चीनी दूतावास ने रविवार को कहा, चीनी पक्ष हमेशा चीन में रह रहे भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को काफी महत्व देता है और भारतीय नागरिकों के लौटने में सहायता भी करता है।

दूतावास ने कहा था, हुबेई प्रांत में महामारी की स्थिति गंभीर है और कोविड-19 की रोकथाम व नियंत्रण महत्वपूर्ण चरण में है। हम जमीनी स्थिति का सावधानीपूर्वक आकलन कर रहे हैं जैसा की रोकथाम के काम के लिए जरूरी है। दोनों देशों के सक्षम अधिकारी इस संबंध में संपर्क और समन्वय में हैं। ऐसी कोई बात नहीं है कि चीन जानबूझकर उड़ान को मंजूरी देने में देरी कर रहा है।

चीनी दोस्त को नस्ली हमले से बचाने की कोशिश में भारतीय मूल की लड़की बेहोश हुई

लंदन (भाषा)। कोरोना वायरस को लेकर अपनी चीनी दोस्त को एक नस्ली हमले से बचाने की कोशिश कर रही भारतीय मूल की एक महिला प्रशिक्षु वकील एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीटे जाने के बाद बेहोश हो गई। घटना इंग्लैड के सोलीहल कस्बे की है जब 29 वर्षीय मीरा सोलंका लंदन से आई अपनी चीनी दोस्त मांदी हुआंग समेत अन्य दोस्तों के साथ मिडलैंड्स में अपना 29वां जन्मदिन मनाने के लिए बाहर निकली थी। बर्मिंघम मेल अखबार की खबर के अनुसार जब किसी ने मांदी से कहा कि अपना कोरोना वायरस वापस ले जाओ तो मीरा बीच-बचाव के लिए आ गई। इस दौरान उसे चोट लगी और बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। मांदी पर नौ फरवरी को फ्रेडरिक स्ट्रीट में बर्मिंघम की आना रोका बार एंड गैलरी के बाहर वायरस का संक्रमण फैलाने का आरोप लगाया गया। मीरा के हवाले से सन्डे मरकरी अखबार ने लिखा, उस जगह एशियाई पुरुषों का एक समूह था। उनमें से एक बार बार मेरे पास आकर मुझे परेशान कर रहा था। उसे कई देशों के दोस्तों के साथ एक भारतीय लड़की के होने से दिक्कत लग रही थी। उसने कहा कि अचानक उसने मांदी से अपशब्दों का प्रयोग करना शुरू कर दिया। मुझे गुस्सा आ गया और मैंने चिल्ला कर रुकने को कहा। मीरा ने बताया कि उस शख्स ने मुझे सिर पर मुक्का मारा। मैं गिर गई और बेहोश हो गई।

दुनिया भर में 79,000 लोग कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में

बीजिंग (एपी)। चीन से शुरू हुए कोरोना वायरस के प्रकोप ने दुनिया भर के 79,000 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस से होने वाली इस बीमारी को कोविड-19 नाम दिया है। प्रत्एक देश की सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, वायरस से संक्रमण और मौत के मामले इस प्रकार हैं :

चीन : 77,150 मामले, 2,592 लोगों की मौत। हांगकांग : 74 मामले, दो मौतें। मकाऊ: 10 मामले, जापान: योकोहोमा में खड़े पोत के 691 मामलों सहित 838 मामले, चार लोगों की मौत। दक्षिण कोरिया : 763 मामले, सात की मौत, सिंगापुर : 89 मामले, इटली : 152 मामले, तीन मौतें, ईरान: 43 मामले, आठ की मौत। अमेरिका : 35 मामले, चीन में एक अमेरिकी नागरिक की मौत। थाइलैंड : 35 मामले, ताइवान : 28 मामले, एक मौत। ऑस्ट्रेलिया : 23 मामले, मलेशिया : 22 मामले, वियतनाम : 16 मामले, जर्मनी : 16 मामले, फ्रांस: 12 मामले, एक की मौत। संयुक्त अरब अमीरात : 11 मामले, ब्रिटेन : 13 मामले, कनाडा : 10 मामले, फिलीपीन : 3 मामले, एक मौत। भारत : 3 मामले। रूस और स्पेन में संक्रमण के दो-दो मामलों के अलावा लेबनान, इजरायल, बेल्जियम, नेपाल, श्रीलंका, स्वीडन, कंबोडिया, फिनलैंड और मिस्र में एक-एक मामला सामने आया है।

दक्षिण कोरिया के सियोल के एक बाजार में कोरोनोवायरस के खिलाफ एहतियात के तौर पर सुरक्षात्मक मास्क पहने कीटनाशक का छिड़काव करता स्वास्थकर्मी

दक्षिण कोरिया ने कोरोना वायरस के 70 और मामलों की पुष्टि की : केसीडीसी

एएफपी। सियोल

दक्षिण कोरिया ने सोमवार दोपहर को कोरोना वायरस के 70 नए मामलों की पुष्टि की जिसके बाद देश में इस घातक वायरस के मामले बढ़ कर 833 हो गए हैं।

रोक नियंत्रण एवं रोकथाम के कोरिया केन्द्र (केसीडीसी) ने वेबसाइट पर उद्यतन आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार देश में रोजाना संक्रमण के मामलों में 200 से अधिक की वृद्धि हो रही है। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा हैं। चीन के बाद कोरोना वायरस के सबसे अधिक मामले दक्षिण कोरिया में ही सामने आए हैं। दक्षिण कोरिया में हाल के कुछ दिनों में कोरोना वायरस के मामलों में अचानक तेज वृद्धि हुई है जहां दक्षिणी शहर दाएगू के एक धार्मिक प्रतिष्ठान में पिछले हफ्ते संक्रमण के कई मामले सामने आए थे।

ईरान में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या चार से बढ़कर 12 हुई

तेहरान (एएफपी)। चीन में महामारी बन चुके कोरोना वायरस का कहर ईरान में भी बढ़ता जा रहा है और यहां इससे मरने वालों की संख्या चार से बढ़कर 12 हो गई है। संसद के बंद कमरे में हुए सत्र के बाद अर्द्ध-सरकारी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने अपनी एक खबर में ईरानी नेता असदुल्लाह अब्बासी के हवाले से कहा, स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि देश में इससे 12 लोगों की जान गई है और 47 लोगों के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है।

ईरान सरकार ने वायरस के आंकड़ों पर पारदर्शिता का संकल्प जताया

तेहरान (एएफपी)। ईरान सरकार ने सोमवार को संकल्प व्यक्त किया कि देश में खतरनाक कोरोना वायरस के आंकड़ों को लेकर वह पारदर्शी रहेगा। उस पर पूर्व में आंकड़ों को छिपाने का आरोप लग रहा था। सरकारी प्रवक्ता अली राबीई ने सरकारी टेलीविजन पर सीधे प्रसारित किए गए संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम देश भर में मौत को लेकर कोई भी आंकड़ा (जो उपलब्ध होगा) होगा, उसकी घोषणा करेंगे। हम आंकड़ों को बताने में पारदर्शिता का संकल्प व्यक्त करते हैं।

प्रधानमंत्री महातिर के इस्तीफा सौंपने के बाद मलेशिया में संकट

एएफपी। कुआलालंपुर

मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने सभी को चौंकाते हुए सोमवार को इस्तीफा दे दिया।

प्रधानमंत्री बनने जा रहे अनवर इब्राहिम को पद भार संभालने से रोकने की कोशिशों के तहत उनके राजनीतिक सहयोगियों के नया गठबंधन बनाने के प्रयास के बाद महातिर ने यह फैसला किया। इस चौंकाने वाले कदम से पहले पैक्ट ऑफ होप गठबंधन में कई माह से तनाव बढ़ता हुआ दिख रहा था। इस गठबंधन को छह दशकों तक मलेशिया पर शासन करने वाली भ्रष्टाचार से ग्रस्त सरकार के खिलाफ 2018 में चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली थी। लेकिन विश्व के सबसे उम्रदराज, 94 वर्ष के महातिर से पद पर बने रहने की अपील की जा रही थी जिनका कहना है कि उन्होंने नई सरकार के गठन का समर्थन नहीं किया है और इस साजिश से तंग आकर इस्तीफा दिया।

यह राजनीतिक ड्रामा रविवार को शुरू हुए था जब सत्तारूढ़ गठबंधन से अनवर के प्रतिद्वंद्वियों ने कुआलालंपुर में कई बैठकें की जिससे अटकलों को

मलेशिया के प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद ने पुटराजया में एक संवाददाता सम्मेलन में मीडिया को अभिवादन करते हुए

बल मिला की एक नया गठबंधन बनने जा रहा है। खबर थी कि गठबंधन महातिर के संभावित उत्तराधिकारी अनवर को बाहर करने की योजना बना रहा था और उनकी पार्टी के ज्यादातर सांसद किसी भी वक्त उनके प्रधानमंत्री बनने की राह में रोड़े अटकाते।

सोमवार सुबह तक सत्तारूढ़ गठबंधन की किस्मत को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच महातिर के कार्यलाय ने चौंकाने वाली घोषणा की कि उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री के तौर पर दोपहर एक बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह पांच बजे) इस्तीफा सौंप दिया। इसका कोई कारण नहीं बताया गया। महातिर के साथ पूर्व में अनवर के संबंध अच्छे नहीं थे लेकिन उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि नई सरकार के गठन के प्रयासों में उनकी कोई भूमिका नहीं है और बहुत स्पष्ट हैं कि किसी भी तरीके से वह पूर्व के शासन से जुड़े लोगों के साथ कभी काम नहीं करेंगे। खबरों की मानें तो प्रस्तावित नए गठबंधन में यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गनाइजेशन (यूएमएनओ) - भ्रष्ट पूर्व नेता नजीब रजाक की पार्टी भी शामिल होगी।

इराक में नोवेल कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया

नजफ (एएफपी)। इराक में सोमवार को कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार देश के दक्षिणी हिस्से में नजफ शहर में रह रहा एक वृद्ध ईरानी नागरिक इससे संक्रमित पाया गया है।इराक काफी पहले ही अपने नागरिकों के ईरान जाने पर रोक लगा चुका है।

इटली में कोरोना वायरस से चौथी मौत

रोम (एएफपी)। इटली ने कोरोना वायरस से चौथी मौत होने की सोमवार को जानकारी दी। यह मामला उत्तरी लोमबार्दिया क्षेत्र का है जहां 84 साल के एक व्यक्ति की इस वायरस से मौत हो गई। देश में वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि यह लोमबार्दिया में तीसरी मौत है जहां बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए गांवों में लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई है और सुरक्षा उपाय लागू हैं। प्रधानमंत्री जुजेपे कोंते ने कहा कि वायरस के प्रकोप को कम करने के प्रयासों के तहत निवासियों को हफ्ते तक घरों में बंद रहना पड़ सकता है। इटली के नागरिक संरक्षण विभाग के प्रमुख एंजेलो बोंली ने रविवार को कहा था कि देश में 150 से ज्यादा लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

पाकिस्तान ने कोरोना वायरस प्रभावित चीन के लिए उड़ानें 15 मार्च तक निलंबित कीं

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने कोरोना वायरस प्रभावित चीन में संक्रमण के मामलों में इजाफे के बाद उस देश के लिए संचालित होने वाली उड़ानों को 15 मार्च तक के लिए एक बार फिर निलंबित कर दिया है। कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान से बीजिंग के बीच उड़ानों के संचालन को बहाल किया गया था।

पाकिस्तान ने 31 जनवरी को चीन से उड़ानों को दो फरवरी तक के लिए निलंबित कर दिया था। एक दिन पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को वैश्विक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित किया था।

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन्स (पीआईए) तीन फरवरी को सेवाएं बहाल करने के बाद बीजिंग के लिए दो साप्ताहिक उड़ानों का परिचालन कर रही थी।इससे एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने कहा था कि उसे कोरोना वायरस के मामलों का पता लगाने के लिए चीन से विशेष चिकित्सा किट मिली हैं।

पीआईए के प्रवक्ता अब्दुल्ला हफीज ने मीडिया को बताया कि एयरलाइन ने चीन में नोवेल कोरोना वायरस के मामलों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर उड़ानों का परिचालन 15 मार्च तक निलंबित करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, बीजिंग के लिए उड़ानें फिर से बहाल करने का फैसला हालात देखते हुए लिया जाएगा।

चीन ने कोरोना वायरस के चलते जंगली जानवरों के व्यापार पर रोक लगाई

बीजिंग (एएफपी)। चीन ने कोरोना वायरस के चलते सोमवार को जंगली जानवरों के व्यापार और उनके उपभोग पर व्यापक रोक लगाने की घोषणा की है। जंगली जानवरों के व्यापार और उपभोग को जानलेवा कोरोना वायरस के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। देश की शीर्ष विधाई समिति नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) ने जंगली जानवरों के अवैध व्यापार, अत्याधिक उपभोग की खराब आदत पर रोक लगाने और लोगों के जीवन तथा स्वास्थ्य के प्रभावी संरक्षण से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इससे पहले 2002-2003 में सार्स वायरस फैलने के दौरान जंगली जानवरों के व्यापार और उपभोग पर अस्थाई पाबंदी लगाई गई थी। सार्स के कारण सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई थी।

क्विक न्यूज

सोने की जंजीर खींचने का प्रयास करने वाले पाक नागरिक पर मुकदमा

दुबई (भाषा)। एक भारतीय महिला की सोने की चेन खींचने का कथित प्रयास करने वाले 23 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक पर दुबई की अदालत में मामला चल रहा है।।खलीज टाइम्स की रविवार की खबर के मुताबिक कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस आठ मार्च को फैसला सुनाएगा। घटना की रिपोर्ट पिछले वर्ष 30 नवंबर को बर दुबई पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई थी। आरोपी ने 32 वर्षीय भारतीय महिला की सोने की चेन खींचने का प्रयास किया था। घटना के वक्त महिला घर की ओर जा रही थी। लेकिन महिला चिल्ला पड़ी जिसके चलते वह चेन खींच नही पाया। आरोपी को दो लोगो ने पकड़ लिया। महिला की मदद करने वाले दोनो व्यक्ति भी पाकिस्तानी नागरिक थे।

भारत ने चोरी हुई प्राचीन प्रतिमा लौटाने के लिए ब्रिटिश संग्रहालय से किया अनुरोध

लंदन (भाषा)। तमिलनाडु के एक मंदिर से चोरी हुई एक तमिल संत की 15वी शताब्दी की कांस्य प्रतिमा की वापसी के लिए भारत ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय स्थित एक ब्रिटिश संग्रहालय से अनुरोध किया है। यह प्रतिमा नीलामी के जरिए वहां पहुंची थी। संत तिरुमनकाई अलवार की प्रतिमा सूथबे नीलामी गृह से 1967 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एशमोलीन संग्रहालय द्वारा हासिल की गई थी। यह मूर्ति जे आर बेलमोट नाम के एक संग्रहकर्ता के संग्रह में थी। संग्रहालय ने कहा कि उसे इस प्राचीन मूर्ति के मूल स्थान के बारे में एक स्वतंत्र शोधकर्ता ने पिछले साल नवंबर में सतर्क किया, जिसके बाद उसने भारतीय उच्चायोग को इस बारे में जानकारी दी। एशमोलीन संग्रहालय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया, आईएफपी-ईएफईओ (इंस्टीट्यूट फ्रैंकाइस डी पांडिचेरी एंड द इकोल फ्रैंकाइश डी एक्सट्रीम-ओरिएंट) के फोटो अभिलेखागार में शोध में यही कांस्य प्रतिमा 1957 में तमिलनाडु के श्री सौंदरराजनपेरुमल कोविल मंदिर में नजर आई। यद्यपि इस मूर्ति के बारे में आधिकारिक रूप से कोई दावा नही किया गया था लेकिन संग्रहालय ने आधिकारिक रूप से मामले में पिछले साल 16 दिसंबर को भारतीय उच्चायोग का ध्यान आकर्षित किया और उनसे इस बारे में पुलिस रिकॉर्ड समेत अन्य जानकारियां मांगी जिससे उन्हे इसके मूल-स्रोत के बारे में मदद मिलेगी। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त रुचि घनश्याम ने संग्रहालय द्वारा उठाए गए कदम पर संज्ञान लिया और आगे की कार्वाई के लिए मामले को भारतीय अधिकारियो के समक्ष भेजा। इसके बाद इस महीने के शुरू में संग्रहालय से इस मूर्ति को लौटाने को लेकर औपचारिक अनुरोध किया। भारत की तरफ से इस बारे में और जानकारी दिए जाने के बाद संग्रहालय अब आगे की जांच कर रहा है।

फलस्तीन से रॉकेट दागे जाने के बाद सीरिया में इजराइल के हमले में छह की मौत

एएफपी। यरुशलम

गाजा पट्टी और सीरिया में इस्लामिक जिहादी चरमपंथी समूह को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमलों में कम से कम छह लड़ाके मारे गए। इससे पहले जिहादियों ने इजराइल पर कई रॉकेट दागे थे। युद्ध की निगरानी करने वाली एक संस्था ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक सैन्य बयान में कहा गया कि यहूदी देश में दो मार्च को होने

वाले आम चुनाव से पहले हुए इस हमले में, इजराइली वायु सेना ने पूरे गाजा और सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास इस्लामिक जिहाद चरमपंथी के ठिकानों को निशाना बनाया। गाजा-इजराइल सीमा के पास एक इस्लामिक जिहादी चरमपंथी की मौत के जवाब में, फलस्तीनी क्षेत्र से 20 से अधिक रॉकेट और मोर्टार दागे गए, जिसके बाद इजराइल ने जवाबी हमले किए।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने दमिश्क के बाहरी इलाके में इस्लामिक जिहाद के ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें वह ठिकाना भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल देश में चरमपंथी समूह की गतिविधियों के संचालन के लिए अड्डे के तौर पर किया गया था। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के साथ गठबंधन रखने वाले इस्लामिक जिहादी समूह ने सोमवार सुबह हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि उसके दो लड़ाके मारे गए। युद्ध पर नजर रखने वाले ब्रिटेन के एक संगठन सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बाद में पुष्टि की कि हमले में असद समर्थक, ईरान समर्थित चार अतिरिक्त लड़ाके मारे गए।

कोरोना वायरस प्रभावित चीन ने दशकों बाद पहली बार संसद का वार्षिक सत्र स्थगित किया

भाषा। बीजिंग

चीन ने घातक कोरोना वायरस के कारण पांच मार्च से शुरू हो रहे अपनी संसद के वार्षिक सत्र को स्थगित करने का सोमवार को निर्णय किया देश में घातक कोरोना वायरस से अब तक 2500 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 77 हजार से अधिक लोग इससे संक्रमित हैं।

चाइना ग्लोबल टेलीविज़न नेटवर्क टीवी ने कहा कि देश की शीर्ष विधायिका, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति ने यहां मुलाकात की और कोरोनोवायरस के कारण एनपीसी के वार्षिक सत्र को स्थगित करने के मसौदे को मंजूरी दे दी। सरकारी मीडिया के अनुसार 13वीं एनपीसी के तीसरे सालाना सत्र की शुरुआत पांच मार्च से बीजिंग में होनी थी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को कहा 150 लोगों की मौत के साथ मृतकों की संख्या 2,592 हो गई है जबकि इससे संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 77 हजार हो गई है।

इस बीच स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि चीन-विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ) के संयुक्त विशेषज्ञ दल ने जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित हुबेई प्रांत का दौरा किया। एनपीसी और शीर्ष सलाहकार निकाय चाइनीज पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीसीसी) में पांच हजार से अधिक सदस्य हैं। दोनों निकाय बजट समेत सरकार के वार्षिक एजेंडे को मंजूरी देने के लिए मार्च के दौरान बैठक करते हैं।

दुबई में दो भारतीयों को अपने हमवतन पर हमले के लिए जेल की सजा

दुबई (भाषा)। संयुक्त अरब अमीरात में दो भारतीय कामगारों को अपने ही हमवतन पर हमला करने और उसका सामान छीनने के लिए दो-दो साल जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार दोषियों ने अपने कुछ साथियों के साथ 19 नवंबर को एक व्यक्ति से मारपीट कर उसका मोबाइल फोन और पासपोर्ट छीन लिया। दुबई की अदालत ने उन्हें सजा पूरी होने के बाद प्रत्यर्पित करने का भी आदेश दिया। हालांकि खबर में उनका नाम नहीं बताया गया है। 27 और 21 साल के दोनों दोषियों पर चोरी और यौन दुर्व्यवहार का भी आरोप है। शिकायतकर्ता ने अदालत को बताया, मैं पिछले साल मई में यात्रा वीजा पर दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आया था। एक भारतीय कर्मचारी ने मुझे 15,00 रुपए दिरहम प्रतिमाह पर एक निर्माण स्थल पर काम दिया। लेकिन मुझे केवल 100 या 50 दिरहम ही दिए गए। पीड़ित ने पूरा वेतन नहीं देने पर उन्हें पुलिस से शिकायत की चेतावनी दी। पीड़ित ने कहा, 19 नवंबर को दोनों आरोपियों और कुछ अन्य लोगों ने मुझे अल रफा में एक भवन में खींच लिया। उन सभी ने मुझे मुक्के और लातें मारीं।

लॉस एंजिलिस में दुकान में भारतीय नागरिक की गोली मार कर हत्या

भाषा। वाशिंगटन

लॉस एंजिलिस में शनिवार को एक दुकान में भारतीय नागरिक मनिंदर सिंह साही की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस का मानना है कि संदिग्ध हमलावर लूट के इरादे से अर्ध स्वचालित हथियार के साथ दुकान में आया था।

साही (31) विवाहित था और उसके दो बच्चे हैं। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस काउंटी के विट्टेयर सिटी स्थित 7-इलेवन ग्रॉसरी स्टोर में वह काम करता था।साही हरियाणा के करनाल का रहने वाला था। उन्हें अमेरिका आए छह माह भी नहीं हुए थे। उन्होंने राजनीतिक शरण की मांग की थी।अमेरिका में उसके रिश्तेदारों ने बताया कि वह घर में एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति था और पत्नी तथा बच्चों के लिए घर पर पैसे भेजता था।

विट्टेयर पुलिस विभाग के मुताबिक, घटना शनिवार को सुबह पांच बज कर करीब 43 मिनट पर हुई।प्रारंभिक तौर पर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि संदिग्ध लूट के इरादे से अर्ध स्वचालित हथियार के साथ दुकान में आया था।पुलिस ने संदिग्ध की तस्वीर जारी करते हुए कहा, बिना किसी कारण के संदिग्ध ने पिस्तौल से गोली चलाई जिसमें क्लर्क की मौत हो गई। पुलिस ने बताया, संदिग्ध घटनास्थल से भाग गया और तब से फरार है। स्टोर के अंदर दो ग्राहक थे, दोनों सकुशल हैं। संदिग्ध एक अश्वेत व्यक्ति था। उसका मुंह आंशिक तौर पर ढंका हुआ था। साही के भाई ने पैसा इकट्ठा करने के लिए गो-फंड पेज बनाया है ताकि मृतक के शव को स्वदेश भेजा जा सके। इसके जरिए 21,000 डॉलर चंदा जुटाया गया है।

उसके भाई ने गो-फंड मी पेज में रविवार को लिखा, उसके परिवार में माता पिता, पत्नी तथा पांच और नौ साल के दो छोटे बच्चे हैं। मैं उनका शव स्वदेश भेजने के लिए मदद मांग रहा हूं ताकि उनकी पत्नी और बच्चे अंतिम बार उन्हें देख सकें।

जन्मदिन पर देश के नक्शे वाला केक काटकर नेपाल के प्रधानमंत्री ने विवाद खड़ा किया

भाषा। काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने अपने जन्मदिन के अवसर पर देश के नक्शे वाला 15 किलोग्राम का केक काटकर विवाद खड़ा कर दिया है।

ओली के जन्मस्थान पूर्वी नेपाल के तेहथुम जिले में रविवार को उनके 69वें जन्मदिन का जश्न मना। इसमें उनकी पत्नी राधिका शाक्य, ओली के करीबी सहयोगी, स्कूली छात्र तथा बड़ी संख्या में लोग शरीक हुए। इस अवसर के लिए खासतौर पर बनवाया गया केक हेलिकॉप्टर के जरिए काठमांडू से वहां पहुंचाया गया। केक पर देश का नक्शा बना था। अन्नापूर्णा पोस्ट डेली की खबर के मुताबिक इस जश्न की तस्वीरें ऑनलाइन आई, जिसमें ओली केक काटते और इसे बच्चों में बांटते दिखे। इन तस्वीरों पर सोशल मीडिया के उपयोगकर्ताओं ने नाराजगी जताई। एक उपयोगकर्ता ने इसे अपराध बताया।

एक अधिवक्ता दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि केक के रूप में नेपाल के नक्शे को काटना अनुचित है क्योंकि यह देश को टुकड़े-टुकड़े करने की मंशा दिखाता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कानूनी कार्वाई हो सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री से माफी की मांग की।

भारतीय महिला टीम की लगातार दूसरी जीत

●महिला टी20 विश्व कप

●बांग्लादेश को 18 रन से हराया

भाषा। पर्थ

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्ज की उम्दा पारियों के बाद पूनम यादव की फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को 18 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के 143 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम लेग स्पिनर पूनम यादव (18 रन पर तीन विकेट), तेज गेंदबाज शिखा पांडे (14 रन पर दो विकेट) और अरुणधति रेड्डी (33 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 35 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने 30 रन की पारी खेली। भारत ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (39) और जेमिमा रोड्रिग्ज (34) के अलावा वेदा कृष्णमूर्ति (नाबाद 20) की उम्दा पारियों से छह विकेट पर 142 रन बनाए। टीम हालांकि अंतिम पांच ओवर में 35 रन ही जोड़ सकी। बांग्लादेश की ओर से पन्ना घोष और सलमा खातून ने धारदार गेंदबाजी करते हुए 25-25 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ओवर में ही शमीमा सुल्ताना (03) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने शिखा की गेंद पर दीप्ति को कैच थमाया। मुर्शिदा ने तीसरे ओवर में दीप्ति पर तीन चौके मारे। वह हालांकि इसी ओवर में भाग्यशाली रहीं जब स्क्वायर लेग पर शेफाली उनका कैच लपकने में नाकाम रहीं। मुर्शिदा ने संजीदा इस्लाम के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 33 रन तक पहुंचाया। कप्तान हरमनप्रीत ने आठवें ओवर में गेंद तेज गेंदबाज अरुणधति को थमाई। मुर्शिदा ने उनका स्वागत चौके के साथ किया लेकिन इसी ओवर में गेंद को हवा में लहराकर मिड आफ पर रिचा घोष को कैच दे बैठीं। निगार ने इसके बाद मोर्चा संभाला। उन्होंने पूनम पर चौके से खाता खोला और फिर अरुणधति पर भी दो चौके मारे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली पूनम ने संजीदा (10) को विकेटकीपर तानिया भाटिया ने हाथों कैच कराया। अरुणधति ने अगले ओवर में फरगाना हक (00) को भी तानिया के हाथों कैच कराया। बांग्लादेश को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 49 रन की दरकार थी। पूनम ने फाहिमा खातून (17) को शार्ट स्क्वायर लेग पर शेफाली के हाथों कैच कराया जबकि अगले ओवर में राजेश्वरी ने निगार को पवेलियन भेजकर भारत का पलड़ा भारी किया। पूनम ने इसके बाद जहांनारा आलम (10) को स्टंप कराया। राजेश्वरी के 19वें ओवर में 11 रन बने लेकिन इसके बावजूद बांग्लादेश को शिखा के अंतिम ओवर में 22 रन की जरूरत थी लेकिन इस ओवर में सिर्फ तीन रन बने। इससे पहले बांग्लादेश ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत को मैच शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब स्मृति मंधाना वायरल बुखार के कारण बाहर हो गईं। भारत ने दूसरे ओवर में ही तानिया (02) का विकेट गंवा दिया जो सलमा की गेंद को आगे बढ़कर खेलने के प्रयास में पूरी तरह चूक गई और विकेटकीपर निगार ने उन्हें स्टंप कर दिया। शेफाली ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जहांनारा और सलमा पर छक्कों के साथ शुरुआत की। शेफाली ने जहांनारा के दूसरे ओवर में भी दो चौके और एक छक्का मारा जबकि जेमिमा ने भी नाहिदा अख्तर पर छक्का जड़ा। शेफाली ने पन्ना पर अपना चौथा छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में शमीमा सुल्ताना को कैच दे बैठीं। उन्होंने 17 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और दो चौके मारे। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 54 रन बनाए। हरमनप्रीत (08) ने नाहिदा पर चौके के साथ खाता खोला लेकिन पन्ना की गेंद पर रुमाना अहमद को आसान कैच दे बैठीं। भारत ने 11वें से 13वें ओवर में सिर्फ 13 रन बनाए जिससे टीम पर दबाव बना और जेमिमा गैरजरूरी रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गईं। उन्होंने 37 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और एक छक्का मारा। स्मृति की जगह खेल रही रिचा घोष (14) ने फातिमा खातून पर लगातार दो चौकों के साथ 32 गेंद के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया। रिचा हालांकि 17वें ओवर में सलमा की गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में लांग आन पर नाहिदा के हाथों लपकी गईं। दीप्ति शर्मा भी 11 रन बनाने के बाद रन आउट हो गईं। वेदा ने 18वें ओवर में नाहिदा पर तीन चौकों के साथ रन गति में इजाफा किया लेकिन अंतिम दो ओवर में सिर्फ 13 रन बने।

स्कोरबोर्ड

भारतः तानिया भाटिया स्टं निगार बो सलमा 02, शेफाली वर्मा का शमीमा बो पन्ना 39, जेमिमा रोड्रिग्स रन आउट 34, हरमनप्रीत कौर का रुमाना बो पन्ना 08, दीप्ति शर्मा रन आउट 11, रिचा घोष का नाहिदा बो सलमा 14,वेदा कृष्णमूर्ति नाबाद 20, शिखा पांडे नाबाद 07, अतिरिक्तः 07, **कुलः** 20 ओवर मे छह विकेट परः 142 रन, **विकेट पतनः** 1-16, 2-53, 3-78, 4-92, 5-111, 6-113, **गेंदबाजीः** जहांनारा 4-0-33-0, सलमा 4-0-25-2, नाहिदा 4-0-34-0, पन्ना 4-0-25-2, रुमाना 2-0-8-0, फातिमा 2-0-16-0

बांग्लादेशः शमीमा सुल्ताना का दीप्ति बो शिखा 03, मुर्शिदा खातून का रिचा बो अरुणधति 30, संजीदा इस्लाम का तानिया बो पूनम 10, निगार सुल्ताना का अरुणधति बो राजेश्वरी 35, फरगाना हक का तानिया बो अरुणधति 00, फाहिमा खातून का शेफाली बो पूनम 17, जहांनारा आलम स्टं तानिया बो पूनम 10, रुमाना अहमद बो शिखा 13, सलमा खातून नाबाद 02,नाहिदा अख्तर नाबाद 02, अतिरिक्तः 02,**कुलः**20 ओवर मे आठ विकेट परः 124 रन, **विकेट पतनः** 1-5, 2-44, 3-61, 4-66, 5-94, 6-106, 7-108, 8-121, **गेंदबाजीः** दीप्ति 4-0-32-0, शिखा 4-0-14-2, राजेश्वरी 4-0-25-1,अरुणधति 4-0-33-2, पूनम 4-0-18-3

गोवा के यश फाडते ने फ्रेंच जूनियर ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप जीती

मुंबई। भारत के उभरते हुए स्क्वाश खिलाड़ी यश फाडते ने प्रतिष्ठित फ्रेंच जूनियर ओपन का खिताब जीत लिया है। फ्रेंच जूनियर ओपन का आयोजन फ्रांस के लिली में 20 से 23 फरवरी तक किया गया। यह जूनियर स्क्वाश की सबसे पुरानी प्रतियोगिताओं में से एक है। यहां मिली जानकारी के अनुसार 18 साल के शीर्ष वरीय फाडते ने फाइनल में चेक गणराज्य के नंबर एक और दूसरे वरीय मारेक पनाचेक को 3-1(10-12,11-5,11-4,11-5) से हराया। इससे पहले फाडते ने प्री क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड के लियान कीलिंग को 3-0(11-4,11-2,11-1) से जबकि क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के बापतिस्ते बोइन को भी 3-0(11-4,11-5,12-10) से हराया। सेमीफाइनल में फाडते ने कड़े मुकाबले में फ्रांस के तौफीक मीखालफी को 3-2 (9-11,11-6,7-11,11-8,11-9) से शिकस्त दी।

मामेदोव ने भरत सुब्रमण्यम का विजय अभियान रोका

मास्को। अजरबेजान के ग्रैंडमास्टर रऊफ मामेदोव ने पांचवें दौर में जीत दर्ज करके भारत के युवा खिलाड़ी भरत सुब्रमण्यम का एयरफ्लोट ओपन शतरंज टूर्नामेंट में शानदार अभियान रोक दिया। रविवार को 51 चाल तक चली बाजी में जीत से मामेदोव 4.5 अंक के साथ एकल बढ़त पर पहुंच गए हैं। मामेदोव ने 13 वर्षीय भारतीय को हराने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहले चार दौर में दो ग्रैंडमास्टर को हराया था। उन्होंने पिछले दौर में चीनी ग्रैंडमास्टर जियांचो झोउ और उससे पहले दूसरी वरीयता प्राप्त गैब्रियल सर्गीसियन को पराजित किया था। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर मैनुएल पेट्रोसियान ने भारत के एस पी सेतुरमन को हराया जिससे वह चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। भारत के सुब्रमण्यम, बी अधिबान और अरविंद चिदम्बरम तीनों के समान 3.5 अंक हैं और वे 13 अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

आर्मंड के गोल से रियल कश्मीर ने इंडियन एरोज को हराया

श्रीनगर। आइवरी कोस्ट के मिडफील्डर बाजी आर्मंड के गोल से रीयल कश्मीर ने आईलीग मुकाबले में सोमवार को यहां इंडियन एरोज को।-0 से शिकस्त देकर तीन अंक हासिल किए। आर्मंड ने यहां के टीआरसी मैदान में मैच के 70वें मिनट में गोल करके टीम का खाता खोला जो इस मुकाबले का इकलौता गोल साबित हुआ। इस जीत के बाद रीयल कश्मीर के 12 मैचों में पांच जीत से 18 अंक हो गए हैं जिससे टीम तालिका में पांचवें पायदान पर पहुंच गई। इंडियन एरोज की यह 13 मैचों में नौवीं हार है और टीम सबसे नीचे 11वें स्थान पर है।

भारत जनवरी में राष्ट्रमंडल निशानेबाजी व तीरंदाजी की मेजबानी करेगा

भाषा। लंदन

भारत राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी जनवरी 2022 में चंडीगढ़ में करेगा और बर्मिंघम में होने वाले खेलों में इसके पदकों को प्रतिस्पर्धी देशों की रैंकिंग के लिए जारी होने वाली अंतिम तालिका में शामिल किया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन दोनों स्पर्धाओं के पदकों को हालांकि राष्ट्रमंडल खेलों के समापन समारोह के एक सप्ताह बाद अंतिम तालिका में जोड़ा जाएगा। सीजीएफ ने यहां 21 से 23 फरवरी तक चली कार्यकारी बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया। इस फैसले को भारत की बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा जिसने निशानेबाजी को हटाए जाने के बाद 2022 बर्मिंघम खेलों के बहिष्कार की चेतावनी दी थी। सीजीएफ की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, भारत में राष्ट्रमंडल तीरंदाजी और निशानेबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन 2022 में होगा। इसके आयोजन से जुड़े मामले को सीजीएफ के कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है। इन दोनों स्पर्धाओं का आयोजन चंडीगढ़ में जनवरी 2022 में होगा जबकि राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 27 जुलाई से सात अगस्त 2022 तक होगा। इस फैसले से यह साफ हो गया कि चंडीगढ़ 2022 और बर्मिंघम 2022 अलग-अलग राष्ट्रमंडल खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इसके मुताबिक, बर्मिंघम 2022 खेलों के समापन समारोह के एक सप्ताह बाद सीजीएफ पदक तालिका जारी करेगा जिसमें चंडीगढ़ 2022 राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैम्पियनशिप के पदकों को प्रतिस्पर्धी देशों की वैध रैंकिंग के रूप में जारी किया जाएगा। खेल की दुनिया में हालांकि ऐसे बेहद ही कम मौके रहे हैं जब किसी बड़े खेलों के मेजबान के अलावा दूसरी जगह आयोजित होनी वाली प्रतियोगिता के पदक को अंतिम तालिका में शामिल किया जाता है। राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चैम्पियनशिप का विचार रखने वाले भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष रनिंदर सिंह ने भी माना कि सीजीएफ का यह फैसला अपने आप में अद्वितीय और अभूतपूर्व है जो खेलों में मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले जुलाई 2019 में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी को हटाए जाने के विरोध में इसका बहिष्कार करने की घमकी दी थी। सीजीएफ अध्यक्ष लुइस मार्टिन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड ग्रेवेमबर्ग के नवंबर में भारत दौरे के बाद आईओए ने दिसंबर में वार्षिक आम सभा की बैठक के बाद इस बहिष्कार को वापस ले लिया था। आईओए ने इसके बाद निशानेबाजी के साथ तीरंदाजी की मेजबानी का प्रस्ताव इस शर्त के साथ रखा था कि इसके पदकों को 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की तालिका में जोड़ा जाए। भारत सरकार ने भी तुरंत दोनों प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए मंजूरी दे दी थी। निशानेबाजी चैंपियनशिप के खर्च के बड़े हिस्से को एनआरएआई द्वारा पूरा किया जाना है जबकि तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए पूरी राशि भारत सरकार देगी। भारत के इस प्रस्ताव का अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ और विश्व तीरंदाजी ने भी समर्थन किया था। सीजीएफ अध्यक्ष मार्टिन ने कहा, मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैम्पियनशिप को जनवरी 2022 में चंडीगढ़ में आयोजित करने की महत्वकांक्षी योजना को मंजूरी मिल गई। राष्ट्रमंडल तीरंदाजी और निशानेबाजी खिलाड़ियों को अब एक शानदार प्रतियोगिता में भाग लेने का अभूतपूर्व मौका मिलेगा जो राष्ट्रमंडल खेलों की सर्वश्रेष्ठ क्षमता को प्रदर्शित करेगा और राष्ट्रमंडल खेल अभियान को बढ़ावा देगा। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल को मजबूती देने वाले इस प्रस्ताव को पेश करने के लिए भारतीय राष्ट्रमंडल संघ और आईओए के साथ एनआरएआई तथा भारत सरकार का शुक्रिया अदा किया। आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने कहा, हमें खुशी है कि सीजीएफ ने हमारे प्रस्ताव को मंजूरी दी। राष्ट्रमंडल तीरंदाजी और निशानेबाजी चैंपियनशिप के आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हम सभी हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। हमारे प्रस्ताव से राष्ट्रमंडल खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए अधिक मौके मिलेंगे। हमें राष्ट्रमंडल के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों और तीरंदाजों का 2022 में चंडीगढ़ में स्वागत करने का इंतजार रहेगा।

रानिंदर ने फैसले को एतिहासिक बताया

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष रानिंदर सिंह ने भारत मे होने वाली निशानेबाजी और तीरंदाजी चैंपियनशिप के पदको को 2022 बर्मिंघम खेलो की तालिका मे जोड़ने के राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) के फैसले को सोमवार को एतिहासिक बताया। रानिंदर ने हालांकि साथ ही स्वीकार किया कि यह प्रस्ताव प्रचलित धारणाओ और उदाहरणो के खिलाफ था। सीजीएफ ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन दोनो स्पर्धाओ के पदको को हालांकि राष्ट्रमंडल खेलो के समापन समारोह के एक सप्ताह बाद अंतिम तालिका मे जोड़ा जाएगा। सीजीएफ ने लंदन मे 21 से 23 फरवरी तक चली कार्यकारी बोर्ड की बैठक मे यह फैसला किया। निशानेबाजी चैंपियनशिप के आयोजन का विचार रखने वाले रानिंदर ने ट्वीट करके कहा, यह एतिहासिक फैसला है। अद्वितीय और अभूतपूर्व घटना जो राष्ट्रमंडल खेल अभियान के भविष्य के लिए शानदार होगी। यह पासा पलटने वाली प्रणाली होगी जहां राष्ट्रमंडल खेल जैसी प्रतिष्ठित बहु खेल प्रतियोगिता की मेजबानी के खर्चे मे कटौती के लिए बोली लगाने वाले देशो के लिए ऐसी प्रक्रिया शुरू होगी जिसमे वह कुछ खेलो के लिए अन्य देशो के साथ साझेदारी कर पाएंगे जिससे कि मौजूदा बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल हो सके और नए की जरूरत नही पड़े। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने कहा कि खेल को राष्ट्रमंडल खेलो मे शामिल किया गया है। वैश्विक संस्था ने कहा, बर्मिंघम समिति के निशानेबाजी स्पर्धाओ के आयोजन से इनकार करने के कारण भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ के सहयोग से यह जिम्मेदारी संभाली जिससे कि खिलाड़ियो के कोटा और पदक बरकरार रहे। 2022 खेलो के कार्यक्रम मे निशानेबाजी खेल को शामिल करने के संबंध मे राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के कार्यकारी बोर्ड के बहुप्रतीक्षित फैसले के लिए हम प्रतिस्पर्धी देशों को बधाई देते है। आईएसएसएफ ने कहा, उम्मीद है कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलो के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत नही पड़ेगी।

AXIS BANK

एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस हाउस, टॉवर–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301

नियंत्रण कार्यालय : एक्सिस हाउस, बाम्बे डाइंग कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुम्बई–40025

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री/नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, श्री गोकल चंद एवं श्रीमती प्रेम वती की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की 17–02–2020 तक बकाया राशि रू. 76,90,321/– उसके वास्तविक भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक आगे यथा लागू ब्याज, अनुषंगी खर्चों, लागतों, प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक 26–03–2020 को पूर्वा. 11.30 बजे एक्सिस हाउस, टॉवर–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301 में "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 1,70,47,050/– तथा धरोहर राशि जमा रू. 17,04,705/– होगी।

खाता नंबर	कब्जे में ली गई तथा बिक्री हेतु प्रस्तुत अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति की अवस्थिति/विवरण	ऋणभार, यदि कोई, जो बैंक को ज्ञात है
पीएचआर0056 02567470	फ्रीहोल्ड प्लॉट नंबर 274, परिमाप 172.80 वर्ग मीटर (206.66 वर्ग गज) आवासीय कालोनी, सेक्टर–28, अर्बन एस्टेट गुरूग्राम, तहसील एवं जिला गुरूग्राम (हरियाणा)	

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः https://www.axisbank.com/auction-notices/ देखें।

तिथि : 25–02–2020 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान : नोएडा, उत्तर प्रदेश एक्सिस बैंक लिमिटेड

पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर

किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944–242552, फैक्स नं: 244510

ई–प्रोक्योरमैन्ट नोटिस

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्या–05/Raw Material/CFP/2019-20, Date - 25/02/2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा के द्वारा Two Bid System के अर्न्तगत पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक 03/03/2020 के सांय **05.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 04/03/2020 की प्रातः **11.00** बजे यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पडाव हल्द्वानी में खोली जायेगी।

तालिका क्रम संख्या 01

क्रम. सं0	कच्चा माल विवरण	कुल मात्रा M.T.	धरोहर धनराशि ₹	निविदा शुल्क GST सहित ₹	आपूर्ति शैड्यूल
01	डी0ओ0आर0बी0	1500	3,74,700.00	4720.00	निविदा प्रपत्र के अनुसार
02	राइस पालिस	500	2,76,450.00	4720.00	

नोट– निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एंव प्रस्तुतिकरण का तरीका–

निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी.एस.टी. सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online Internet की वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एवं Upload किये जा सकते हैं। ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। ई–निविदा वेबसाइट पर दिनांक 25/02/2020 की पूर्वाहन 10.00 बजे से उपलब्ध रहेगी।

सामान्य प्रबन्धक

टीम प्रबंधन ने शेफाली को बेखौफ क्रिकेट खेलने की छूट दी: पांडे

भाषा। पर्थ

अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन ने शेफाली वर्मा को बेखौफ बल्लेबाजी की छूट दी है जिससे इस किशोर क्रिकेटर ने बांग्लादेश के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप में विस्फोटक बल्लेबाजी कर भारत को 18 रन से जीत दिलाई। सोलह साल की शेफाली ने चार छक्कों की मदद से 17 गेंद में 39 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली जिससे भारतीय टीम ने छह विकेट पर 142 रन बनाने के बाद बांग्लादेश की पारी को 20 ओवर में आठ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। शेफाली ने जहां आतिशी पारी खेली वही 19 साल की जेमिमा रोड्रिग्ज ने 37 गेंद में 34 रन की संयमित पारी खेली। शिखा ने कहा, हमने उसे (शेफाली) कुछ भी बदलाव करने के लिए नहीं कहा है। उसे बेखौफ क्रिकेट खेलने की पूरी छूट मिली है। उन्होंने कहा, वह शानदार है। सोलह साल की उम्र में मैंने क्रिकेटर के तौर पर प्रशिक्षण लेना भी शुरू नहीं किया था। हमारी टीम में इस तरह की युवा निडर खिलाड़ी होने से मैं बहुत खुश हूं। यह देखना आश्चर्यजनक है कि उन्होंने हमारे लिए क्या किया है। मैच में महज 14 रन देकर दो विकेट लेने वाली शिखा ने कहा कि शेफाली जैसे खिलाड़ी के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। सबसे अच्छी बात यह है कि उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वे टीम में खुद की उपयोगिता साबित करते हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश के खिलाफ बीमारी के कारण मैच में नहीं खेलने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से पहले फिट हो जाएंगी। उन्होंने कहा, उम्मीद है वह अब अच्छा महसूस कर रही होगी, हमारे पास अभी दो-तीन दिनों का समय है और मुझे भरोसा है कि वह ठीक हो जाएगी।

ओलंपिक के बाद मेरा ध्यान कोचों को प्रशिक्षण देने पर होगा: गोपीचंद

भाषा। हैदराबाद

भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने सोमवार को यहां कहा कि तोक्यो ओलंपिक के बाद वह कोचों को प्रशिक्षण देने पर अधिक ध्यान देंगे जिससे कि भारत इस खेल की महाशक्ति बनने के अपने सपने को पूरा कर सके। गोपीचंद ने द स्पोर्ट्स स्कूल से साझेदारी की घोषणा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, ओलंपिक के बाद मैं कोचों को प्रशिक्षण देने में अधिक समय दूंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि खेल विज्ञान अनुसंधान अगले कुछ वर्षों के मेरे कार्यक्रमों का एक बड़ा हिस्सा बने। ओलंपिक पदकधारी साइना नेहवाल और पीवी सिंधू के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले गोपीचंद ने कहा कि वह खिलाड़ियों के लिए टीम बनाने के लिए दूसरे कोचों के साथ काम कर रहे हैं। हमारे पास कोच हैं। उदाहरण के लिए साइना और सिंधू के पास व्यक्तिगत कोच, फिजियो, ट्रेनर और मालिशिया है। ऐसा ही कुछ युगल खिलाड़ियों के साथ भी है। ऐसे में अब हमारे पास ऐसे व्यक्तिगत खिलाड़ी हैं जिसके पास उनकी खुद की टीम है जो उनके साथ काम करती है। हम हमेशा एक जैसा नतीजा हासिल नहीं कर सकते क्योंकि संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मेरे लिए, मेरी विशेषज्ञता को साझा करने की आवश्यकता है, मुझे कोचों को प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम का भाग बनना होगा। खेल विज्ञान और अनुसंधान में आगे बढ़ना होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अधिक लोगों को मेरे अनुभवों से फायदा हो सके।

कार्यालय ग्राम पंचायत गालन्द विकास खण्ड घौलाना (हापुड़)

पत्रांकः मीमो/निविदा प्रकाशन/ग्रा0पअ0/2019–20 दिनांकः– 24.02.2020

–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–

ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/चौहदवा वित्त योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो के लिये पंजीकृत ठेकेदारो से सील बन्द निविदाये दिनांक 28.02.2020 की सॉय 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.02.2020 तक कार्यालय समय में सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्ति किये जा सकते है। निविदा अधिकृत अधिकारियों द्वारा इच्छुक ठेकेदारो की उपस्थिति में दिनांक 29.02.2020 की सॉय 3.0 बजे खोली जायेगी।

क्र0स0	कार्य का नाम	कार्य का स्थल	कार्य की माप	अनु0 लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1.	सी0सी0 रोड़ व नाली निर्माण	पवन से जयवीर के मकान तक	–	236200	4724		
2.	"	सी0सी0 रोड़ से योगेन्द्र के मकान तक	–	52400	1048		
3.	"	पिन्नू से कुश्मा के मकान तक	–	318400	6368		
4.	"	अशोक से बिजेन्द्र के मकान तक	–	297100	5942		
5.	"	सूरजपाल से शीताराम के कोने तक	–	168400	3368		
6.	इन्टरलॉक टाइल कार्य	सी0सी0 रोड़ से तालाब तक	–	90200	1804		
7.	"	सुरेश से भोपाल तक	–	178700	3574		
8.	"	मैन रोड़ से नरेन्द्र तक	–	88400	1768		

नियम व शर्तेः–

1. अरनेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/पास बुक के रूप मे दी जा सकती है। जो ग्राम पंचायत के नाम बन्धक होगी अथवा नकद रूप में जमा की जा सकती है।
2. कार्य पी0डब्लू0डी0 की विशिष्टियो के अनुरूप होगा
3. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।
4. निविदा केवल सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो को ही देय होगी।
5. ठेकेदार का पंजीयन उप श्रमायुक्त हापुड़ के यहा होना चाहिये तथा ठेकेदार को प्रत्येक कार्य का पंजीकरण उपश्रमायुक्त कार्यालय हापुड़ में कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 100/– रू का नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट के साथ लाये।
7. नियमानुसार सभी शासकीय कटौतिया की जायेगी।
8. अन्य नियम व शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान — सचिव
ग्राम पंचायत गालन्द विकास खण्ड घौलाना — ग्राम पंचायत गालन्द विकास खण्ड घौलाना

भारतीय बल्लेबाजों ने घुटने टेके , पहला टेस्ट हारे

● पहला टेस्ट : न्यूजीलैंड की दस विकेट से बड़ी जीत

भाषा। वेलिंगटन

भारतीय बल्लेबाजों ने विपरीत परिस्थितियों में फिर से आसानी से घुटने टेक दिए जिससे न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन पहले सत्र में ही दस विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 144 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 81 ओवर में 191 रन पर ढेर हो गई। यह पहली पारी के उसके प्रदर्शन से थोड़ा अच्छा था लेकिन इतना बेहतर नहीं था कि कीवी टीम के लिए कोई चुनौती पेश कर सके। भारत ने पहली पारी में 165 रन बनाए थे। टिम साउदी (61 रन देकर पांच) और ट्रेंट बोल्ट (39 रन देकर चार) की जोड़ी ने दिखाया कि उनकी सीम और स्विंग के सामने भारत की मशहूर बल्लेबाजी लाइन अप में भी काफी सुधार की जरूरत है। न्यूजीलैंड के सामने नौ रन का लक्ष्य था जो उसने 1.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर दिया और इस तरह से टेस्ट क्रिकेट में अपनी 100वीं जीत दर्ज की। भारत को टेस्ट मैचों में आखिरी हार 2018-19 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में मिली थी लेकिन बेसिन रिजर्व की पराजय से वह अधिक आहत हुआ क्योंकि हाल में कभी उसकी टीम ने इस तरह से घुटने नहीं टेके थे। सितारों से सजी भारतीय बल्लेबाजी किसी भी समय चुनौती पेश करती हुई नजर नहीं आई। विकेट से तीसरे और चौथे दिन भी गेंदबाजों से मदद मिल रही थी लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने अपनी खराब तकनीक से विकेट गंवाए। यह टीम अपने पूर्ववर्ती बल्लेबाजों से तेज गेंदबाजों को बेहतर तरीके से खेलती है और इसी वजह से उसे आस्ट्रेलिया में जीत भी मिली लेकिन जब चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सीम और स्विंग का सामना करने की बात आती है तो उनकी कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारतीयों में केवल मयंक अग्रवाल ही कुछ अच्छा प्रदर्शन कर पाए। भारत ने सुबह चार रन के अंदर अजिंक्य रहाणे (29) और हनुमा विहारी (15) के विकेट गंवा दिए। इन दोनों को धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है लेकिन बेहतरीन सीम गेंदबाजी के सामने उनकी एक नहीं चली। बोल्ट ने रहाणे को आफ स्टंप से बाहर की गेंद को खेलने के लिए मजबूर किया जो बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बीजे वाटलिंग के दस्तानों में पहुंची। इसके बाद साउदी ने खूबसूरत आउटस्विंगर पर विहारी का विकेट थाया। चौथे दिन 20 मिनट के अंदर स्विंग के सुल्तानों ने भारत के दोनों भरोसेमंद बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड की बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी थी। ऋषभ पंत (41 गेंदों पर 25) ने कुछ योगदान दिया जिससे भारत पारी की हार बचाने में सफल रहा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई मदद नहीं मिली। इशांत शर्मा ने 12 रन बनाए। पंत ने साउदी की गेंद पर स्लॉग स्वीप शाट से डीप मिडविकेट पर कैच दिया। साउदी ने इसी ओवर में जसप्रीत बुमराह को आउट करके भारतीय पारी का अंत किया और अपने करियर में दसवीं बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अब 120 अंक हो गए हैं। भारत अब भी 360 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

स्कोरबोर्ड

भारत पहली पारी : 165, न्यूजीलैंड पहली पारी : 348,**भारत दूसरी पारी** : पृथ्वी साव का लैथम बो बोल्ट 14, मयंक अग्रवाल का वाटलिंग बो साउदी 58, चेतेश्वर पुजारा बो बोल्ट 11, विराट कोहली का वाटलिंग बो बोल्ट 19,अजिंक्य रहाणे का वाटलिंग बो बोल्ट 29, हनुमा विहारी बो साउदी 15,ऋषभ पंत का बोल्ट बो साउदी 25, रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो साउदी 04, इशांत शर्मा पगबाधा बो ग्रैंडहोम 12,मोहम्मद शमी नाबाद 02, जसप्रीत बुमराह का डेरेल मिशेल बो साउदी 00, **अतिरिक्त** (वाइड 02) 02, **कुल** (81 ओवर में, सभी आउट) 191, **विकेट पतन** :1-27, 2-78, 3-96, 4-113, 5-148, 6-148, 7-162, 8-189, 9-191, **गेंदबाजी** : साउदी 21-6-61-5, बोल्ट 22-8-39-4, ग्रैंडहोम 16-5-28-1, जेमीसन 19-7-45-0, पटेल 3-0-18-0,

न्यूजीलैंड दूसरी पारी : टॉम लैथम नाबाद 07,टॉम ब्लंडेल नाबाद 02, अतिरिक्त 00,**कुल** (1.4 ओवर में, बिना किसी नुकसान के) 09, **गेंदबाजी** : इशांत1-0-8-0,बुमराह 0.4-0-1-0

पाटिल टी20 टूर्नामेंट में खेलेंगे पंड्या

नवी मुंबई। फिटनेस हासिल कर चुके भारत के आलराउंडर हार्दिक पंड्या सोमवार से यहां शुरू हो रहे डीवाई पाटिल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट मे खेलेंगे। पंड्या को पांच महीने पहले कमर मे चोट लगी थी जिसके बाद लंदन मे उनकी सर्जरी हुई थी। यह 26 वर्षीय आलराउंडर बेगलुरू की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी मे रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है। मुंबई क्रिकेट संघ और डीवाई पाटिल खेल अकादमी के अध्यक्ष डा. विजय पाटिल ने कहा, रियालंस। टीम का प्रतिनिधित्व हार्दिक पंड्या, भुवनेश्वर कुमार और शिखर धवन करेगे। धवन और भुवनेश्वर भी चोट से उबर रहे है। भुवनेश्वर का हर्निया का आपरेशन हुआ था जबकि धवन को पिछले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान कंधे मे चोट लगी थी। इस टी20 टूर्नामेंट मे खिताब के लिए कुल 16 टीमे चुनौती पेश करेगी। फाइनल छह मार्च को खेल जाएगा। न्यूजीलैंड दौरे पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके मनीष पांडे, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे और संजू सैमसन के अलावा घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सूर्य कुमार यादव, राहुल त्रिपाठी और अंडर 19 विश्व कप मे भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दिव्यांश सक्सेना बीपीसीएल टीम का हिस्सा होगे। दिनेश कार्तिक, मनदीप सिंह, राहुल तेवतिया, वरुण चक्रवर्ती और रुतुराज गायकवाड़ डीवाई पाटिल ए टीम का प्रतिनिधित्व करेगे। कमलेश नागरकोटी, वरुण आरोन और मनन वोहरा डीवाई पाटिल बी टीम की ओर से खेलेगे।

मैच फिक्सिंग के आरोपों में ओमान के क्रिकेटर पर सात साल का प्रतिबंध

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ओमान के क्रिकेटर युसुफ अब्दुलरहीम अल बालुशी पर मैच फिक्स करने की कोशिशो मे संलिप्त रहने के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपो से सात साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बालुशी ने आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन करने के चार आरोपो को स्वीकार किया है। ए सभी आरोप संयुक्त अरब अमीरात मे 2019 मे खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्वालीफायर से जुड़े है। आईसीसी के बयान के अनुसार अल बालुशी ने मैचो के परिणाम या प्रगति या किसी अन्य पहलू को फिक्स करने या प्रभावित करने के लिए समझौते या प्रयास का एक पक्ष होने के कारण भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 2.1.1 का उल्लंघन किया। इसके अलावा उसने अनुच्छेद 2.1.4, अनुच्छेद 2.4.4 और अनुच्छेद 2.4.7 का भी उल्लंघन किया जो भ्रष्ट गतिविधियो से जुड़े है।

लाहिड़ी पुएर्तो रिको ओपन में 44वें स्थान पर रहे

रियो ग्रांडर (पुएर्तो रिको)। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी लगातार चौथे दौर मे दो अंडर 70 के स्कोर से यहां पुएर्तो रिको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 44वे स्थान पर रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर आठ अंडर 280 रहा। अर्जुन अटवाल अंतिम दौर मे 69 के स्कोर से कुल सात अंडर 281 के स्कोर के साथ संयुक्त 50वे स्थान पर रहे। नार्वे के विक्टर होवलैड ने अपना पहला पीजीए टूर खिताब जीता। उन्होने अंतिम दौर मे दो अंडर 70 के स्कोर से कुल 20 अंडर 268 का स्कोर बनाया। विक्टर ने जोश टीटर को एक शाट से पछाड़ा।

स्टिमक आई-लीग के खिलाड़ियों की प्रतिभा से प्रभावित

नई दिल्ली। भारतीय फुटबाल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक आई-लीग फुटबाल टूर्नामेंट के खिलाड़ियो की प्रतिभा से प्रभावित है। स्टिमक ने पिछले महीने आई-लीग के दो मैच देखे थे और वह इस टूर्नामेंट के और मैचो को देखना चाहते है। स्टिमक ने ट्वीट किया, मुंबई और गोवा मे आईलीग मैचो को देखना शानदार रहा और इससे प्रतिभाओ से मै काफी प्रभावित हूं। आने वाले दिनो मे और मैच देखने का इंतजार है। विश्व कप मे क्रोएशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने इंडियन एरोज बनाम ईस्ट बंगाल (17 फरवरी) और मोहन बागान बनाम चर्चिल ब्रदर्स (22 फरवरी) के बीच खेले गए मुकाबले को देखा था। पिछले साल आई-लीग के लॉन्च के मौके पर भी उन्होने कहा था, आई-लीग मे खेल रहा हर भारतीय खिलाड़ी सीनियर टीम मे जगह पाने का हकदार है।

मेरे स्कोर, मेरी बल्लेबाजी के तरीके को नहीं दर्शाते : कोहली

अपनी फॉर्म पर कहा लोग एक हार पर तिल का ताड़ बनाते हैं तो कुछ नहीं कर सकता

भाषा। वेलिंगटन

विराट कोहली न्यूजीलैंड दौरे में अपनी फॉर्म को लेकर परेशान नहीं हैं और उनका मानना है कि इस पर बहुत अधिक सोचने से उनके दिमाग पर अनावश्यक बोझ ही बढ़ेगा।

न्यूजीलैंड का दौरा हाल के समय में पहला ऐसा विदेशी दौरा है जिसमें कोहली का बल्ला नहीं चल पाया है। उन्होंने तीनों प्रारूपों की नौ पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाया है। कोहली ने टी20 की चार पारियों में 45, 11, 38, 11, तीन वनडे मैचों में 51, 15, 09 और पहले टेस्ट मैच में 02 और 19 रन बनाए। कोहली से पूछा गया कि वह खुद के बल्लेबाजी प्रदर्शन का आकलन कैसे करते हैं, उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह से ठीक हूं। मैं वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मुझे लगता है कि कई बार स्कोर आपके बल्लेबाजी करने के तरीके को नहीं दर्शाता और ऐसा तब हो सकता है जब आप उस काम को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाते जिसे आप अच्छा करना चाहते हैं। दुनिया के व्यस्ततम क्रिकेटरों में से एक कोहली ने कहा कि तीन चार पारियों में असफलता चिंता का कारण नहीं होना चाहिए। देखिए जब आप बहुत अधिक क्रिकेट खेलते हो और आप इतने लंबे समय तक खेलते हो तो निश्चित तौर पर बीच में तीन चार पारियां आपके अनुकूल नहीं होती हैं। अगर आप इस बारे में बहुत अधिक सोचते हो तो इससे नुकसान ही होगा। वह इस बात को तवज्जो नहीं देते कि लोग हार को लेकर कैसी प्रतिक्रिया करते हैं और यही सिद्धांत वह अपनी बल्लेबाजी को लेकर चल रही चर्चा पर भी लागू करते हैं। मैं जानता हूं कि एक अच्छी पारी से बाहर से हो रही प्रतिक्रियाएं बदल जाएंगी। लेकिन मैं ऐसा नहीं सोचता। अगर मैं बाहरी लोगों की तरह सोचने लगा तो संभवत: इस समय मैं बाहर होता।

वेलिंगटन। भारतीय कप्तान विराट कोहली को यह स्वीकार करने मे कोई हिचक नही है कि न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच मे उन्हे हर विभाग मे मात दी लेकिन उन्होने कहा कि अगर कुछ लोग दस विकेट से हार पर तिल का ताड़ बनाना चाहते है तो वह इसमे कुछ नही कर सकते। मेजबान न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व पर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच मे सोमवार को भारत को दस विकेट से करारी शिकस्त देकर दो मैचो की श्रृंखला मे 1-0 से बढ़त बनाई। भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप मे यह पहली हार है जो उसे बल्लेबाजो की नाकामी के कारण मिली। कोहली ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा, हम जानते है कि हमने अच्छा खेल नही दिखाया लेकिन अगर लोग इसका तिल का ताड़ बनाना चाहते है तो हम कुछ नही कर सकते क्योकि हम ऐसा नही सोचते। उन्हे यह समझ मे नही आता कि एक टेस्ट मैच मे हार को इस तरह से क्यो देखा जाना चाहिए मानो उनकी टीम के लिए दुनिया ही समाप्त हो गई। कुछ लोगो के लिए यह दुनिया का अंत हो सकता है लेकिन ऐसा नही है। हमारे लिए यह क्रिकेट का एक मैच था जिसमे हम हार गए। हम इससे आगे बढ़ते है और सिर ऊंचा रखते है। दुनिया के शीर्ष बल्लेबाज ने कहा कि हार को स्वीकार करना इस टीम के चरित्र को दिखाता है। हम समझते है कि स्वदेश मे भी हमे जीत के लिए अच्छा खेलना होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आसान कुछ नही होता है क्योकि टीम आएंगी और आपको हराएंगी। आप इसे स्वीकार करते हो और इससे एक टीम के तौर पर हमारे चरित्र का पता चलता है। अगर टीम बाहरी टिप्पणियो पर गौर करती तो वह वहां नही होती जहां अभी है। यही वजह है कि हम इस तरह की क्रिकेट खेलने मे सफल रहे। अगर हम बाहरी प्रतिक्रियाओ पर गौर करते तो हम रैंकिंग मे सातवे या आठवे नंबर पर होते। हमारे लिए यह कोई मायने नही रखता कि बाहर बैठकर लोग क्या बाते कर रहे है। भारतीय कप्तान ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट मे लगातार जीत दर्ज करने वाली टीम एक हार से रातो रात बुरी नही हो जाती। अगर हम हारे है तो हमे इसे स्वीकार करने मे कोई शर्म नही है। इसका मतलब है कि हम इस मैच मे अच्छा नही खेले। इसका मतलब यह नही है कि हम रातो रात खराब टीम बन गए है। कोहली को विश्वास है कि शनिवार से क्राइस्टचर्च मे होने वाले दूसरे टेस्ट मैच मे टीम वापसी करेगी। हम कड़ी मेहनत करेगे और चार दिन बाद वैसा ही खेलेगे जैसा पिछले कुछ वर्षो से खेलते रहे है। इतनी जीत के बीच एक मैच हारने का मतलब यह नही है कि हमारा भरोसा उठ गया है। ड्रेसिंग रूम की सोच भिन्न है और टीम का माहौल अलग तरह का है। कोहली के अनुसार कीवी टीम ने अच्छी गेंदबाजी की जबकि भारतीय बल्लेबाज उन पर दबाव नही बना पाए जिससे उनकी टीम को हार मिली। न्यूजीलैंड ने अच्छी गेंदबाजी की और हम जरूरत के समय उन पर दबाव नही बना पाए। उन्होने अच्छी गेंदबाजी की और हमने साझेदारी के तौर पर कुछ करने के बजाय उन्हे लंबे समय तक ऐसा करने दिया।

हमने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं दिखाई

वेलिंगटन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट क्रिकेट मैच मे दस विकेट से मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नही दिखाई। न्यूजीलैंड ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। भारतीय टीम पहली पारी मे 165 रन पर आउट हो गई। उसका यह प्रदर्शन आखिर मे निर्णायक साबित हुआ। टास महत्वपूर्ण साबित हुआ। लेकिन इसके साथ ही हम बल्लेबाजी इकाई के रूप मे प्रतिस्पर्धी होने पर गर्व करते है लेकिन यहां हमने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नही दिखाई। अगर 220-230 रन भी बने होते तो इससे अंतर पैदा हो सकता था। गेंदबाजी मे हमने अच्छा खेल दिखाया। पहली पारी के खराब प्रदर्शन से हम पिछड़ गए और इसके बाद (न्यूजीलैंड की) पहली पारी की बढ़त से हम अधिक दबाव मे आ गए। आखिर के तीन विकेटो और उन 120 रन ने हमे मैच से बाहर कर दिया था। हम उनकी बढ़त 100 रन से कम रखना चाहते थे लेकिन उनके पुछल्ले बल्लेबाजो ने जो रन बनाए उससे मुश्किले बढ़ी। गेंदबाज अब भी अधिक अनुशासित हो सकते है, वे अपने गेंदबाजी प्रदर्शन से खुश नही थे। पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल जैसे युवा बल्लेबाजो के बारे मे कोहली ने कहा, आप साव जैसे बल्लेबाजो को लेकर कड़क रवैया नही अपना सकते हो। उसका विदेशो मे यह पहला टेस्ट मैच था। वह रन बनाने के तरीके ढूंढ लेगा। मयंक ने अच्छी बल्लेबाजी की। (अजिंक्य) रहाणे के अलावा वह अन्य बल्लेबाज था जिसने बल्लेबाजी मे हमारी तरफ से थोड़ा भरोसा दिखाया। हमारा मजबूत पक्ष बड़े स्कोर खड़ा करना है जो हम इस मैच मे नही कर पाए। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने भी भारत को पहली पारी मे सस्ते मे आउट करने के महत्व पर बात की और अपने निचले क्रम के बल्लेबाजो की भी प्रशंसा की। यह चार दिन के अंदर किया गया बेजोड़ प्रदर्शन है। हम जानते है कि भारत का दुनिया भर मे कितना दमदार प्रदर्शन रहा है। पहली पारी का प्रयास और इसके बाद प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाना शानदार रहा। अच्छी बढ़त हासिल करने मे निचले क्रम का योगदान महत्वपूर्ण रहा। पिच ने भी उनके तेज गेंदबाजो को मदद पहुंचाई। टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट ने भारत की दूसरी पारी मे मिलकर नौ विकेट लिए। टेस्ट की पहली सुबह पता नही था कि पिच कैसा व्यवहार करेगी क्योकि इस सप्ताह हवा नही चल रही थी। गेंदबाजो ने थोड़ी स्विंग हासिल की। गेंदबाजो का प्रदर्शन शानदार रहा लेकिन यह जीत सामूहिक प्रयास से मिली। मैन आफ द मैच साउदी उस टी20 टीम का हिस्सा थे जिसे भारत ने 5-0 से शिकस्त दी थी। उन्होंने मददगार परिस्थितियो मे वापसी पर खुशी जाहिर की। यह शानदार जीत है। हमने मजबूत भारतीय टीम को हराया है। घरेलू परिस्थितियो मे लौटना सुखद अहसास है। मेरा मानना है कि आज की सुबह मैच के लिए अहम रही। दूसरी नई गेंद से पहले सुबह जल्दी दो विकेट लेना महत्वपूर्ण रहा। गेंदबाजी इकाई के रूप मे हमने 20 विकेट लिए यह काफी सुखद है।

वापसी जैसा शब्द हम उपयोग नहीं करते : विलियमसन

भाषा। वेलिंगटन

भारत के खिलाफ रणनीति पर अच्छी तरह अमल करने से न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन खुश हैं लेकिन उन्होंने अपनी टीम की दस विकेट से जीत को आस्ट्रेलिया से मिली 0-3 से हार के बाद वापसी करार देने से इन्कार कर दिया। न्यूजीलैंड की टीम ने आस्ट्रेलिया के खराब दौरे के बाद यहां टेस्ट मैच खेला लेकिन उसने बेहतरीन प्रदर्शन किया और चौथे दिन पहले सत्र में ही जीत दर्ज की। विलियमसन ने यहां पहले टेस्ट मैच के बाद कहा, वापसी करना जैसा शब्द हम अपनी टीम में उपयोग नहीं करते। आप परिणामों के बारे में सोचकर परेशानी में पड़ सकते हो विशेषकर तब जबकि अधिकतर परिणाम आपके अनुकूल नहीं रहे हों और कभी कभी अच्छा हासिल करने की चाहत में आपका ध्यान भंग हो सकता है। न्यूजीलैंड की पहली पारी में सर्वाधिक 89 रन बनाने वाले कीवी कप्तान अपनी टीम के प्रत्एक खिलाड़ी के प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। इसलिए यह उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से जुड़ा है जो महत्वपूर्ण है। हमें अपनी भूमिकाएं सफलता का सबसे अच्छा मौका देती है और अगर हम अपनी भूमिकाओं में खरे उतरते हैं तो परिणाम अनुकूल रहता है और हमने इस मैच को इसी तरह से लिया। विलियमसन ने कहा, यह हमारी तरफ से वास्तव में शानदार आलराउंड प्रदर्शन था। लड़के ऐसी पिच पर अपनी भूमिकाओं के लिए प्रतिबद्ध थे जो बल्ले और गेंद के बीच अच्छा संतुलन पैदा कर रही थीं। क्राइस्टचर्च में अगले टेस्ट मैच के लिए जाने से पहले यह वास्तव में महत्वपूर्ण सबक है। विलियमसन ने हालांकि अपनी टीम को आत्ममुगधता से बचने के लिए कहा क्योंकि उनका मानना है कि 29 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भारत दमदार प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अभी हमारे सामने चुनौती है क्योंकि हम जानते हैं कि क्राइस्टचर्च में भी हमें फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत दुनिया की नंबर एक टीम है और उसने विश्व भर में सफलता अर्जित की है। मैन आफ द मैच टिम साउदी ने खुशी व्यक्त की कि विकेट से उन्हें स्विंग मिल रही थी। स्विंग गेंदबाज होने से मदद मिली और गेंद को स्विंग कराने में सफल रहने से हमेशा फायदा मिलता है।

हवा चलने से हमेशा मुझे और ट्रेंट बोल्ट को मदद मिलती है। आस्ट्रेलिया से मिली हार से न्यूजीलैंड आहत था लेकिन वह और उनकी टीम के साथी पूर्व की घटनाओं पर बैचेन होने के बजाय आगे बढ़ना पसंद करते हैं। यह पीछे मुड़कर देखने के बजाय आगे बढ़ने से जुड़ा है। यह पिछले अनुभव से सबक लेकर आगे बढ़ने से जुड़ा है।

गौतम के 7 विकेट, कर्नाटक सेमीफाइनल में

● रणजी ट्राफी : कश्मीर को सस्ते में समेटा

भाषा। जम्मू

हरफनमौला कृष्णप्पा गौतम की स्पिन गेंदबाजी से कर्नाटक ने रणजी ट्राफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पांचवें दिन जम्मू कश्मीर की दूसरी पारी 163 रन पर समेट कर 167 रन की बड़ी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सेमीफाइनल में कर्नाटक का सामना बंगाल से होगा जो 29 फरवरी को ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। जम्मू कश्मीर को जीत के लिए 331 रन का लक्ष्य मिला लेकिन गौतम ने 18.4 ओवर में 54 रन देकर सात विकेट चटकाकर कर्नाटक की जीत सुनिश्चित कर दी। जम्मू कश्मीर की पूरी टीम दूसरी पारी में 44.4 ओवर में 163 रन पर आउट हो गई। जम्मू कश्मीर के लिए दूसरी पारी में शुभम खजूरीया (30) और शुभम पुंडीर (31) ही कुछ संघर्ष कर सके। इससे पहले, पहली पारी में 14 रन की मामूली बढ़त हासिल करने वाले कर्नाटक ने पांचवें दिन की शुरुआत चार विकेट पर 245 रन से की। रविवार को 75 रन पर नाबाद रहे कृष्णमूर्ति सिद्धार्थ दो रन से शतक बनाने से चूक गए लेकिन उनकी 98 रन से टीम ने दूसरी पारी में 316 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आबिद मुश्ताक ने छह जबकि कप्तान परवेज रसूल ने तीन विकेट लिए।

बंगाल पहली पारी में बढ़त के आधार पर अंतिम चार में

कटक। बंगाल ने ओडिशा के खिलाफ रणजी ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को पांचवें और अंतिम दिन का खेल खराब रोशनी के कारण प्रभावित होने के बाद मैच ड्रा होने से पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। ईडन गार्डन्स में 29 फरवरी से खेले जाने वाले सेमीफाइनल में बंगाल का सामना कर्नाटक से होगा। बंगाल ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में सात विकेट पर 361 रन बनाकर की लेकिन टीम ने छह ओवर में 12 रन जोड़कर बचे हुए तीनों विकेट गंवा दिए। कल के 52 रन से आगे खेलने उतरे शाहबाज अहमद 64 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह पहली पारी में 82 रन की बढ़त हासिल करने वाले बंगाल की कुल बढ़त 455 रन की हो गई है।ओडिशा की ओर से जीबी पोद्दार ने तीन जबकि एसबी प्रधान, डीबी प्रधान और अनुराग सारंगी ने दो-दो विकेट चटकाए। मैच के आखिरी दिन जीत के लिए 456 रन के बेहद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओडिशा को उस समय झटका लगा जब खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल समाप्त घोषित किए जाने तक टीम ने 10 ओवर में बिना किसी नुकसान के 39 रन बनाए थे। पहली पारी में करियर का सर्वश्रेष्ठ 157 रन का स्कोर बनाकर बंगाल को मुश्किल हालात से बाहर निकालने वाले अनुस्तुप मजूमदार मैन आफ द मैच रहे।

आंध्र प्रदेश के खिलाफ ड्रा खेलकर सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

ओंगोल। सौराष्ट्र ने बल्लेबाजो और गेंदबाजो के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत सोमवार को आंध्र प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी क्वार्टर फाइनल मुकाबला ड्रा खेलकर पहली पारी मे बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल मे जगह बनाई। सौराष्ट्र के पहली पारी के 419 रन के जवाब मे आंध्र प्रदेश की टीम सिर्फ 136 रन पर सिमट गई थी जिससे मेहमान टीम ने 283 रन की बढ़त हासिल की। मुकाबले के पांचवे और अंतिम दिन सौराष्ट्र की टीम ने दूसरी पारी मे नौ विकेट पर 375 रन से आगे खेलना शुरू किया और 426 रन के स्कोर पर अंतिम विकेट गंवाया।

चेतन सकारिया (नाबाद 29) और कप्तान जयदेव उनादकट (31) ने अंतिम विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। आंध्र की ओर से ज्योति साई कृष्णा ने चार विकेट चटकाए। मोहम्मद रफी को तीन जबकि सीवी स्टीफन को दो विकेट मिले। सौराष्ट्र के 710 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र प्रदेश ने जब 51 ओवर मे चार विकेट पर 149 रन बनाए थे तब अंपायरो ने मैच को ड्रा घोषित करने का फैसला किया। कप्तान श्रीकर भरत ने नाबाद 55 रन की पारी खेली। सौराष्ट्र की ओर से प्रेरक मांकड़ और धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने दो-दो विकेट चटकाए। सेमीफाइनल मे सौराष्ट्र का सामना गुजरात से होगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मे गोवा को 464 रन से रौंदा।

एयर इंडिया की जीत में चमके नमन ओझा, रुद्र

भाषा। नवी मुंबई

भारत के पूर्व टेस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज नमन ओझा की शानदार पारी से एयर इंडिया ने 16वें डीवाई पाटिल टी20 कप के पहले दिन केनरा बैंक को 35 रन से हराया। ओझा (47 गेंद में 68 रन, सात चौके, दो छक्के) ने पहले विकेट के लिए रुद्र ढांडे (41 गेंद में 60 रन, पांच चौके, दो छक्के) के साथ 132 रन की साझेदारी की जिससे एयर इंडिया ने नौ विकेट पर 176 रन बनाए। इसके जवाब में केनरा बैंक की टीम नौ विकेट पर 141 रन ही बना पाई और 35 रन से हार गई। इससे पहले जैन इरिगेशन ने मुंबई सीमा शुल्क की टीम को छह विकेट से हराया जबकि भारतीय नौसेना ने बैंक आफ बड़ौदा को चार रन से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में डीवाई पाटिल बी टीम ने मध्य रेलवे को तीन विकेट से हराया।

मशफिकुर का नाबाद दोहरा शतक

● जिम्बाब्वे पर पारी की हार का खतरा

ढाका। मशफिकुर रहीम के टेस्ट में तीसरे दोहरे शतक से बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में सोमवार को यहां तीसरे दिन छह विकेट पर 560 रन बनाकर पहली पारी घोषित की। मुशफिकुर ने 318 गेंद की नाबाद पारी में 28 चौके की मदद से 203 रन बनाए जिससे बांग्लादेश को पहली पारी में 295 रन की बड़ी बढ़त मिली। जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक नौ रन पर दो विकेट गंवा दिए जिससे टीम पर पारी की हार का संकट मडराने लगा। नईम हसन ने पारी के पहले ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर प्रिंस मास्वौरे और नाईटवाचमैच डोनाल्ड तिरिपानो को खाता खोले बगैर पवेलियन भेज दिया। बांग्लादेश को दोबारा बल्लेबाजी के लिए मजबूर करने के लिए जिम्बाब्वे को अभी और 286 रन बनाने होंगे। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 240 रन से की। मुशफिकुर ने कप्तान मोमीनुल हक (132) के साथ चौथे विकेट के लिए 222 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास (53) ने अर्धशतकीय पारी से स्कोर को 500 के पार पहुंचाने में अपना योगदान दिया। मशफिकुर इसके साथ ही बांग्लादेश के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में टीम के साथी खिलाड़ी तमीम इकबाल को पछाड़ा। तमीम के नाम 59 टेस्ट में 4,364 रन हैं जबकि मुशफिकुर ने 70 टेस्ट में 4,413 रन बना लिए। मोमीनुल ने भी अपनी शतकीय पारी के दौरान बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले तमीम के रिकार्ड की बराबरी की। उन्होंने 234 गेंद की पारी में 14 चौके लगाए। जिम्बाब्वे के लिए आइंस्ले नाडलोवु ने दो जबकि डोनाल्ड तिरिपानो, चार्ल्टन शुमा, विक्टर नयाउची और सिकंदर रजा ने एक-एक विकेट लिए।

शशि कपूर की फिल्म न्यू देहली टाइम्स का आएगा सीक्वल

मुम्बई। अभिनेता शशि कपूर की फिल्म न्यू देहली टाइम्स का सीक्वल बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। फिल्मकार रमेश शर्मा इसके लिए फिर से निर्देशन में लौट रहे हैं और लेखक एवं निर्देशक खालिद मोहम्मद इसकी कहानी लिखने वाले हैं। मम्मो , सरदारी बेगम और जुबेदा जैसी फिल्में लिख चुके खालिद ने ट्विटर पर यह जानकारी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने लिखा, मेरे दोस्त रमेश शर्मा न्यू देहली टाइम्स के सीक्वल का निर्देशन करेंगे, जो कि मीडिया और राजनीति के बीच सांठगांठ पर आधारित होगी। मैं इसकी कहानी लिख रहा हूं। मुख्य कलाकारों का चयन किया जा रहा है। शशि कपूर अभिनीत 1986 में आई न्यू देहली टाइम्स में शर्मिला टैगोर, ओम पुरी और कुलभूषण खरबंदा जैसे कलाकार भी थे। शशि कपूर को इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। बतौर निर्देशक यह शर्मा की पहली फिल्म थी, जिसके लिए उन्हें इंदिरा गांधी पुरस्कार मिला था। गुलजार इस फिल्म के लेखक थे।

फिल्म सूर्यवंशी 24 मार्च को होगी रिलीज

मुम्बई। महाराष्ट्र के सिनेमाघरों में चौबीसों घंटे फिल्में दिखाए जाने की अनुमति देने के राज्य सरकार के फैसले के बाद फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म सूर्यवंशी को पहले निर्धारित तारीख से तीन दिन पहले 24 मार्च को रिलीज करने का निर्णय किया है। फिल्म पहले 27 मार्च को रिलीज होने वाली थी जिसमें अक्षय कुमार एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आएंगे और कटरीना कैफ भी इसमें नजर आएंगी। राज्य सरकार ने पिछले महीने ही दुकानों, भोजनालयों और मॉल में सिनेमाघरों को चौबीसों घंटे खुले रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। रोहित शेट्टी ने फिल्म का टीजर इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, भारत में पुलिसकर्मियों की पहली दुनिया... अब शुक्रवार की जगह मंगलवार को रिलीज होगी और मुम्बई में चौबीसों घंटे दिखाई जाएगी। उन्होंने लिखा, फिल्म सूर्यवंशी के साथ मुम्बई के सिनेमाघर चौबीस घंटे खुले रहेंगे।

दमदार कॉमेडी वाली प्रेम कहानी

समलैंगिकता की थीम पर बनी फिल्म देखने की वैसे तो किसी की रुचि नहीं होगी , इसके अलावा यदि दो पुरुष लोगों को एक दूसरे का चुंबन लेते दिखाया जाए, वो भी एक बार नहीं दो बार, तो रुचिकर होने की बात जाने दीजिये, ये दृष्य और भी भयावह बन जाता है, हालांकि सरकार ने धारा 277 को असंवैधानिक घोषित करते हुए इसे अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया है। लेकिन समाज को अभी समलैंगिकता की सच्चाई से सामंजस्य बैठाने में समय लगेगा। उनके मस्तिष्क में आज भी ये सामान्य प्यार के रूप में स्थापित नहीं हो सका है।

लेकिन आयुष्मान खुराना जो इसमें कार्तिक बने हैं, फिल्म में सही ही कहते हैं, 'ये नॉर्मल क्या होता है? हम इतने दिनों से पुरुष और स्त्री के बीच की प्रेम कहानियों को देखते हुए ही बड़े हुए हैं। हम जैक एंड जिल की कविता को रटते हुए बड़े हुए हैं, कविता में जैक और जॉनी क्यों नहीं था। हम सभी को अपने से ये सवाल करना होगा। पचास साल पहले तो लोगों को बताने पर भी विष्वास नहीं होता कि एक दिन बिनातार वाले एक यंत्र के माध्यम से लोग आपस में बात कर सकेंगे। लेकिन आज हमारे हाथों में स्मार्ट फोन है ये एक सच्चाई है और यही सामान्य बात भी है। लोग कुत्ते और बिल्लियों से भी प्यार करते हैं और उनके लिए संपत्तियां भी छोड़ जाते हैं। क्या हम ऐसे लोगों को पागल या कुछ और नकारात्मक शब्द से संबोधित करते हैं? क्या हम उनसे घृणा करने लगते हैं? दो समान लिंग के लोगों के बीच प्यार क्यों नहीं हो सकता और इसे सामान्य क्यों नहीं कहा जा सकता और परिवार ऐसे प्यार को क्यों स्वीकार नहीं कर सकते?

फिल्म में खुराना का चरित्र सही ही कहता दिखाई देता है: रोज़ हमें लड़ाई लड़नी पड़ती है ज़िंदगी में पर जो लड़ाई परिवार के साथ होती है वो सारी लड़ाई बहुत बड़ी और खतरनाक होती है। फिल्म 'शुभमंगल ज्यादा सावधान'...हमारी ऐसे नब्ज़ पर

हाथ रखती है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया क्योंकि ये बॉलिवुड द्वारा अब तक बनाई गईं सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रेम कहानी है। इससे पहले 2013 में आई फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में ही एक अच्छी प्रेम कहानी देखने को मिली थी। यदि फिल्म के निर्देषक हितेष केवलिया ने फिल्म को वैलेंटाइन डे पर रिलीज़ किया होता तो अच्छा होता क्योंकि फिल्म समलैंगिकता पर न होकर दो ऐसे लोगो के बीच प्यार पर आधारित है जिनके बीच गहन प्यार है और उनके साथ रहने की जरूरत है बजाय इसके कि दो ऐसे लोग साथ रहें जिनके बीच प्यार का नामोनिषान नहीं होता। फिल्म में शंकर त्रिपाठी बने गजराज राव और उनकी पत्नी सुनैना का चरित्र कर रही नीना गुप्ता के बीच हंसी-मज़ाक से भरपूर संवाद हैं। वैसे ही राव और कार्तिक के बीच भी हास्यपूर्ण संवाद है और यही कारण है कि फिल्म को एक अच्छी और स्तरीय कॉमेडी फिल्म कहा जा सकता है। खुराना के चरित्र को जिस तरह से उकेरा गया है वो फिल्म को और भी असाधारण बनाता है। वो जिस तरह से गुलाबी दुपट्टा ओढ़े, केप पहने नाक में रिंग पहनकर छत से चिल्लाकर कहते हैं कि शंकर त्रिपाठी समलैंगिकता का विरोधी है, वो बस देखते ही बनता है।

इसके अलावा फिल्म को सभी अभिनेताओं तथा अभिनेत्रियों के श्रेष्ठ अभिनय के लिए भी जाना जाएगा। खुराना ने एक बार पुन: दिखा दिया है कि उन्हें श्रेष्ठ अभिनेता क्यों माना जाने लगा है। उनका व्यवहार, और अभिव्यक्ति का ढंग एकदम सटीक है और देखने योग्य है। उन्हें फिल्म का आधार कहा जा सकता है। इसके अलावा अमन त्रिपाठी बने जीतेंद्र कुमार कार्तिक के पार्टनर बने हैं जो खुराना का प्यार बने हैं। राव, नीना और मनुऋषि चड्ढा और मानवी गागरू के अभिनय के बारे में यही कहा जा सकता है कि सबने अपनी भूमिकाएं पूरी सटीकता के साथ की हैं। और यही कारण है कि फिल्म एक अच्छी और हास्यपूर्ण प्रेम कहानी के रूप में उभरने में सफल रही है। लेकिन यदि आप समलैंगकता से किसी प्रकार की घृणा या विरोध रखते हैं तो और बात है!

शुभमंगल ज्यादा सावधान

मुख्य कलाकार: आयुष्मान खुराना, जीतेन्द्र कुमार, गजराज राव, नीना गुप्ता

रेटिंग: 7.5/10

खूब पसंद किया जा रहा है लॉरेन का नया गाना

पवन सिंह के गाने में कमरिया हिला रही लॉरेन गोटलिब एक जबरदस्त डांसर और ऐक्ट्रेस हैं। लॉरेन इन दिनों अपने नए गाने *कमरिया हिला रही हैं* के कारण चर्चा में हैं जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। उनका यह गाना 24 फरवरी को यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। इस गाने में वह भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह के साथ नजर आ रही है। अपने गाने के रिलीज होने की जानकारी लॉरेन ने भी अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैन्स को दी है। लॉरेन ने अमेरिकी डांस बेस्ड रियलिटी शो सो यू थिंक यू केन डांस से लोकप्रियता हासिल की है। इन्होंने अपना बॉलिवुड डेब्यू फिल्म एबीसीडी से किया था। इस फिल्म के निर्देशक रेमो डिसूजा हैं। अमेरिकी रियलिटी शो सो यू थिंक यू केन डांस में लॉरेन रिहाना, ब्रिटनी स्पियर्स, मारिया केरे, शकीरा जैसे सितारों के साथ काम कर चुकी हैं। वे इंडियन टीवी शो झलक दिखला जा सीजन-6 में दूसरे स्थान पर रही थीं। लॉरेन ने फिल्म एबीसीडी के लिए कड़ी मेहनत कर हिंदी सीखी ताकि वह हिंदी सिनेमा में खुद को बेहतर तरीके से साबित कर पाए। इस फिल्म में उन्होंने मुंबई की एक लड़की रिया की भूमिका निभायी थी। लॉरेन अपने शूट से वक्त निकलकर सोशल मीडिया पर भी सुपर ऐक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर अक्सर लॉरेन अपनी दिलकश तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। उनकी ये तस्वीरें लॉरेन के फॉलोअर्स के बीच काफी पसंद की जाती हैं। बता दें कि इंस्टाग्राम पर लॉरेन के 2.4 मिलियन फालोअर्स हैं।

हॉरर जैसा कुछ भी नहीं

फिल्मी विधाओं के बीच फिल्म बनाने का एक ऐसा भी जॉनर है बॉलिवुड को जिसमें फिल्म बनाने का प्रयास नहीं ही करना चाहिये। इनमें से पहला है हास्य फिल्म। वीरदास ने सही कहा है: भारतीयों ने स्वयं पर हंसने की कला को अब तक नहीं सीखा है। दूसरा है भय जिस जॉनर बनी है हमारी ये भूत पार्ट वन: द हॉन्टेड शिप। एक समय था जब बॉलिवुड ने महल तथा बीस साल बाद जैसी श्रेष्ठ हॉरर फिल्मों का निर्माण किया था। इसके बाद आया रामसे ब्रदर्स का दौर। जिसमें भूत तो था लेकिन डर नामक तत्व का इसमें पूर्ण अभाव था। इसमें वो बात नहीं थी जैसा डर डैमियन ने ओमेन में दिखाया था। एक बात तो सबको समझनी चाहिये कि रात में हर चीज के गिरने-पड़ने और तरह तरह की आवाजें आने को डर नहीं कहा जा सकता। इस फिल्म में भी कुछ कुछ ऐसा ही देखने में आया है। भानुप्रताप सिंह ने एक अभिषप्त जहाज को अपनी कहानी का आधार बनाया है जिसके बारे में पहले से ही भुतहा होने की खबरें थीं। फिल्म में जहाज के क्रू के हर सदस्य द्वारा आत्महत्या करना, और जिस तरह से भूत ने अपने षिकार को दस साल से संभाल के रखा है उससे लगने लगता है कि भूत को भगाने के लिए ओझा की

भूत पार्ट वन: द हॉन्टेड शिप

मुख्य कलाकार: विकी कौशल, भूमि पेडनेकर, आशुतोष राणा

रेटिंग: 3/10

नहीं बल्कि किसी मनोचिकित्सक की आवश्यकता होगी।

एकमात्र विकी कौशल ने ही इस फिल्म में प्रभावी अभिनय किया है। वो अब तक उरी और मनमर्जियां जैसी श्रेष्ठ कथानक वाली फिल्में करते आए हैं ऐसे में प्रष्न ये उठता है कि उन्होंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद भी इसे किस कारण से चुना होगा? ये भी एक विडंबना ही कही जाएगी कि इंडस्ट्री में लगभग दो दषक का समय बिता चुके दमदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले अभिनेता आशुतोष राणा ने फिल्म को किस आधार पर साइन किया होगा?

कहानी के अनुसार फिल्म के चरम अर्थात क्लाइमेक्स को भी काफी ढीला रखा गया है। अब यदि निर्देशक ने फिल्म का अंत बाहुबली के अंतिम दृश्य से प्रेरित होकर वैसा ही करने की सोची थी तो कहना ही होगा कि वो इसमें पूरी तरह से असफल रहे हैं। यदि हॉरर फिल्म को यदि आप किसी भी दषा में देखते ही हैं, तभी आप आप फिल्म के लिए थियेटर में पधारें।

लव आज कल में अपनी भूमिका से संतुष्ट हैं आरुषि

बॉलिवुड ऐक्टर कार्तिक आर्यन की दीवानगी लड़कियों के बीच बढ़ती जा रही है लेकिन उनकी ही फिल्म लव आज कल की अभिनेत्री आरुषि शर्मा कहती हैं कि उनका क्रश कार्तिक आर्यन नहीं बल्कि दीपिका पादुकोण के पति रणवीर सिंह हैं। अभिनेता रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण स्टारर निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म तमाशा में एक छोटा सा किरदार निभाने वाली आरुषि शर्मा को दूसरी फिल्म लव आज कल मिली। कार्तिक आर्यन और सारा अली खान स्टारर यह फिल्म भले बॉक्स ऑफिस की खिड़की पर तवज्जो न मिली हो लेकिन फिल्म में सेकंड लीड का किरदार निभा रहीं आरुषि शर्मा की जमकर तारीफ हो रही है। लोग उनके अभिनय के कायल हो गए हैं। दर्शकों को उनकी सादगी और बोलती आंखों पसंद आ गई हैं। लव आज कल में आरुषि और कार्तिक की जोड़ी 90 के दशक के प्यार को दिखाती है। आरुषि ने कहाकि मैंने अपनी फिल्म लव आज कल के अधिकतर रिव्यू पढ़े हैं। मुझे लोगों का बहुत प्यार मिला है। लोगों ने मुझे अपना लिया है। सभी लोगों को शुक्रिया कहूंगी। बहुत खुश और संतुष्ट हूं मैं। मेरे काम की तारीफ हो रही है। उल्लेखनीय है कि आरुषि हिमाचल प्रदेश की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि जब मैं जब इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी तो उस दौरान इम्तियाज अली सर हमारे कॉलेज में अपनी फिल्म तमाशा की रेकी के लिए आए थे। वह एक छोटे से किरदार के लिए नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। बहुत लोगों के साथ मैंने भी मस्ती-मस्ती में ऑडिशन दे दिया और मैं सिलेक्ट भी हो गई। मुझे तमाशा में रणबीर कपूरजी के साथ काम करने का मौका मिला। छोटा सा रोल था लेकिन मेरे लिए अब तक वह किरदार खास है। मैंने तमाशा में सयुंक्ता का किरदार प्ले किया था। इस फिल्म के बाद मुझे ऐक्टिंग से प्यार हो गया और मैं हर तरह के ऑडिशन देने लगी। लगातार ऑडिशन देने के बाद मेरे हाथ लव आज कल लग गई। आरुषि ने कहाकि कार्तिक आर्यन मेरे क्रश नहीं हैं लेकिन वह बहुत बेहतरीन इंसान जरूर हैं। एक दोस्त के रूप में कार्तिक बहुत बढ़िया हैं। बॉलिवुड में मेरा क्रश रणवीर सिंह हैं क्योंकि उनकी एनर्जी बड़ी यूनिक है। इतनी एनर्जी मैंने किसी इंसान में हर समय नहीं देखी है। मैं रणवीर से पहली बार फिल्म तमाशा की स्क्रीनिंग में मिली थी। मैं जानती हूं कि वह शादी शुदा हैं पर मेरा क्रश तो वही हैं।

मैं नवोदित कलाकार की तरह महसूस कर रही हूं : भाग्यश्री

भाषा। मुंबई

फिल्म मैंने प्यार किया से सबके दिल में जगह बनाने वाली अदाकारा भाग्यश्री करीब एक दशक बाद फिर फिल्म जगत में वापसी करने जा रही हैं और उनका कहना है कि वह अब भी नवोदित कलाकार की तरह महसूस कर रही हैं। भाग्यश्री ने 1989 में सलमान खान अभिनीत मैंने प्यार किया से अपनी बॉलीवुड पारी की शुरुआत की थी। आखिरी बार वह 2010 में आई फिल्म रेड अलर्ट द वॉर विदिन में नजर आई थीं। वह इस साल कन्नड फिल्म सीताराम कल्याण से लौट रही हैं। इसके बाद वह फिल्म किट्टी पार्टी , 2 स्टेट्स के तेलुगू रीमेक और अभिनेता प्रभास की एक फिल्म में भी नजर आएंगी, जिसका नाम संभवत: प्रभास 20 हो सकता है। भाग्यश्री ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हर फिल्म में लोगों को भाग्यश्री का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। मैं इसका आनंद उठा रही हूं क्योंकि मुझे अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिल रहा है। बहुत कुछ नया सीखने के कारण मुझे एक नवोदित कलाकार की तरह महसूस हो रहा है। उन्होंने जल्द एक हिंदी फिल्म करने की जानकारी भी दी लेकिन उसके निर्माता के आधिकारिक घोषणा करने से पहले उन्होंने अधिक जानकारी देने से मना कर दिया। भाग्यश्री को कैल्सिफिक टेंडिनाइटिस की शिकायत के चलते काम से दूरी बनानी पड़ी थी।